दीपावली विशेष

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ



*धर्म, परंपराएं और मर्यादाएं कभी धुंधली नहीं होतीं। सत्य का भाव सनातन हैं, युग बदल सकते हैं पर सत्य की चेतना नहीं बदलती। दीपावली आज भी राम की स्मृति और मानस की गूंज के बिना अधूरी मानी जाती है। दीपावली का उजाला मर्यादा पुरुषोत्तम राम की महिमा से होता है। श्रीराम की स्मृति से जगमगाता है, जिनकी कथा तुलसीदास ने रामचरितमानस में गढ़ी। डिजिटल युग ने भले किताबों को स्क्रीन में बदला हो, पर राम की महिमा और मानस का आकर्षण पहले से कहीं अधिक फैल रहा है। हर साल रामचरितमानस की लाखों प्रतियां छपती हैं, दीप जलाने से पहले मानस पाठ की परंपरा गांवों से लेकर महानगरों तक जीवित है, मानो राम की कथा आज भी दीपावली की लौ के साथ नया विस्तार पा रही हो। दीपावली का यह अंक रामचरित मानस की अमर यात्रा के नाम। रामचरित मानस की ऐसी कहानियां और परंपराएं जो जताती हैं कि वक्त बदल सकता है लेकिन वक्त सत्य के भाव को नहीं बदल सकता। दीपावली की शुभकामनाएं।*

### रामचरितमानस की अमर यात्रा

- अब तक प्रकाशित प्रतियां 4 करोड़ से ज्यादा, हर साल छपती हैं 12–15 लाख प्रतियां
- यूरोप, अमेरिका, खाड़ी देश, पाकिस्तान, बांग्लादेश, म्यांमार और इंडोनेशिया समेत दर्जनभर देशों में आपूर्ति
- छपाई से पहले होती है: 15 मिनट की आरती, जूते पहनकर प्रवेश निषिद्ध
- मानस को जमीन पर नहीं रखते, रैक पर विराजती हैं













**राम की महिमा...** हर साल 12 लाख से अधिक प्रतियों की मांग, अब तक 4 करोड़ प्रतियां छापीं

15 भाषाओं में प्रकाशित होती है रामचरित मानस, मुस्लिम देशों से भी आती है मांग, रिसर्च भी

# रामचरित मानस की इतनी मांग, गीता प्रेस छाप नहीं पा रहा, मशीनें पड़ रहीं कम

गोरखपुर से हरिभूमि के लिए सुभाष गुप्ता

*राम कथा कलि बिधि बिधिसमाना।*
*सुनत श्रवण पाइअ अधिक बखाना॥*

तुलसीदास जी की यह पंक्तियां आज के समय को सटीक रूप से अभिव्यक्त करती है। कलयुग में रामकथा ही विधि (धर्म) के समान मानी गई है, इसलिए इसकी महिमा समय की धारा में क्षीण नहीं होती। जब दुनिया मोबाइल स्क्रीन में सिमट रही है, तब रामचरितमानस की अमर यात्रा अनवरत जारी है। यह केवल पुस्तक नहीं, लोक-आस्था की वाणी है। इसी कारण इसकी प्रतियों की छपाई, वितरण और साधना अब भी निरंतर बढ़ रही है। हाल यह है कि राम चरित मानस की मांग के आगे मशीनें भी थक जाती हैं। गीता प्रेस, गोरखपुर के प्रबंधक लालमणि तिवारी हरिभूमि से कहते हैं, हमने अब चार करोड़ से ज्यादा प्रतियां रामचरितमानस की छापी हैं। हर वर्ष 12 से 15 लाख नई प्रतियां प्रकाशित होती हैं। कई बार ऐसा होता है कि मांग के आगे मशीनें थक जाती हैं। त्योहारों और धार्मिक अवसरों पर राम की कथा को लाखों लोग उसे अपने घर, आसन शेष पेज 4 पर



### 15 भाषाओं में प्रकाशित होती है रामचरित मानस

श्री तिवारी बताते हैं कि रामचरितमानस को केवल हिंदी में ही नहीं बल्कि कई अन्य भाषाओं में प्रकाशित किया जा रहा है। हिंदी, संस्कृत, बंगाली, मराठी, गुजराती, अंग्रेजी, उर्दू सहित लगभग 15 भाषाओं में उपलब्ध है। यह पहल न सिर्फ भाषा की बाधाओं को तोड़ती है बल्कि विभिन्न समुदायों तक श्रीराम के संदेश को पहुंचाने शेष पेज 4 पर

### शोध, साधना और साहित्य तीनों एक साथ

गीता प्रेस के कर्मचारी अपने दैनिक कार्य को भी एक तपस्या मानते हैं। यहां सुबह और शाम नियमित रूप से आरती होती है। प्रेस के अंदर जूते पहनकर प्रवेश करना निषिद्ध है। जो कर्मचारी पुस्तक पैकिंग और वितरण विभाग में कार्यरत होते हैं, वे पुस्तकों को अत्यंत श्रद्धा शेष पेज 4 पर

छपाई से पहले पूजा-पाठ सामूहिक आरती, नंगे पैर होता है कामकाज



### जमीन पर नहीं रखते रामचरित मानस

श्री तिवारी का कहना है कि रामचरित मानस हमारे और हमारे साथी कर्मचारियों के लिए केवल किताब नहीं है। वह साक्षात श्रीराम का रूप है। छपाई के बाद रामचरित मानस को जमीन पर नहीं रखा जाता। रैक बनाए गए हैं, छपाई के बाद रामचरित मानस को रैक में रखा जाता है और उसके बाद जहां भेजा जाना है वहां भेज दिया जाता है। प्रयास रहता है कि छपाई से लेकर आपूर्ति तक रामचरित मानस की पवित्रता और सम्मान बना रहे।

### यूरोप ही नहीं, मुस्लिम देशों से भी मांग

भारत के अलावा गीता प्रेस की रामचरितमानस की सबसे अधिक आपूर्ति विदेशों में होती है। खासतौर पर अमेरिका, कनाडा, यूके और अन्य यूरोपीय देशों में भारतीय समुदाय के बीच इसकी मांग बहुत अधिक है। इसके अलावा पाकिस्तान, बांग्लादेश, म्यांमार और अन्य मुस्लिम देशों में भी गीता प्रेस की रामचरितमानस की आपूर्ति की जाती है। इसका उद्देश्य सिर्फ धार्मिक ग्रंथ पहुंचाना ही नहीं बल्कि श्रीराम के संदेश और भारतीय संस्कृति का प्रचार करना भी है।

## दान करई कल्यान...

*प्रगट चारि पद धर्म के, कलि महुं एक प्रधान।*
*जेन केन बिधि दीन्हें, दान करई कल्यान...*

धर्म के चार चरण प्रसिद्ध हैं,सत्य, दया, तप और दान। जिनमें से कलि में एक दान रूपी चरण ही प्रधान है। जिसे किसी प्रकार से भी दिए जाने पर दान कल्याण ही करता है। जो हम देते हैं, वही हम पाते हैं। दान अर्थात देने का भाव,अर्पण करने की निष्काम भावना।

*सो धन धन्य प्रथम गति जाकि, धन्य पुन्य रत मति सोइ पाकी।।*
*धन्य घरी सोई जब सतसंगा, धन्य जन्म द्विज भगति अभंगा।।*

वह धन धन्य है जिसकी पहली गति होती है, जो दान देने में व्यय होता है। वही बुद्धि धन्य और परिपक्व है, जो पुण्य में लगी हुई है। वही घड़ी धन्य है, जब सत्संग हो और वही जन्म धन्य है, जिसमें ब्राह्मण की अखंड भक्ति हो।

## 'हरिभूमि' की तीन देशों इंडोनेशिया, मलेशिया व वियतनाम से स्पेशल रिपोर्ट

सभी समुदायों, सभी पंथों और सभी देशों में बहने वाले हमारे राम...राम जीवन हैं, राम ही संसार

# हमारे राम... सबके राम

**मधुरिमा राजपाल** ⏭ **भोपाल।** राम एक शब्द नहीं बल्कि एक अभिव्यक्ति है, एक शक्ति है, जो कण कण में मौजूद है। राम एक विचार है जो शुद्धता और समृद्धता के प्रतीक के रुप में केवल भारत में ही नहीं बल्कि विश्व के अनेकों देशों में मर्यादा पुरुषोत्तम के रूप में पूजे जाते हैं। ऐसे ही मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम की सार्वभौमिकता को दर्शाता दीपावली का त्यौहार जिसमें जहां एक ओर मां लक्ष्मी का पूजन होता हैं तो वहीं दीपावली पर्व श्री राम के चौदह वर्ष के वनवास के बाद अयोध्या वापस आने के उत्सव के रुप में भी मनाया जाता है। दीपावली के पावन पर्व पर 'हरिभूमि' ने विदेशों में रहने वाले राम भक्तों से चर्चा में श्री राम के प्रति उनकी आस्था और भावना को जाना। जिसमें इंडोनेशिया, मलेशिया, वियतनाम के रहने वालों ने मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की गाथा को न केवल अपनी भाषा, अपने शब्दों में पिरोकर बताया बल्कि ये लोग श्रीराम और उनके जीवन से जुड़े अंशों से इतने अधिक प्रभावित हुए कि भगवान राम की गाथा को नृत्य, गीत संगीत में पिरोकर रामलीला के एक अंश के रुप में विश्व भर में प्रस्तुत करते हैं।

**इंडोनेशिया की प्रो.देवी यूलियांति**

## 'सीता की खोज' नृत्य नाटिका को बहासा इंदोनेसिया में प्रस्तुत करती हैं



मैं कुछ वर्षों पहले भारत दौरे के समय इस्कॉन मंदिर, बांके बिहारी टैंपल और अयोध्या गई तो वहां मैंने लोगों में श्रीराम के प्रति अपार श्रद्धा, भक्ति देखी जिसे देख लगा कि श्रीराम को जानना होगा और फिर मैंने रामायण और गीता का अंग्रेजी अनुवाद पढ़ा, और जाना श्रीराम का जीवन, जिसमें मुझे सबसे ज्यादा सीता माता के किरदार ने प्रभावित किया, जिन्होंने अपने पति मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के लिए महलों का एशोआराम त्याग दिया और वन-वन भटकीं, और फिर मैंने रामायण में श्रीराम के किरदार पर अपनी भाषा में 'सीता की खोज' की रचना की, और इसकी प्रस्तुति 2017 से देश-विदेश में देती आ रही हूं। यह कहना है इंडोनेशिया की रहने वाली प्रो.देवी यूलियांति का, जिन्होंने 'सीता की खोज' नाम से रामलीला के एक अंश पर नृत्य नाटिका तैयार की और इसे वो इंडोनेशिया की भाषा, बहासा इंदोनेसिया में प्रस्तुत करती हैं। प्रो.देवी यूलियांति इस नाटिका को अपने सात इंडोनेशियन साथियों के साथ प्रस्तुत करती हैं और अभी तक 20 देशों में इसकी प्रस्तुति दे चुकी हैं साथ ही अपने देश में सैकड़ों बार श्रीराम को आदर्श रुप में स्थापित करती इस प्रस्तुति को दिखा चुकी हैं।

### रामायण का प्रमाण 'ककविन रामायण' नामक ग्रंथ में समाहित

उन्होंने बताया कि रामायण भारत से धर्म और संस्कृति के साथ इंडोनेशिया पहुंची, इसका प्रमाण 'ककविन रामायण' नामक ग्रंथ से मिलता है, जो प्राचीन जावा भाषा में मध्य जावा स्थित मेदांग साम्राज्य (732-1006 ई.) के समय लिखा गया। इसके अतिरिक्त बाली का रामकवच भी इसका साक्ष्य है। बाद के काल में, इस कथा को पर्यटन को ध्यान में रखकर 1961 में जीपीएच जति कुसुमो ने सेंद्रातारी रामायण (रामायण नृत्य-नाट्य) के रूप में प्रस्तुत किया।

**मलेशियाई रामायण मलय रूपांतर 'हिकायत सेरी राम' के माध्यम से लोकप्रिय**

## मलेशियन भाषा मलय में रामलीला की प्रस्तुति, दुनियाभर में मंचन

मलेशिया में हम भगवान राम को केवल एक दिव्य पुरुष ही नहीं, बल्कि धर्म, कर्तव्य और करुणा के प्रतीक के रूप में देखते हैं। इसलिए, हम भगवान राम को मूल्य निष्ठ, सत्य, त्याग और नेतृत्व के साथ साथ धर्म के रक्षक के प्रतीक के रुप में पूजते हैं। यह कहना है मलेशिया के रहने वाले कुनारत्नम वेलाउथम का। कुनारत्नम कहते हैं कि मैं 10 वर्षों से भी अधिक समय से रामलीला कर रहा हूं, श्रीराम के इसी रुप को आधार बनाकर मैंने सात लोगों का एक ग्रुप बनाया है और हमारा यह सात लोगों का ग्रुप मलेशियन भाषा मलय में रामलीला की प्रस्तुति देता आ रहा हैं, सिर्फ हमारे देश में ही नहीं बल्कि विश्व के अनेकों देशों में हम रामलीला के माध्यम से राम की सत्य की पराकाष्ठा को जन-जन तक पहुंचाने का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि हमारे द्वारा प्रस्तुत रामलीला में कभी मैं तो कभी मेरे साथियों ने श्रीराम, लक्ष्मण और जटायु जैसी भूमिकाएं निभाकर उनके जीवन के भावों और गहराई को समझा, जाना और उसी को अपना जीवन आधार बनाया। उन्होंने बताया कि मलेशियाई रामायण के मलय रूपांतर, 'हिकायत सेरी राम' के माध्यम से भी राम कथा लोकप्रिय है, जिसमें हमने अपने सांस्कृतिक तत्वों को शामिल किया हैं, हमारे यहां तमिल हिंदू मंदिरों में भगवान राम, सीता, लक्ष्मण और हनुमान जी की दैनिक पूजा, भजन, कीर्तन, नृत्य और रामनवमी व दिवाली जैसे वार्षिक आयोजनों में भगवान राम की गाथा बड़े ही धूमधाम से शेष पेज 4 पर

मलेशिया के कुनारत्नम वेलाउथम



### श्रीराम का कभी राजनीतिकरण नहीं हो सकता

उन्होंने कहा कि कई बार हमारे देश में सांप्रदायिक रुप से गलतफहमियां पैदा करने की कोशिश की जाती है, लेकिन मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का कभी राजनीतिकरण नहीं हो सकता, राम सत्य है, अटल है और शाश्वत हैं, जिनके जीवन को आधार बनाकर कई लोगों की नैया पार हुई है और मेरी व मेरे साथियों की भी क्योंकि हम श्रीराम पर आधारित नृत्य नाटिका ही प्रस्तुत नहीं करते बल्कि उससे अपने जीवन को जीने की सीख भी लेते हैं। हमारे लिए श्रीराम की गाथा को हमारी ही भाषा में प्रस्तुतिकरण करने का आशय राम के प्रति हमारी श्रद्धा को दर्शाना है। तो इस प्रकार मैं कह सकता हूं कि मलेशिया में हम लोगों के लिए भगवान राम सिर्फ एक देवता नहीं, बल्कि एक मार्गदर्शक पथ प्रकाशक हैं।

**वियतनाम के सन काओ थांग**

## रामायण का खमेर संस्करण 'रीम केर' में हम मुखौटे से समझाते हैं श्रीराम कथा



भारत से आया रामायण का खमेर संस्करण 'रीम केर' में श्रीराम की कथा को आधार बनाकर उस पर मुखौटा नृत्य प्रस्तुत किया जाता है। मुखौटा नृत्य करने का उद्देश्य श्रीराम की गाथा को केवल हमारी वियतनामी भाषा में ही प्रस्तुत करना नहीं बल्कि राम को आधार बनाकर उन्हें अपनी भाव-भंगिमाओं और नृत्य के अविरल प्रवाह के रूप में कथा रूप में प्रस्तुत करना है। मैं और मेरी टीम इस कथा को आधार बनाकर रीम केर की प्रस्तुति करीब 10 सालों से अधिक समय से देती आ रही हैं और साल दर साल राम के प्रति हमारी आस्था गहरी होती जा रही है। यह कहना है वियतनाम के कलाकार सन काओ थांग का। थाच होआंग ताई, सन किम हा, सन मिन्ह वु राम पर आधारित अपनी प्रस्तुति केवल अपने देश वियतनाम में ही नहीं बल्कि दुनियाभर में दे चुके हैं।

### राम कथा को एक भाषा-एक देश में नहीं बांधा जा सकता है

उन्होंने बताया कि रोबाम एक प्राचीन पारंपरिक मुखौटा-नृत्य-नाटक है, जो न केवल एक अनूठी प्रदर्शन कला है बल्कि गहरा ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व रखने वाली अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर भी है, जिसमें हम राम कथा को प्रदर्शित करते हैं। क्योंकि, श्रीराम केवल ईश्वरीय शक्ति का ही प्रतीक नहीं है बल्कि बुराई पर अच्छाई के प्रतीक के रुप में उन्हें पूजा जाता है और बुराई तो हर जगह व्याप्त है इसलिए शेष पेज 4 पर

भोपाल, सोमवार 20 अक्टूबर 2025 ■ कार्तिक मास कृष्ण पक्ष -14 ■ वर्ष : 12, अंक : 201 ■ पृष्ठ : 18 मूल्य : 4.00 ** मौसम अधि. 29 न्यून. 19 haribhoomi.com

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



कठिन और गरीब हालातों से उठे विद्यार्थी इन्हीं हालातों से आए नए बच्चों की प्रतिभा को दे रहे धार

# है 'दीया' ही बहुत रोशनी के लिए

*इस नवाचार से एम्स, आईआईटी, मैनिट, दिल्ली विश्वविद्यालय, एक्सीलेंस, बीएचयू सहित देश के विभिन्न संस्थानों में पढ़ाई करने वाले विद्यार्थी जुड़े हुए हैं। इसके अलावा शासन-प्रशासन में सेवाएं दे रहे सफल पूर्व विद्यार्थी भी जुड़े हुए हैं।*

10वीं 11वीं और 12वीं के विद्यार्थियों की रोजाना विषयवार एक क्लास लेने आते हैं ये पूर्व विद्यार्थी

शिवाजी नगर स्थित शासकीय सुभाष उत्कृष्ट उ.मा. विद्यालय के पूर्व विद्यार्थियों और प्राचार्य की पहल ला रही रंग

दिवाली विशेष



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पूर्व विद्यार्थी, जो 12वीं उत्तीर्ण होने के बाद देश के प्रसिद्ध संस्थानों में स्नातक-स्नातकोत्तर की पढ़ाई कर रहे हैं या फिर पढ़ाई पूरी करने के बाद देश के बड़े संस्थानों, शासन-प्रशासन में अपनी सेवाएं दे रहे हैं, वह अपने स्कूल के बच्चों को सफलता के मंत्र बताते हैं। यहां तक कि काउंसलिंग के साथ उनके दैनिक जीवन में आने वाली समस्याओं का भी समाधान करते हैं। विषय चयन करना हो या फिर किसी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी बच्चे अपने स्कूल के सफल पूर्व विद्यार्थियों को फोन करते हैं और उन्हे मिलता है समाधान। यह पहल राजधानी के शिवाजी नगर स्थित शासकीय सुभाष उत्कृष्ट उमा विद्यालय के पूर्व विद्यार्थियों और प्राचार्य सुधाकर पाराशर ने की है। ताकि यहां पढ़ने वाले विद्यार्थी अपना बेहतर परिणाम देने के साथ ही अपनी हर समस्या का समाधान अपने स्तर पर ही कर सकें। खास बात ये है कि जो सफल विद्यार्थी हैं वे भी कठिन गरीबी से लड़े और पढ़े और अब उन्हीं हालातों से जूझते बच्चों को पढ़ा रहे हैं

**आओ लौटाएं वहां जहां हमने कुछ प्राप्त किया:** नवाचार को लेकर जानकारी साझा करते हुए शासकीय सुभाष उत्कृष्ट उमा विद्यालय के प्राचार्य सुधाकर पाराशर ने बताया कि इस नवाचार को हमने सुभाष एसोसिएशन ऑफ नोबल स्कॉलर्स नाम दिया है। मेरा मानना है कि प्रत्येक विद्यार्थी की यह भावना होनी चाहिए कि आओ लौटाएं वहां जहां हमने कुछ प्राप्त किया।



सुधाकर पाराशर





प्राचार्य व शिक्षकों के साथ दीप जलाते विद्यार्थी

## 2022 में हुई शुरूआत, अब 100 से ज्यादा पूर्व विद्यार्थी पढ़ा रहे

शासकीय सुभाष उत्कृष्ट उमा विद्यालय के प्राचार्य सुधाकर पाराशर बताते हैं कि इस नवाचार शुरूआत 2022 में की गई। विचार आया कि पूर्व विद्यार्थियों की मदद से स्कूल में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को मदद करने के साथ ही जेई, नीट सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की बेहतर तैयारी कराई जाए। ऐसे में स्कूल से उत्तीर्ण होकर अपने लक्ष्य को प्राप्त करने वाले सफल विद्यार्थियों से संपर्क किया और फिर पूर्व विद्यार्थी इस पहल से जुड़ते गए। वर्तमान में 100 से अधिक विद्यार्थी इस नवाचार से जुडे हुए हैं, जो अपने समय के अनुसार स्कूल में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को गाइड करते हैं और उनकी पढ़ाई सहित अन्य समस्याओं का समाधान करते हैं। पाराशर बताते हैं कि विषय, रूचि के अनुसार, एक पूर्व विद्यार्थी के साथ स्कूल के 5 से 10 विद्यार्थियों के मोबाइल नंबर साझा किए गए हैं। यह विद्यार्थी पूर्व विद्यार्थी से संपर्क कर सकते हैं। अब तक स्कूल के 1 हजार से अधिक विद्यार्थी इस नवाचार के माध्यम से लाभ ले रहे हैं।

शा.सुभाष उत्कृष्ट उ.मा. विद्यालय





वे विद्यार्थी जो इनसे पढ़ रहे हैं

### कहते हैं ये पूर्व विद्यार्थी

## एक पूरी पीढ़ी को गढ़ने का सौभाग्य मिला है हमें

### बहुत अच्छा लगता है

जब भी समय मिलता है हम स्कूल में जाते हैं। चूकी इसी स्कूल में पढ़ाई की है, स्कूल की व्यवस्थाओं का पूरा अनुभव है। उसी माहौल में रहे हैं। विद्यार्थियों की जरूरत और समस्याओं को बखूबी समझते हैं। ऐसे में उनकी भावनाओं को समझने के साथ ही उनकी प्रत्येक समस्या का समाधान आसानी से कर पाते हैं। विषयों की तैयारी कराते हैं। बहुत अच्छा लगता है।



**डॉ. अभिषेक पटेल**, पूर्व विद्यार्थी

### इनको सक्षम बनाना है

वर्तमान में मैं मैनिट में चतुर्थ वर्ष का विद्यार्थी हूं। 2022 में इसी विद्यालय से 12वीं उत्तीर्ण की है। हमारा उद्देश्य हमारे स्कूल के छोटे भाई-बहनों का मार्गदर्शन करना और परीक्षाओं के साथ व्यक्तिगत जीवन में आने वाली परेशानियों के लिए उन्हे सक्षम बनाना है। हमारे स्कूल के विद्यार्थी हमें संपर्क कर अपनी समस्या का समाधान पाते हैं इससे हमें बहुत खुशी मिलती है।



**अजय शर्मा**, पूर्व विद्यार्थी

### सहयोग करके बहुत अच्छा लगता है

मैंने शासकीय सुभाष उत्कृष्ट उमा विद्यालय से पढ़ाई की है और आज वहीं के विद्यार्थियों को पढ़ाई और उनकी अन्य समस्याओं में सहयोग करके बहुत अच्छा लगता है। मैं हमीदिया में एमबीबीएम की इंटरर्नशिप कर रहा हूं। विद्यार्थियों के पास हमारे मोबाइल नंबर है। जब भी उन्हे हमसे कोई मदद चाहिए होती है वह हमें फोन लगाते हैं। इसके अलावा समय-समय पर हम स्कूल भी आते हैं, जहां विद्यार्थियों से चर्चा भी होती है और उनकी समस्याएं भी हल होती हैं।



**डॉ. प्रिंस नामदेव**, पूर्व विद्यार्थी

### विद्यार्थियों की समस्याओं का समाधान करते हैं

मैंने शासकीय सुभाष उत्कृष्ट उमा विद्यालय से 2022 में कक्षा बारहवीं 91.4 प्रतिशत अंको के साथ उत्तीर्ण की थी। फिलहाल मैनिट में तृतीय वर्ष का छात्र हूं। हमें हमारे प्राचार्य द्वारा स्कूल के नवाचार के बारे में जानकारी दी गई है। जिसके बाद हम विद्यार्थियों से जुड़े है और उनकी समस्याओं का समाधान करते हैं। इसमें विद्यार्थियों प्रतियोगियों परीक्षाओं की तैयारी सहित अन्य सुझाव भी दिए जाते हैं। यह बहुत अच्छा है कि हम हमारे स्कूल के लिए कुछ कर रहे हैं।



**कुणाल पवार**, पूर्व विद्यार्थी

### पढ़ाई में होती है आसानी

मैंने सीबीएसई स्कूल को छोड़कर यहां पर कक्षा 11वीं कॉमर्स में प्रवेश लिया है। यहां पर हमारे सीनीयर्स जो यहां से पढ़कर अब बेहतर संस्थानों में सेवाएं दे रहे हैं, उनके द्वारा भी मार्गदर्शन किया जाता है। हमारी छोटी-छोटी समस्याओं से लेकर विषय चयन सहित पढ़ाई से संबंधित अन्य जानकारी भी उनके साथ हम साझा कर पाते हैं, जिसका हमें तुरंत समाधान मिलता है।



**अथर्व देशमुख**, विद्यार्थी

### बारीकियां भी हमें समझाई जाती हैं

मैं कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा हू और सीए बनना चाहती हूं। मेरे स्कूल में हमारे सीनीयर्स समय-समय पर आते हैं और हमारा मार्गदर्शन करते हैं। प्रतियोगी परीक्षा में किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए, यह बारीकियां भी हमें समझाई जाती है। इसके साथ ही 11वीं 12वीं की पढ़ाई के दौरान कैसे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करें, यह भी बताया जाता है। इससे हमें पढ़ाई में आसानी होती है।



**जयश्री राजपूत**, विद्यार्थी

### हर समाधान मिलता है

मैं कक्षा बारहवीं की छात्रा हू और मेरा विषय बॉयोलॉजी है। मैं भोपाल के पास स्थित बैरसिया से यहां छात्रावास में आई हूं। हमें बारहवीं में बेहतर तैयारी के साथ आगे कॉलेज स्तर पर किन बातों का ध्यान रखना है, यह हमारे शिक्षक और स्कूल के पूर्व विद्यार्थी बताते हैं। स्कूल में ही प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी भी कराई जाती है। इसके साथ अन्य समस्याओं का समाधान भी मिलता है।



**रूपमिता गुर्जर**, विद्यार्थी

### टाइम मैनेजमेंट तक पढ़ाया जाता है

मैं कक्षा बारहवीं की छात्रा हू और मेरा विषय गणित है। मैं इसके बाद यूपीएससी की तैयारी करना चाहती हूं। इसके लिए हमारे स्कूल के शिक्षकों और स्कूल के ही पूर्व विद्यार्थियों से हमें मदद मिलती है। विषय चयन और प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए किन बातों का हमें ध्यान रखना है, यह हमें बताया जाता है। कैसे तैयारी की जाए और समय मैनेजमेंट किया जाए यह सब बताया जाता है।



**संस्कृति पच्चीसिया**, विद्यार्थी

### हमें बहुत खुशी मिलती है

मैंने 2019 में शासकीय सुभाष उत्कृष्ट उमा विद्यालय से कक्षा बारहवी पास की थी। इसके बाद आईआईटी बीएचयू से बीटेक करने के बाद अब विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कराता हूं। शासकीय सुभाष उत्कृष्ट उमा विद्यालय के नवाचार से भी जुड़ा हुआ हूं। हम स्कूल के विद्यार्थियों से समय-समय पर मिलते हैं और उनकी समस्याओं का समाधान करते हैं। इससे हमें बहुत खुशी मिलती है कि हम हमारे स्कूल के लिए बेहतर कार्य कर रहे हैं।



धीरज पाटीदार, पूर्व विद्यार्थी

## खबर संक्षेप

### मुंबई के झवेरी बाजार में बिका 36 टन सोना

**मुंबई।** धनतेरस के अवसर पर शनिवार को मुंबई के प्रसिद्ध झवेरी बाजार में करीब 36 टन सोने की बिक्री हुई। इसमें सिक्कों और गोल्ड बार की खरीदारी में उल्लेखनीय वृद्धि देखने को मिली। सोने की कीमत में 5000 रुपए की गिरावट के बाद ग्राहकों का रुझान बढ़ा। इससे कुल कारोबार में तेजी आई। इस बार चांदी की बिक्री भी मजबूत रही, जबकि सोने के गहनों की बिक्री में थोड़ी कमी आई। देशभर में लगभग 50,000 करोड़ का कारोबार होने का अनुमान है।



### जारी हुआ जेईई मेंस एग्जाम का शेड्यूल

**नई दिल्ली।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की ओर से जॉइंट एंट्रेंस एग्जाम परीक्षा तिथियों की घोषणा कर दी गई है। जो उम्मीदवार इंजीनियरिंग कोर्स में दाखिला लेने के लिए एनटीए जेईई मेंस 2026 परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं, वे एनटीए की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर जेईई मेंस एग्जाम शेड्यूल देख सकते हैं। एनटीए की ओर से जेईई मेंस परीक्षा का आयोजन दो चरणों में किया जाएगा। इसके साथ ही पहले और दूसरे चरण के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया जल्द ही शुरू की जाएगी।



### जबलपुर रेलवे स्टेशन पर शर्मनाक घटना

## समोसे का पेमेंट हुआ फेल तो वेंडर ने चलती ट्रेन से पैसेंजर को उतारकर उसकी घड़ी छीनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर स्टेशन पर समोसे के बदले में एक यात्री से उसकी घड़ी ले लेने वाले वेंडर के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया गया है। इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित होने के बाद रेलवे ने अब आरोपी वेंडर का लाइसेंस रद्द कर दिया गया है। वीडियो में देखा जा सकता है कि स्टेशन पर एक युवक समोसे खरीदने के लिए ऑनलाइन (यूपीआई) भुगतान का प्रयास करता है, जो विफल हो जाता है और इसी बीच ट्रेन भी चल पड़ती है। वीडियो में दिख रहा है कि युवक बगैर समोसे लिए जैसे ही ट्रेन की ओर जाने की कोशिश करता है, वेंडर उसका कॉलर पकड़ लेता है। मजबूरी में युवक हाथों से घड़ी उतार कर देने लगता है और वेंडर उसे रखकर कुछ समोसे उसे पकड़ा देता है। किसी ने इस घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाल दिया। रेलवे अधिकारियों के मुताबिक यह घटना जबलपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर पांच पर 17 अक्टूबर ▶▶ शेष पेज 4 पर

■ वीडियो वायरल होने के बाद वेंडर गिरफ्तार, लाइसेंस भी रद्द

◆ *यह घटना प्लेटफॉर्म नंबर पांच पर 17 अक्टूबर को शाम साढ़े पांच बजे हुई*



### वेंडर ने यात्री से दुर्व्यवहार की बात स्वीकार की

वेंडर ने पूछताछ में स्वीकार किया है कि ऑनलाइन भुगतान न होने पर उसने यात्री के साथ दुर्व्यवहार किया लेकिन बाद में उसकी घड़ी उसे लौटा दी। बयान में कहा गया कि वेंडर ने उस यात्री से दुर्व्यवहार की बात स्वीकार की है, जिसके बाद रेल सुरक्षा बल जबलपुर ने रेल अधिनियम की धारा 145 के तहत उसके खिलाफ मामला दर्ज किया है। पश्चिम मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हर्षित श्रीवास्तव ने बताया कि जिस लाइसेंस के तहत वह काम करता था, उसे रद्द किया जा रहा है। विक्रेता की पहचान संदीप गुप्ता के रूप में हुई है।

### पूर्व सांसद साध्वी प्रज्ञा ठाकुर का विवादित बयान

## बेटियां बात न मानें तो टांगें तोड़ दो बेटियों को कंट्रोल करने की नसीहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल की पूर्व सांसद प्रज्ञा ठाकुर एक बार फिर अपने बयान को लेकर चर्चा में हैं। इस बार उन्होंने बेटियों को कंट्रोल करने की नसीहत दी है। उन्होंने कहा है कि अगर बेटी किसी विधर्मी के यहां जाने की कोशिश करती है और आपकी बात नहीं मानतीं तो उसकी टांगें तोड़ देना। यह बयान उन्होंने भोपाल में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान दिया। उनके इस बयान के बाद कांग्रेस भाजपा पर हमलावर हो गई है और पार्टी पर नफरक फैलाने का आरोप लगा रही है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में प्रज्ञा ठाकुर कहती नजर आ रही हैं कि मन को मजबूत कर लेना और इतना मजबूत कर लेना कि अगर लड़की आपकी बात नहीं मानती और किसी विधर्मी के घर जाने की जिद करती है तो उसकी टांगें तोड़ने में भी कोई कसर मत छोड़ना। उन्होंने कहा कि जो संस्कारों से नहीं मानती, जो बातों से ▶▶ शेष पेज 4 पर



■ जो संस्कार नहीं माने, उसे ताड़ना देनी पड़ती है

### अब बदलेगी बाबा महाकाल की दिनचर्या

## 4 माह तक गर्म जल से स्नान करेंगे यह क्रम शिवरात्रि तक चलता रहेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उज्जैन

उज्जैन के महाकाल मंदिर में सभी त्योहारों को देशभर में सबसे पहले मनाने की परंपरा है। इसी परंपरा के तहत रविवार की सुबह भस्म आरती के दौरान रूप चौदस पर भगवान महाकाल का गर्म जल से स्नान कराया गया। इसके बाद पुजारी परिवार की महिलाओं ने भगवान को उबटन लगाकर और फुलझड़ी जलाकर दिवाली उत्सव की शुरुआत की। महाकाल मंदिर के पुजारी महेश गुरु ने बताया कि विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर में भस्म आरती के दौरान भगवान महाकाल को गर्म जल से स्नान कराया गया, जिसे अभ्यंग स्नान कहा जाता है। कार्तिक मास की चौदस से सर्दियों की शुरुआत मानी जाती है, इसलिए ठंड से बचाव के लिए भगवान महाकाल को गर्म जल से स्नान कराने की परंपरा है। अब ठंड के दिनों में प्रतिदिन भगवान का स्नान गर्म जल से ▶▶ शेष पेज 4 पर



■ थाईलैंड, बैंकॉक व मलेशिया से लाए फूल

### कैंसर और डायबिटीज के मरीजों के लिए उम्मीद भरी खबर

## भारत ने बनाया पहला स्वदेशी एंटीबायोटिक जानलेवा इन्फेक्शन पर मार करेगा असरदार

यह उन मरीजों के लिए बहुत मददगार साबित होगा, जिनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने एक बड़ी कामयाबी हासिल की है। देश ने अपना पहला स्वदेशी एंटीबायोटिक नैफिथ्रोमाइसिन बनाया है, जो जानलेवा श्वसन संक्रमणों से लड़ने में बहुत असरदार है। यह खास तौर पर कैंसर के मरीजों और अनियंत्रित डायबिटीज वाले लोगों के लिए एक उम्मीद की किरण है। केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह ने बताया कि इस एंटीबायोटिक को पूरी तरह से भारत ▶▶ शेष पेज 4 पर

अच्छी खबर



### 50,000 करोड़ रुपए का बजट

डॉ. सिंह ने अनुसंधान राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन को इस दिशा में एक बहुत बड़ा कदम बताया। इस फाउंडेशन के लिए अगले पांच सालों में कुल 50,000 करोड़ रुपए का बजट रखा गया है। इसमें से 36,000 करोड़ गैर-सरकारी स्रोतों से आएंगे। यह देश में रिसर्च और डेवलपमेंट (अनुसंधान और विकास) को बढ़ावा देने के लिए एक मजबूत आर्थिक सहारा देगा।

### भारत ने 10,000 से ज्यादा मानव जीनोम का सीक्वेंसिंग पूरा कर लिया

मंत्री ने यह भी बताया कि भारत ने 10,000 से ज्यादा मानव जीनोम (मानव शरीर की आनुवंशिक जानकारी) का सीक्वेंसिंग पूरा कर लिया है। अब उनका लक्ष्य इसे बढ़ाकर दस लाख तक ले जाना है। यह जेनेटिक रिसर्च (आनुवंशिक शोध) के क्षेत्र में एक बहुत बड़ी प्रगति है। उन्होंने बताया कि जीन थेरेपी (जीन के इलाज) के एक ट्रायल में 60-70% तक सुधार देखा ▶▶ शेष पेज 4 पर

# हरिभूमि

शुभ दीपावली

haribhoomi.com भोपाल, सोमवार 20 अक्टूबर 2025




**लक्ष्मीजी का पूजन मुहूर्त**

- स्थिर लग्न वृषभ शाम 6 :00 से 8 :20 बजे तक
- रात्रि 8 :20 बजे से 10 :55 बजे तक शुभ
- रात्रि 10 :50 बजे से 1 :30 बजे तक अमृत
- व्यावसायिक पूजन दोपहर 1.30 से शाम 6 .00 बजे तक








## इस बार दीपावली पर 71 वर्ष बाद बन रहे विशेष पांच महायोग

# हंस राजयोग, बुधादित्य योग व कलानिधि योग सहित पांच महासंयोग में आज मनाई जाएगी शुभ दीपावली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सुख-समृद्धि ऐश्वर्य का पर्व दीपावली सोमवार को हंस राजयोग, बुधादित्य योग, कलानिधि योग, सर्वार्थ सिद्धि योग के महासंयोग में मनाई जाएगी।

दीपावली पर्व दीपों की टिमटिमाहट के बीच मां लक्ष्मी हमारे घर-आंगन पधारेंगी और दीयों की रोशनी में घर-घर सुख-समृद्धि का उल्लास फैलेगा। राजधानी भोपाल सहित देशभर में दीपोत्सव के चलते मां लक्ष्मी के स्वागत के लिए पहले से तैयारियां पूरी हो गई हैं। चामुंडा दरबार के पुजारी गुरु पं. रामजीवन दुबे ने बताया कि इस बार दीपावली पर 71 वर्ष बाद पांच महासंयोग बन रहे हैं। जिनमें हंस राजयोग, बुधादित्य योग, कलानिधि योग, सर्वार्थ सिद्धि योग तथा आदित्य मंगल योग बन रहे हैं। इस महा संयोग में दीपावली पर्व काफी खास ▶▶ शेष पेज 4 पर

**आज अमावस्या तिथि का प्रारंभ दोपहर बाद 3:45 बजे से होगा**



फोटो जर्नलिस्टः जसप्रीत सिंह

**21 अक्टूबर को अमावस्या तिथि सायंकाल 5:55 बजे तक व्याप्त रहेगी**

### घरों में पूजन का शुभ मुहूर्त शाम 6 बजे से

पं. रामजीवन दुबे ने बताया कि दीपावली पर सोमवार को व्यावसायिक पूजन का समय दोपहर लगभग 1:30 से सायंकाल 6:00 बजे के मध्य उचित रहेगा। इस दौरान चर लाभ, अमृत चौघड़िया तथा स्थिर लग्न विद्यमान होगी। इस अवधि में खरीदारी करना भी बहुत शुभ रहेगा। घरों में पूजन का समय प्रदोष काल के समय संध्या में लगभग 6:00 से 8:20 बजे के मध्य उत्तम रहेगा। इस दौरान स्थिर लग्न एवं चर चौघड़िया रहेगी। निशीथ काल का समय रात्रि लगभग 8:20 से 10:55 बजे के मध्य का होगा। इस दौरान साधना आदि के लिए उचित समय रहेगा। महानिशा काल का समय रात्रि लगभग 10:50 से 1:30 तक रहेगा। पं. रामजीवन दुबे ने बताया कि दीपावली पर माता लक्ष्मी, भगवान गणेश तथा इंद्र, वरुण, यम, कुबेर आदि की पूजा करनी चाहिए। माता लक्ष्मी की विधिविधान से पूजा करने के बाद श्रृंगार अर्पण करना चाहिए। इसके बाद श्री लक्ष्मी सूक्त, श्री सूक्त, कनकधारा स्तोत्र और पुरुष सूक्त का पाठ करके मां लक्ष्मी के मंत्रों का जाप करने से माता लक्ष्मी की विशेष कृपा प्राप्त होती है। घर में सुख-समृद्धि आती है।


inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


### दिवाली पर्व की शुभकामनाएं

दिवाली के अवसर पर सुधि पाठकों, विज्ञापनदाताओं, एजेंसियों और हॉकर बंधुओं समेत सभी शुभचिंतकों को हार्दिक शुभकामनाएं।

### अवकाश

इस अवसर पर 20 अक्टूबर सोमवार और 21 अक्टूबर मंगलवार को हरिभूमि कार्यालय में अवकाश रहेगा। 23 अक्टूबर गुरुवार को आपका यह प्रिय अखबार आपके हाथों में होगा।

प्रधान संपादक

### खबर संक्षेप

#### पीएम मोदी नौसैनिकों के साथ मनाएंगे दिवाली

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी अपनी दिवाली हर साल देश के जवानों के साथ मनाते रहे हैं। इस बार वे



दिवाली नौसेना के जवानों के साथ मना सकते हैं। पीएम मोदी सोमवार को गोवा जा सकते हैं, जहां पर वे आईएनएस विक्रांत पर तैनात नेवी के जवानों के साथ देश का सबसे बड़ा सांस्कृतिक त्योहार मनाएंगे।



## रामनगरी में 'दिव्य दिवाली'

**26.17** लाख दीये जलाकर स्वागत

**गिनीज बुक में दर्ज हुआ रिकॉर्ड**

# अयोध्या पधारे प्रभुजी श्रीराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अयोध्या

प्रभु राजा राम अयोध्या पहुंच गए। उनके आगमन पर पूरी अयोध्या रोशनी से नहा उठी। दीपोत्सव पर अयोध्या के नाम दो विश्व कीर्तिमान दर्ज हुए। पहले में राम की पैड़ी के 56 घाटों पर 26 लाख 17 हजार 215 दीये जलाए गए। ड्रोन से दीपों की गणना के बाद गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की ओर से स्वप्निल दंगारीकर व कंसल्टेंट निश्चल बरोट ने नए कीर्तिमान की घोषणा की।

यह लगातार नौवीं बार विश्व रिकॉर्ड बना है। सीएम योगी आदित्यनाथ, प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही सहित अन्य इस अद्भुत व अविस्मरणीय क्षण के साक्षी बने। वहीं दूसरा रिकॉर्ड सरयू आरती का रहा, जिसमें ▶▶ शेष पेज 4 पर

*सीएम योगी आदित्यनाथ, प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही सहित अन्य इस अद्भुत व अविस्मरणीय क्षण के साक्षी बने*

**शाम को 5 बजे से 56 घाट रोशनी से नहाए ड्रोन से दीपों की गणना**



***दूसरा रिकॉर्ड सरयू आरती का रहा जिसमें एक साथ 2100 वेदाचार्यों ने हिस्सा लिया***

***मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामकथा पार्क के मंच पर श्रीराम का राजतिलक किया***

#### 10 हजार जवानों ने संभाली अयोध्या की सुरक्षा की कमान

दीपोत्सव को सकुशल संपन्न कराने के लिए लगभग 10 हजार जवानों ने सुरक्षा की कमान संभाली। खुफिया एजेंसियां विभिन्न स्वरूपों में इनपुट तलाशती रहीं। चप्पे-चप्पे पर पुलिस, पीएसी, आरएएफ के जवान मुस्तैद रहे। आयोजन सकुशल संपन्न होने पर ▶▶ शेष पेज 4 पर

#### 75 लोगों की टीम ने की दीयों की गणना

*गिनीज बुक की 75 सदस्यीय गणना टीम ने शनिवार को सरयू के 56 घाटों के दीये की गणना विश्वविद्यालय के पर्यवेक्षक, घाट प्रभारी, समन्वयक व गणना वॉलंटियर की मौजूदगी में की। दीये जलाने से पहले घाट पर तेल न गिरे, इसका विशेष ध्यान रखा गया। दीये में तेल डालने के बाद बाती के आगे वाले भाग पर कपूर का पाउडर लगाया गया। इससे स्वयंसेवकों को दीये प्रज्ज्वलित करने में आसानी हुई। हर घाट पर दीयों को प्रज्ज्वलित करने* ▶▶ शेष पेज 4 पर



**मंदाकिनी में लगाई डुबकी श्रीकामदनाथ परिक्रमा की**

## चित्रकूट के दीपावली मेले के दूसरे दिन करीब 10 लाख श्रद्धालु पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सतना/चित्रकूट

भगवान राम की तपोभूमि चित्रकूट में दीपावली मेले के अवसर पर भारी भीड़ उमड़ी। मेले के



दूसरे दिन 10 लाख से अधिक श्रद्धालु मंदाकिनी तटों पर पहुंचे और श्रीकामदगिरि की परिक्रमा की। इस आध्यात्मिक उत्सव के बीच मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आरोग्य धाम में मां मंदाकिनी के पंचवटी घाट पर दीपदान ▶▶ शेष पेज 4 पर

**सीएम डॉ. मोहन यादव ने दीपदान कर किया विकास का वादा**

#### धार्मिक पर्यटन और ग्रामीण पर्यटन का केंद्र बनाएंगे

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भगवान राम की इस तपोभूमि को धार्मिक पर्यटन और ग्रामीण पर्यटन का केंद्र बनाया जाएगा। उनकी प्राथमिकताओं में मंदाकिनी की स्वच्छता, उसे सदानीरा बनाए रखना, कामदनाथ के सुगमता से दर्शन और भक्तों को सरलता से भोजन- ▶▶ शेष पेज 4 पर

**इसरो को मिली बड़ी सफलता, 22 जुलाई 2019 को गए चंद्रयान मिशन ने एक बार फिर इतिहास रचा**

जब सूर्य का विशाल तूफान चंद्रमा से टकराया, तो उसका वातावरण फूल गया

## पहली बार दर्ज किया गया सौर विस्फोट का चंद्रमा पर प्रभाव




एजेंसी ▶▶ चेन्नई

चंद्रमा के दक्षिण ध्रुव पर उतरकर इतिहास रचने वाले चंद्रयान-2 ने एक बार फिर नई जानकारी जुटाई है। सूर्य के चांद पर पड़ने वाले असर का चंद्रयान-2 ने पता लगाया है।

इसरो ने इसकी जानकारी साझा की है। अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा कि इस अवलोकन से चंद्रमा के बाह्यमंडल, चंद्रमा के अत्यंत विरल वायुमंडल और उसकी सतह पर अंतरिक्ष मौसम के प्रभाव को समझने में मदद मिलेगी। इसरो ने बताया कि भारत के महत्वाकांक्षी मिशन चंद्रयान-2 के लूनर ऑर्बिटर ने अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में एक बहुत बड़ी और पहली बार देखी गई घटना दर्ज की है। चंद्रयान-2 पर लगे वैज्ञानिक उपकरण चेस-2 ने सूर्य से निकलने वाले कोरोनल मास इजेक्शन (सीएमई) के प्रभावों को चंद्रमा के बाह्यमंडल यानी उसके बेहद पतले वायुमंडल पर सीधे देखा है। चंद्रयान-2 के अवलोकनों से पता चला है कि जब सूर्य का यह विशाल तूफान चंद्रमा से टकराया, तो चंद्रमा के दिन के समय ▶▶ शेष पेज 4 पर

#### यह भविष्य के चंद्र आवासों के लिए चेतावनी



इसरो ने कहा कि इस अवलोकन से चंद्रमा के अत्यंत पतले वायुमंडल (लूनर एक्सोस्फीयर) की बेहतर समझ और अंतरिक्षीय मौसम के चंद्र सतह पर प्रभाव का अध्ययन संभव हो सकेगा। चंद्रयान-2 मिशन को 22 जुलाई 2019 को श्रीहरिकोटा से जीएसएलवी-एमके3-एम1 रॉकेट के जरिए लॉन्च किया गया था। यह मिशन आठ वैज्ञानिक उपकरणों के साथ गया था और 20 अगस्त 2019 को यह सफलतापूर्वक चंद्रमा की कक्षा में प्रवेश कर गया था। हालांकि 7 सितंबर 2019 को विक्रम लैंडर से संपर्क टूट गया था। लेकिन ऑर्बिटर निरंतर वैज्ञानिक डेटा भेज रहा है। इसरो ने यह भी कहा कि यह खोज वैज्ञानिक दृष्टिकोण ▶▶ शेष पेज 4 पर

**राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने सभी प्रदेशों में मुख्य सचिव को किया नोटिस जारी**

## फुटपाथ विक्रेता, फेरीवालों के चालान जुर्माना, माल जब्ती नहीं करने के निर्देश

हरिभूमिन न्यूज ▶▶ भोपाल

दीपवली के त्योहारी मौसम में नगर निगम द्वारा बाजारों में फुटपाथ पर अस्थाई व्यवसाय करने, फेरीवाले, सब्जी विक्रेताओं सहित अन्य दुकानों को हटाने की कार्रवाई को राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग ने केंद्र सरकार की वोकल फॉर लोकल पहल की भावना के विरुद्ध बताया है। ▶▶ शेष पेज 4 पर

***दीपावली के त्योहारी मौसम में लिया संज्ञान***

**मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधि और अधिकारियों से किया वर्चुअल संवाद**

## सभी प्रमुख सार्वजनिक स्थलों और गोशालाओं में गोवर्धन पूजा का आयोजन 'धूमधाम' से करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश की सांस्कृतिक, धार्मिक, सामाजिक विरासत को सहेजने के लिए 21 और 22 अक्टूबर को सभी जिलों के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों और गोशालाओं में गोवर्धन पूजा का आयोजन धूमधाम से किया जाए। इन आयोजनों में मंत्री, सांसद, ▶▶ शेष पेज 4 पर

***मंत्री, सांसद, विधायक, नगरीय निकायों के प्रतिनिधि होंगे शामिल***

**'आर्य युग विषय कोष विश्वकोश' के विमोचन कार्यक्रम में बोले आरएसएस प्रमुख डॉ. मोहन भागवत**

गुलाम मानसिकता की जड़ मैकाले ज्ञान प्रणाली

## हमारे पूर्वजों ने दुनिया को विज्ञान व संस्कृति सिखाई, उन्होंने न किसी का धर्मांतरण किया और न ही किसी पर विजय प्राप्त की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने रविवार को कहा कि प्राचीन काल में भारत के लोग



संस्कृति और विज्ञान का प्रचार प्रसार करने के लिए दुनिया भर में घूमे हैं।

भारत दुनिया भर में अपनी संस्कृति और विज्ञान के लिए जाना गया है, लेकिन कभी किसी पर न तो आक्रमण किया और न ही धर्मांतरण कराने में लिप्त हुए। डॉ. भागवत ने यह बात 'आर्य युग विषय कोष विश्वकोश' के विमोचन पर कही। डॉ. भागवत ने कहा कि ▶▶ शेष पेज 4 पर



#### मन और बुद्धि से हम विदेशी बन गए

डॉ. भागवत ने कहा कि मैकाले ज्ञान प्रणाली ब्रिटिश राज के समय भारत में लाई गई। इसकी शुरुआत अंग्रेजों ने 1835 में की ताकि भारतीयों को अपनी संस्कृति और ज्ञान से दूर करके अंग्रेजों जैसा सोचने वाला बनाया जा सके। मैकाले ने क्या बदलाव किया 1800 के दशक में थामस बबिंगटन मैकाले नाम के ब्रिटिश अधिकारी ने रिपोर्ट तैयार की, जिसमें कहा गया कि भारत के संस्कृत, फारसी, गुरुकुल प्रणाली में ज्ञान न के बराबर है। 1835 में अंग्रेजी शिक्षा अधिनियम के जरिए भारत में स्कूल-कालेजों का चलन शुरू किया गया और ▶▶ शेष पेज 4 पर

DILIP BUILDCON LIMITED
INFRASTRUCTURE & BEYOND

RERA : P-BPL-25-5564
RERA APPROVED

A landmark rising in the heart of Bhopal
Our vision: Re-development of Old Bhopal like never seen before!

STARLIGHT
TITANIA
Idgah Hills, Bhopal




PRESENTING
3&4 BHK PREMIUM APARTMENTS

DBL & STARLIGHT FAMILY WISHES YOU A HAPPY DIWALI



Rera : P-BPL-25-5564

PROXIMITY TO MAJOR LANDMARKS
Jain Mandir at **Walking Distance** | VIP Road **1 Km** | Railway Station **3 Kms** | Raja Bhoj Airport **7 Kms**

Promoter: Bhopal Redevelopment Realty Pvt. Ltd.
**Site Address: Near Jain Mandir, Main Road Idgah Hills, Bhopal**
**Call: 78801-21314, 99933-55500** www.starlightrealty.in | Follow us on @Starlightbydbl





न्यू मार्केट में पूजा के लिए लक्ष्मीजी की प्रतिमा पसंद करतीं युवतियां।

### 676 साल बाद बन रहा गुरु-शनि का शुभ योग

# दिवाली दुर्लभ योग वाली

### कर्क, वृश्चिक, मकर और मीन के लिए शुभ रहेगा समय

*गुरु पुनर्वसु नक्षत्र में रहेगा, इसका स्वामी गुरु ही है और शनि पूर्वाभाद्रपद नक्षत्र में रहेगा, इसका स्वामी भी गुरु ही है। गुरु उच्च राशि कर्क में है, शनि भी गुरु की राशि में है, गुरु की दृष्टि भी शनि पर है। इन शुभ योगों की वजह से देश में व्यापार की स्थिति बहुत मजबूत होगी। शत्रु देशों को बड़ी हानि हो सकती है। सोना और चांदी के दाम बढ़ते रहेंगे। कर्क, वृश्चिक, मकर और मीन राशि वालों को लाभ मिलने की संभावना है।*

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

इस बार दीपावली पर कई खास योग बन रहे हैं। इसमें शिव वास योग का संयोग बन रहा है। मां चामुण्डा दरबार के पुजारी रामजीवन दुबे ने बताया कि यह संयोग 84 साल बाद बन रहा है। इसके पहले साल 1941 में दिवाली के दिन शिव वास योग का संयोग बना था। गुरु ग्रह अपनी उच्च राशि कर्क में है। इसके साथ ही गुरु की दृष्टि शनि पर रहेगी।

शनि गुरु की राशि मीन में है। गुरु का उच्च राशि में होना और उसकी शनि पर दृष्टि, शनि का मीन राशि में होना एक शुभ योग है। पुजारी रामजीवन दुबे ने बताया कि ऐसा योग 2025 से 676 साल पहले 20 अक्टूबर 1349 को बना था। उस दिन भी सोमवार ही था। यानि तारीख, वार एक ही था। साथ ही उच्च के गुरु की दृष्टि, गुरु की राशि में शनि है। उच्च के गुरु के साथ, 18 अक्टूबर 2085 को दीपावली मनेगी और गुरु की दृष्टि मीन राशि में स्थित शनि पर रहेगी।

*वर्ष 1349 में भी यही थे तारीख, वार*

*84 साल बाद बन रहा शिव वास योग*

*गुरु ग्रह उच्च राशि कर्क में, साथ ही शनि पर रहेगी दृष्टि*


छोटी दीपावली पर दीप प्रज्जवलित करती राजधानी की युवतियां।

## राजधानी में वायु प्रदूषण कम करने छिड़काव में जुटे निगम के 3 फॉगर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

नगर निगम ने रविवार से वायु प्रदूषण को कम करने और अधिक धुएं वाले क्षेत्रों में पानी का छिड़काव रविवार से शुरू कर दिया। यह काम शनिवार तक चलेगा। इस काम में निगम ने तीन छोटे फागर, तीन बड़े फागर और तीन सीवर जेटिंग स्प्रे मशीनें लगाई हैं। सोमवार से 34 वाहन शहरभर में तैनात रहेंगे।






**जैकेट एक का शेष....**

## रामचरित मानस की....

और हृदय में स्थान देते हैं। गीता प्रेस ने दशकों से धार्मिक और संस्कृत साहित्य को आम लोगों तक पहुंचाने का कार्य किया है। रामचरितमानस की प्रतियों की बिक्री लगातार बनी हुई है और इसकी मांग हर साल बढ़ती जा रही है। खासकर त्योहारों और धार्मिक अवसरों पर इसकी बिक्री में विशेष उछाल आता है।

**श्रीराम, सीता, लक्ष्मण और हनुमान की आरती:** प्रबंधक लालमणि तिवारी कहते हैं कि गीता प्रेस गोरखपुर केवल एक प्रकाशन संस्था नहीं, बल्कि यह एक आध्यात्मिक साधना केंद्र की तरह कार्य करता है। यहां प्रत्येक पुस्तक की छपाई से पहले विधिवत पूजा-अर्चना की परंपरा है। श्रीरामचरितमानस, गीता या अन्य धार्मिक ग्रंथों के मुद्रण से पहले श्रीराम, सीता, लक्ष्मण और हनुमान जी की आरती की जाती है। मुद्रण विभाग में काम करने वाले कर्मचारी भी इसे एक "सेवा" मानते हैं, व्यवसाय नहीं। प्रेस के भीतर अत्यंत स्वच्छता और पवित्रता बनाए रखी जाती है। मशीनें चालू करने से पहले दीप प्रज्वलित किया जाता है, और पुस्तकों के मुद्रण के बाद उनका विमोचन किसी न किसी धार्मिक अनुष्ठान या सत्संग में किया जाता है।

### 15 भाषाओं में ....

में भी मदद करती है। रामचरित मानस केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं है, यह जीवन मूल्यों की स्थापना करती है। यही वजह है कि दुनियाभर में इस पर अनुसंधान होता है। गीता प्रेस सिर्फ प्रकाशन का केंद्र नहीं है, बल्कि यह अनुसंधान और अध्ययन के लिए भी जाना जाता है। देश और विदेश के शोधकर्ता और विद्वान यहां आते हैं ताकि वे श्रीराम और रामचरितमानस के साहित्यिक, धार्मिक और सांस्कृतिक पहलुओं का गहन अध्ययन कर सकें। गीता प्रेस में उपलब्ध साहित्य और पांडुलिपियां शोधकर्ताओं के लिए अमूल्य संसाधन हैं।

### शोध, साधना और....

के साथ रखते हैं। मानो वे स्वयं श्रीराम के वचन हों। यह अनुशासन ही गीता प्रेस की पहचान बन चुका है।

### मलेशियन भाषा मलय....

गाई जाती हैं। मैं कुआलालंपुर स्थित कृष्णन राम मंदिर जैसे मंदिर ब्रिकफील्ड्स में अक्सर रामायण पाठ सत्र और राम अष्टमी प्रदर्शन में शामिल हुआ हूं और इन्हीं को आधार बनाकर मेरी बनी टीम श्रीराम की गाथा को नृत्य नाटिका में पिरोकर प्रस्तुत करती है।

### राम कथा को ....

राम कथा को केवल भारत तक ही सीमित नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि एक प्रकार से राम को किसी एक देश या भाषा में सीमित करके नहीं रखा जा सकता, यह विषय नैतिक शिक्षा के रुप में भी सभी का पथ प्रदर्शन करती है तो वहीं हर एक युग में बुराई पर अच्छाई की विजय के उत्सव के रुप में दीपावली पर्व मनाया जाता है, जिसे हम कहते हैं अंत में सद्ण की विजया।

**जैकेट दो का शेष....**

## समोसे का पेमेंट...

को शाम साढ़े पांच बजे हुई। जबलपुर डिविजनल रेलवे मैनेजर (डीआरएम) एक्स पर किए गए इस पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि वेंडर की पहचान कर ली गई है तथा आरपीएफ ने मामला दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया है। साथ ही लाइसेंस को रद्द कर दिया गया है।

### बेटियां बात न मानें...

नहीं मानती, उसे ताड़ना देनी पड़ती है। उसके भले के लिए अगर आपको उसे मारना पड़े, पीटना पड़े तो पीछे मत हटिए क्योंकि माता-पिता जब प्रताड़ना देते हैं तो उसके भले के लिए देते हैं।

उन्होंने आगे कहा कि ऐसी बच्ची जो हटी है, संस्कारों को नहीं मानती, बड़ों की इज्जत नहीं करतीं और घर से भागने को तैयार हैं, उनके लिए सतर्क रहो। उन्हें मारकर पीटकर, समझा कर बुझाकर, प्यार से, जैसे भी हो घर से जाने मत दो।

### 4 माह तक गर्म...

कराया जाएगा। यह क्रम महाशिवरात्रि तक जारी रहेगा। पुजारी महेश गुरु ने बताया कि भगवान महाकाल मृत्युलोक के राजा माने जाते हैं। दिवाली पर्व पर भगवान को अन्नकूट का भोग लगाया जाता है।

भोग की थाली में विशेष रूप से मूली और बैंगन की सब्जी भी अर्पित की जाती है। दिवाली पर महाकाल मंदिर को देश-विदेश के फूलों से सजाया जाएगा।

थाईलैंड, बैंकॉक, मलेशिया के साथ भारत के बेंगलुरू, कोलकाता, दिल्ली और मुंबई से लाए गए एंथोरियम, लिली, कॉर्निशन, सेवंती और डेजी जैसे फूलों से बाबा महाकाल के आंगन को सजसुंदर बनाया जाएगा।

### भारत ने बनाया...

में ही सोचा गया, विकसित किया गया और क्लिनिकल तौर पर परखा गया है। यह भारत को दवा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक बहुत बड़ा कदम है। डॉ. जितेंद्र सिंह ने बताया कि नैफिथ्रोमाइसिन उन श्वसन संक्रमणों से लड़ने में सक्षम है, जिनके खिलाफ मौजूदा एंटीबायोटिक्स अब काम नहीं कर रही हैं।

यह उन मरीजों के लिए बहुत मददगार साबित होगा जिनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर है। इनमें कैंसर के मरीज या अनियंत्रित डायबिटीज से पीड़ित लोग शामिल हैं।

इस एंटीबायोटिक का विकास भारत के फार्मास्युटिकल क्षेत्र को और मजबूत करेगा और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देगा।

### भारत ने 10,000 से...

गया और खून बहने जैसी कोई समस्या नहीं हुई।

यह भारत के मेडिकल रिसर्च के लिए एक बहुत बड़ी सफलता है। इस एंटीबायोटिक से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दुनिया के प्रतिष्ठित न्यू इंग्लैंड जर्नल ऑफ मेडिसीन में छपी है।

यह दिखाता है कि भारत बायोमेडिकल इनोवेशन (जैविक नवाचार) में कितनी तेजी से आगे बढ़ रहा है और नेतृत्व कर रहा है।

**पेज एक का शेष....**

## हंस राजयोग, बुधादित्य...

रहेगा। ये योग सुख-समृद्धि और खुशहाली लेकर आएंगे। 20 अक्टूबर को अमावस्या तिथि का प्रारंभ दोपहर बाद 3:45 बजे से होगा।

21 अक्टूबर को अमावस्या तिथि सायंकाल 5:55 बजे तक व्याप्त रहेगी। 21 अक्टूबर को प्रदोष व्यापिनी और निशीथ काल व्यापिनी अमावस्या न होने से 20 अक्टूबर को दीपावली पर्व मनाया जाएगा। वाराणसी के सभी पंचांगों में 20 अक्टूबर को दीपावली मनाने का निर्देश दिया गया है। लेकिन, अन्य पंचांगों में सूर्यास्त के अनुसार 21 अक्टूबर को दीपावली मनाने का निर्देश है।

### अयोध्या पधारे 'प्रभु....

एक साथ 2100 वेदाचार्यों ने हिस्सा लिया। यह अनूठा रिकॉर्ड योगी सरकार ने दूसरी बार हासिल किया है। दीपोत्सव के इस दुर्लभ दृश्य को देखने के लिए देश के कोने-कोने से लोग उमड़े। बड़ी संख्या में लोग यहां मौजूद रहे। दीपोत्सव के बाद यहां भव्य आतिशबाजी और ड्रोन शो हुआ।

### *75 लोगों की ....*

के लिए कैंडल, माचिस, डंडे लगे कैंडल और अन्य सामग्री घाट के अनुसार निर्धारित दीयों की संख्या के अनुपात में एक ही बार में समन्वयकों को बांट दी गई थी। दीयों को प्रज्वलित करने वाले स्वयंसेवक व समन्वयक सूती कपड़ों में ही घाटों पर मौजूद रहे।

### 10 हजार जवानों....

सुरक्षा एजेंसियों ने राहत की सांस ली है। दीपोत्सव के लिए अयोध्या धाम की सुरक्षा व्यवस्था 18 जोन और 42 सेक्टर में बांटी गई थी। जिले के अलावा लखनऊ, गोरखपुर, कानपुर, वाराणसी जोन के पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया था। उधर, बीडीडीएस, एएस चेक टीम विभिन्न आधुनिक सुरक्षा उपकरणों के साथ इनपुट तलाशती रही। एंटी माइंस, बैगेज स्कैनर, सर्च लाइट आदि के साथ सर्च अभियान के तहत टीमें सक्रिय रहीं।

### चित्रकूट के दीपावली ...

कर प्रदेशवासियों के लिए सुख-समृद्धि की कामना की और उन्हें दीपावली की शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री का चित्रकूट दौरा इस बार विकास के बड़े वादे लेकर आया। उन्होंने आरोग्यम में संतों और प्रबुद्ध जनों के साथ संवाद करते हुए स्पष्ट किया कि चित्रकूट के प्राकृतिक सौंदर्य और ऐतिहासिक विरासत को सुरक्षित रखते हुए यहां का विकास लोगों के सुझावों पर आधारित होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीपावली मेले में दीवारी नृत्य कर रहे बच्चों को मिष्ठान और उपहार देकर प्रोत्साहित किया और साधु-संतों का सम्मान भी किया।

### धार्मिक पर्यटन और ...

प्रसाद उपलब्ध कराना शामिल है। मुख्यमंत्री ने होम स्टे को बढ़ावा देकर ग्रामीण पर्यटन और रोज़गार के नए अवसर सृजित करने पर भी बल दिया। उन्होंने इस बात की सराहना की कि विकास के लिए 163 स्थानों पर लोगों ने स्वेच्छा से अपने भवन तोड़कर ज़मीन उपलब्ध कराई है।

### पहली बार दर्ज ...

के बाह्यमंडल का कुल दबाव अचानक बढ़ गया। इसरो के मुताबिक चेस-2 ने रिकॉर्ड किया कि वातावरण में परमाणुओं और अणुओं का घनत्व दस गुना से भी अधिक बढ़ गया था। चंद्रयान-2 पहला मिशन है जिसने इसे वास्तव में होते हुए देखा है। यह घटना 10 मई 2024 को हुई जब सूर्य ने सीएमई की एक श्रृंखला अंतरिक्ष में फेंकी। चूंकि चंद्रमा के पास पृथ्वी की तरह कोई सुरक्षात्मक चुंबकीय क्षेत्र या सघन वायुमंडल नहीं है, इसलिए सीएमई के आवेशित कण सीधे चंद्रमा की सतह पर टकराए। इन कणों की टक्कर से चंद्रमा की सतह से बड़ी संख्या में परमाणु और अणु उछलकर बाह्यमंडल में मुक्त हो गए, जिससे वातावरण अचानक फूल गया।

### यह भविष्य के....

से चंद्रमा और अंतरिक्ष मौसम की समझ को आगे बढ़ाने के साथ-साथ भविष्य में चंद्रमा पर बनने वाले बेस (चंद्र आवासों) के लिए भी चेतावनी है।

### फुटपाथ विक्रेता, ...

इसे लेकर देशभर के सभी प्रदेशों के मुख्य सचिवों को नोटिस जारी करते हुए दो सप्ताह में जवाब-तलब किया है। एक शिकायतकर्ता की शिकायत पर सुनवाई करते हुए राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की पीठ, जिसकी अध्यक्षता सदस्य प्रियंक कानूनगो कर रहे हैं, ने मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम, 1993 की धारा 12 के तहत मामले का संज्ञान लिया है। यह मामला 17 अक्टॅबर को आयोग के समक्ष रखा गया था। आयोग ने उसका अवलोकन करने के उपरांत निर्देश दिए और मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम, 1993 की धारा 12 के तहत नोटिस देते हुए कहा कि मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम, 1993, ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी), भारत को देश में सभी मनुष्यों के अधिकारों की रक्षा और प्रचार की जिम्मेदारी सौंपी है और इसे मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम, 1993 की धारा 13 के तहत जांच के लिए सिविल कोर्ट की शक्तियां प्राप्त हैं।

### सभी प्रमुख सार्वजनिक...

विधायक, नगरीय निकायों और पंचायत प्रतिनिधियों सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि शामिल हों। स्थानीय स्तर पर सक्रिय सांस्कृतिक मंडलों को शामिल करते हुए कार्यक्रमों को उत्सव के रूप में मनाया जाए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रविवार को मुख्यमंत्री निवास से आगामी त्योहारों के संबंध में प्रदेश के सभी सांसद, विधायक, जिला कलेक्टर-पुलिस अधीक्षक-नगरीय निकायों के पदाधिकारी और अधिकारियों को वीसी के माध्यम से संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिवाली पर्व हम सबके लिए है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से आह्वान किया कि वे दीपावली पर वृद्धाश्रम, गरीब बस्तियों और अनाथ आश्रम जाकर उनके साथ दिवाली मनाएं। दिवाली के दूसरे दिन मजदूर मैदान, मजदूर हाट में जाकर श्रमिकों के साथ दिवाली की खुशियां साझा की जाएं।

### हमारे पूर्वजों ने...

कई आक्रमणकारियों ने भारत को लूटा और दास बनाया। आक्रमण करने वाले अंतिम आक्रमणकारियों (अंग्रेजों ने) ने हमारे मन को लूटा। जिससे हम अपनी ताकत और दुनिया के साथ साझा करने की क्षमता भूल गए। उन्होंने कहा कि हम सद्भावना और एकता का संदेश लेकर गए। उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वज मेक्सिको से साइबेरिया तक गए और दुनिया को विज्ञान व संस्कृति सिखाई। उन्होंने न किसी का धर्मांतरण किया और न ही किसी पर विजय प्राप्त की। उन्होंने कहा कि हम अपनी ताकत ही भूल गए और यह भी भूल गए कि हम दुनिया के साथ क्या साझा कर सकते हैं। डॉ. भागवत ने कहा कि आध्यात्मिक ज्ञान अभी भी फल-फूल रहा है और आर्यव्रत के वंशज होने के नाते हमारे पास विज्ञान, हथियार, शक्ति, सामर्थ्य, विश्वास और ज्ञान है।

### मन और बुद्धि ....

अंग्रेजी को मुख्य भाषा बना दिया गया। भारतीय शिक्षा प्रणाली को हुआ नुकसान भारतीय भाषाओं और पारंपरिक ज्ञान को दरकिनार किया गया। इससे पीढ़ियां अपनी जड़ों और संस्कृति से कट गईं। अंग्रेजी पर जोर देने से केवल धनाढ्य वर्ग को फायदा हुआ। गरीब और ग्रामीण बच्चे शिक्षा से वंचित रह गए। इससे समाज में असमानता बढ़ी। रचनात्मकता और गहराई के बजाए रटने और नौकरी केंद्रित शिक्षा को बढ़ावा मिला। डॉ. भागवत ने कहा कि हमारी शिक्षा भारतीय पद्धति से नहीं हुई। हमें मैकाले ज्ञान से पद्धति से शिक्षा मिली है। इसी वजह से हम भारतीय हैं, लेकिन मन और बुद्धि से हम विदेशी बन गए। अब हमें उस विदेशी प्रभाव से खुद को पूरी तरह मुक्त करना होगा। इसके बाद ही हम अपने ज्ञान और परंपरा तक पहुंच पाएंगे और उसे करीब से जान पाएंगे।

## ग्रीन पैराडाइज कप क्रिकेट प्रतियोगिता 2 नवंबर से ओल्ड कैंपियन मैदान पर

**भोपाल।** भोपाल संभाग क्रिकेट संघ (बीडीसीए) द्वारा लगभग पांच लाख इनामी राशि की पांचवीं



स्वर्गीय ठाकुर हुकुम सिंह स्मृति अखिल भारतीय ग्रीन पैराडाइज कप क्रिकेट प्रतियोगिता 2 नवंबर से आयोजित की जाएगी। शनिवार को इस टूर्नामेंट को लेकर एक बैठक का आयोजन भोपाल संभाग क्रिकेट संघ के कार्यालय में संघ के अध्यक्ष ध्रुव नारायण सिंह की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रतियोगिता इस वर्ष अखिल भारतीय स्तर की आयोजित की जाएगी, जिसमें लगभग पांच लाख रुपए की इनामी राशि खिलाड़ियों में वितरित की जाएगी।

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी एवं वन व्यवस्थापन अधिकारी बेगमगंज जिला रायसेन**

क्रमांक/780/ रीडर-1 बेगमगंज दिनांक 23.07.2025

**(उद्घोषणा)**

**(धारा-6 भारतीय वन अधिनियम 1927 के अंतर्गत)**

एतद् द्वारा सर्व संबंधित एवं ग्रामवासियो ग्राम नई गडिया पश्चिम प.ह.न. 58 ग्राम पंचायत नई गडिया तहसील बेगमगज, जिला रायसेन को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित भूमि को भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 4 के अनुसार मध्यप्रदेश शासन ने आरक्षित वन घोषित करने का विनिश्चय किया है। तदाशय की अधिसूचना मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण) में दिनांक 28.08.1970 को प्रकाशित की जा चुकी है। जिसमें वन की स्थिति एवं सीमाएं विनिर्दिष्ट की गई है। यह भूमि आरक्षित हो जाने पर किसी भी प्रकार का दखल, प्रवेश, उपयोग, मार्ग एवं चराई अधिकार, वनोपज संबंधी अधिकार, उत्खनन संबंधी अधिकार, कृषि आदि जीवकोपार्जन अधिकार बंद एवं प्रतिबंधित जो जावेगा। उल्लघन होने पर भारतीय वन अधिनियम 1927 वन संरक्षण अधिनियम 1980 एवं अन्य सुसंगत वन विधियों व विधानों के अतर्गत दण्डात्मक कार्यवाही की जा सकेगी।

अत: एतद्दवारा अपेक्षा की जाती है कि इस उद्घोषणा के प्रकाशन दिनांक से तीन माह के अन्दर कोई भी या समस्त हितग्राही व्यक्ति, पक्षकार आदि उपरोक्त कार्यालय में कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं वन व्यवस्थापन अधिकारी बेगमगंज जिला रायसेन के समक्ष उपस्थित होकर अपने अधिकार, दावाकृत प्रतिकार, स्वत्व आदि बावत् प्रमाणों, दस्तावेजो सहित लिखित सूचना, आपत्ति आदि प्रस्तुत करे तथा प्रमाणित करें। उक्त अवधि के पश्चात् प्राप्त आपत्तियो पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

उद्घोषणा आज दिनांक 23.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर से जारी।

अनुविभागीय अधिकारी एवं
वन व्यवस्थापन अधिकारी
अनुभाग बेगमगंज जिला रायसेन

जी -20449/25 स्वच्छता ही सेवा




हरिभूमि भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो.9977912473







**हरिभूमि**
**आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार, जाहिर सूचना**
@ Rs. 1200/- साइज (फिक्स) 12X4 cm
अन्य साईज में @ Rs. 40 sq.cm
1 अप्रैल 2025 से लागू
बुकिंग के लिए संपर्क करें। मो. 9977912473

**नाम परिवर्तन**

मैं मदन लाल सचदेव आत्मज द्वारका सचदेव निवासी 1432, मोची मोहल्ला, बैरागढ़, भोपाल शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि मेरा पुत्र मयंक सचदेव जो कि केन्द्रीय विद्यालय, बैरागढ़ भोपाल में कक्षा 6वीं में अध्ययनरत है। उसका प्रवेश के समय नाम MAYANK SACHIDEVA त्रुटिवश दर्ज करवा दिया गया था। जबकि मेरे पुत्र का सही व वास्तविक नाम MAYANK SACHDEV है। स्कूल अभिलेखों में मेरी पत्नी का नाम MEENA दर्ज है, जबकि मेरी पत्नी (मयंक सचदेव की माताजी) का सही व वास्तविक नाम मीना लोचा (MEENA LOCHA) है। यह कि अब मेरे पुत्र का नाम मयंक सचदेव (MAYANK SACHDEV) पढ़ा, समझा व मान्य किया जावें।

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे। - व्यावस्थापक

**Medical Help Line**
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644




प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

## राशिफल

**मेष** — वाणी में कठोरता के भाव रहेगा, संचित धन में कमी आ सकती है। प्रतियोगी परीक्षा व साक्षात्कार आदि कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**वृष** — धैर्यशीलता में कमी आ सकती है, अपनी भावनाओं को वश में रखें। पारिवारिक जम्मिेदारियां बढ़ सकती हैं। नौकरी में तरक्की के योग बन रहे हैं।

**मिथुन** — माता से धन की प्राप्ती हो सकती है। कला व संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परश्रिम की अधिकता रहेगी, आय में वृद्धि होगी।

**कर्क** — आत्मवश्विास में वृद्धि होगी, कुटुंब परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। उच्च शक्षिा एवं शोध आदि कार्यों के लिए विदेश प्रवास की संभावना बन रही है।

**सिंह** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे, संतान सुख में वृद्धि होगी। आय में कमी व खर्चों में वृद्धि की स्थिति हो सकती है।

**कन्या** — स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है, परंतु आत्मवश्विास में वृद्धि होगी। कार्यों के प्रति जोश व उत्साह रहेगा।पारिवारिक जम्मिेदारियां बढ़ सकती हैं।

**तुला** — वाणी में कठोरता का भाव रहेगा, बातचीत में संयत रहें। वस्त्रों आदि की ओर रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृश्चिक** — शैक्षिक व बौद्धिक कार्यों से यश व मान-सम्मान में वृद्धि होगी। जीवन साथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। राजनैतिक महत्वाकांक्षा की पूर्ति होगी।

**धनु** — कार्यक्षेत्र में परश्रिम की अधिकता रहेगी, संतान को कष्ट रहेगा। आत्मवश्विास में वृद्धि होगी। कला व संगीत के प्रति रूझान बढ़ेगा।

**मकर** — कार्यक्षेत्र में परिवर्तन संभव है, संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है। वस्त्रों व गहनों के प्रति रूझान रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कुंभ** — कुटुंब की किसी महिला से धन प्राप्ती के योग बन रहे हैं, भाइयों के साथ मनमुटाव हो सकता है। बातचीत में संयत रहें, वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे।

**मीन** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी, किसी मत्रि के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते हैं। परिवार में मान-सम्मान बढ़ेगा।

## शब्द पहेली - 6024



**बाएँसेदाएं**
1. मन मोहने वाला-5
5. प्रस्थान करना, रवानगी-5
9. राशिचक्र की दसवीं राशि-3
10. तेल में पकाना-3
11. प्रेम, प्यार-2
13. थोड़ा, जरा-2
14. मैं का बहुवचन-2
15. उम्मीद करना-5
18. धन, संपदा-2
19. पक्षियों की चहचहाट-4
20. अभिप्राय-4
21. सद्, अच्छा-2
22. दम, ताकत-2
23. प्रकाशवान-4
26. ठसाठस-4
29. माईल, दूरी नामपे की इकाई-2
30. क्रोधित होना-2,3
33. विदेशी शराब-2
34. झुका हुआ-2
35. भाग्य (अंग्रेजी-2)
36. आखेट मंच-3
38. खुजली-3
41. मनमोहकता-5
42. नाटक लिखने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. आकर्षक. चिताकर्षक-5
2. वैक्स, मधुज-2
3. अधिकार-2
4. फिल्म 'मदर इंडिया' की नायिका-4
5. जागरण-4
6. दीवार (अंग्रेजी-2)
7. मां के पिता-2
8. असफल-5
12. गर्भ, कोख-3
13. करामात-3
15. खातिरदारी -5
16. उद्देश्य-2
17. नामकरण-2,3
23. भूस्वामी-2,3
24. सही का विलोम-3
25. मृत्यु-2
27. इमामदस्ता-3
28. कांतिमान, चमकीला-5
31. उदारता, बड़प्पन-4
32. मालगोदाम-4
36. रत्न, नग-2
37. टी, चहा-2
39. याचिका, वाद (अंग्रजी-2)
40. वहम, संदेह-2

**शब्द पहेली -6023 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| का | ज | | आ | ग | | सा | थ | | सु | रा |
| ल | | ता | ना | | आ | स | | ख | ब | र |
| | ली | ला | | सा | या | | क | ल | ह | |
| म | न | | रा | त | | र | म | ल | | वि |
| स्ती | | फि | जा | | अ | ग | ला | | सा | दा |
| | शू | र | | की | च | ड़ | | ता | र | |
| कु | ल | | अ | म | ल | | ख | त | | मी |
| ली | | ग | ल | त | | प | ता | | जा | न |
| | दो | ज | ख | | क | ल | | ता | ल | |
| घा | य | ल | | दा | म | | उ | म्र | | मो |
| त | म | | प | ग | | कृ | ष्ण | | क | र |

**सूडोकु नवताल- 6034** ★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | 9 | | 6 | 1 | | 8 |
| 6 | 8 | | | | | | | |
| | 1 | 7 | 3 | 8 | | 4 | | |
| 3 | 4 | | 6 | | 7 | | | 9 |
| 5 | | 1 | 8 | | | 2 | | 7 |
| 2 | | | 5 | | 1 | | 8 | 4 |
| | | 3 | | 7 | 5 | 8 | 6 | |
| | | | | | | | 9 | 5 |
| 7 | | 6 | 2 | | 8 | | | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल- 6033 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 1 | 7 | 4 |
| 4 | 5 | 3 | 2 | 1 | 7 | 9 | 8 | 6 |
| 7 | 1 | 6 | 4 | 8 | 9 | 2 | 5 | 3 |
| 8 | 2 | 5 | 6 | 9 | 1 | 3 | 4 | 7 |
| 3 | 6 | 4 | 7 | 2 | 5 | 8 | 1 | 9 |
| 1 | 7 | 9 | 8 | 3 | 4 | 5 | 6 | 2 |
| 5 | 4 | 1 | 9 | 7 | 2 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 4 | 8 | 7 | 9 | 5 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 6 | 3 | 4 | 2 | 1 |

सभी देशवासियों को

दीपावली

की हार्दिक शुभकामनाएँ



"रोशनी का पवित्र पर्व दीवाली हमें याद दिलाता है कि प्रकाश हमेशा अंधकार पर विजय प्राप्त करता है और अच्छाई हमेशा बुराई पर जीत हासिल करती है। आइए, हम सभी अपने दिलों और घरों में प्रेम, भाईचारे और खुशहाली के दीप जलाएँ। दीवाली की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएँ।"

भगवंत सिंह मान
मुख्यमंत्री, पंजाब



स. भगवंत सिंह मान
मुख्यमंत्री, पंजाब

सूचना एवं लोक संपर्क विभाग, पंजाब



चौक बाजार में ग्राहकों की भारी भीड़ रही।


मोती मस्जिद रोड पर लगा ट्रैफिक जाम


न्यू मार्केट में मिठाइयां खरीदती महिला।


छोटी दीपावली पर बच्चों से आतिशबाजी कराती महिलाएं।

ग्राहकों से खचाखच रहे बाजार
सड़कों पर लगे ट्रैफिक जाम
मिठाई दुकानों पर रही भीड़
पटाखों के लिए शहरवासियों ने किया खूब खर्च

# इस बार 70 टन गेंदा फूल की खपत, 9 करोड़ से ज्यादा 'फला-फूला' कारोबार

हरिभूमि टीम ▶▶ भोपाल

इस बार दीपावली में 9 करोड़ रुपए से ज्यादा फूलों का कारोबार होने का अनुमान है। इसमें 70 टन से ज्यादा गेंदा फूल की खपत होगी। बाजारों में गेंदा, गुलाब और कमल फूल भरपूर आने के बाद भी इसके दाम आसमान छू रहे हैं। पिछले साल गेंदा फूल 70 रुपए किलो तक बिका था। वहीं इस साल इसकी कीमत 100 रुपए किलो तक पहुंच गई है। गेंदा मालाओं में गुलाब, कमल आम के पत्ते लगने से दाम 150 रुपए किलो तक जा पहुंचे हैं।

इस बार आर्टिफिशियल तोरण से ज्यादा असली फूलों का तोरण लुभा रहा है। फूलों की मांग दीपावली पर बढ़ गई। धनतेरस पर भी लोगों ने फूलों की खरीदी की, लेकिन दीपावली के दिन मांग ज्यादा बढ़ने की संभावना है। महंगे भाड़े से भी परेशानी बढ़ी है। फुटकर फूल विक्रेता कलावती ने बताया कि वह एक दिन में एक क्विंटल से ज्यादा फूल बेच चुकी हैं। फूल कारोबारी उमेश कलकरे ने बताया कि अक्टूबर तक चली बारिश से गेंदा की फसल को नुकसान हुआ है। हालांकि कारोबार अच्छा चल रहा है।


गेंदा फूल बेचती महिला।


न्यू मार्केट स्थित खेड़ापति हनुमान मंदिर में नरक चौदस पर दीपदान किया।

### गुलाब के दाम तीन गुना तक बढ़े

फूलों के राजा गुलाब के भी इस बार दाम सामान्य दिनों की तुलना में तीन गुना तक बढ़े हुए हैं। बाजार में गुलाब 270 रुपए किलो तक बिक रहा है। बढ़े दामों के चलते गुलाब के आवक और बिक्री दोनों में कमी देखी जा रही है।




गेंदा फूल विक्रेता

# दीपावली के एक दिन पहले भी दिखी स्टेशनों पर यात्रियों की भारी भीड़, बसें रही ओवरलोड

## सीट के लिए बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन पर यात्री करते रहे भागदौड़

दीपावली के त्यौहार पर देश और प्रदेश के अलग-अलग इलाकों से भोपाल आने-जाने वाले यात्रियों की संख्या बढ़ने से भोपाल स्टेशन और राजधानी के आईएसबीटी और नादरा बस स्टैंड पर भीड़ रही। दीपावली से एक दिन पहले रविवार को भी अन्य दिनों की अपेक्षा करीब दो गुना यात्री नजर आए। इसके चलते स्टेशनों व ट्रेनों में यात्री की भारी भीड़ देखने को मिली] वहीं बसें भी ओवरलोड नजर आई।

आईएसबीटी और नादरा बस स्टैंड पर यात्रियों की परेशानी का सामना करना पड़ा। दरअसल बस के स्टैंड पर आने पर यात्रियों को सवार होने सीट के लिए खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई यात्रियों को एक बस में जगह नहीं मिली। तो आधा घंटे इंतजार के बाद दूसरी बस में सवार होना पड़ा। साथ ही यात्रियों से बस संचालक द्वारा दो गुना अधिक किराया वसूला गया। इसके कारण यात्रियों ने नाराजगी जताई। कई स्टेशन और बस स्टैंड पर भागदौड़ करते रहे।


भोपाल स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था संभालते जवान।

### मंडल के सभी आरक्षण केंद्र आज सुबह 8 से दोपहर 2 बजे तक खुलेंगे

दीपावली और लक्ष्मी पूजा के अवसर पर रेलवे ने यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए भोपाल मंडल के सभी आरक्षण केंद्रों (पीआरएस) के समय में बदलाव किया है। मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक (सीनियर डीसीएम) सौरभ कटारिया ने बताया कि सोमवार (20 अक्टूबर) को सभी आरक्षण केंद्र रविवार की भांति संचालित होंगे। यानी इनका समय सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक रहेगा।



नादरा बस स्टैंड पर भी यात्रियों का हुजूम उमड़ा।


भोपाल स्टेशन पर ट्रेनों में यात्रियों की भारी भीड़ रही।

### ट्रेनें आ रही थी फुल, स्टेशन से सवार होने में यात्रियों को आया पसीना

रविवार को भोपाल से गुजरने वाली ट्रेनों में यात्रियों को सवार होने में खासी मशक्कत करनी पड़ी। दरअसल दीपावली से एक दिन पहले बड़ी संख्या में यात्री के सफर करने की वजह से यह स्थिति बन गई। इसके चलते पीछे से आने वाली ट्रेनें पूरी तरह से पैक होकर भोपाल पहुंच रही थी। ट्रेन से उतरने वाली यात्रियों की संख्या सवार होने वाली की संख्या अधिक होने से कई यात्रियों को ट्रेन में बैठने को लेकर खासी परेशानी का सामना करना पड़ा।

# महिलाओं ने मनाया रूप चौदस पर्व श्रद्धालुओं ने किया सुबह का स्नान

राजधानी में रूप चौदस पर्व रविवार को महिलाओं द्वारा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। महिलाओं ने समूह में अपने आपको को संवारकर बेहद उत्साह के साथ पर्व को मनाया।

इस पर्व के अवसर पर महिलाएं अपना रूप निखारने के लिए तरह-तरह के जड़ी-बूटी से बनी लेप व बेसन तथा मलाई आदि को अपने चेहरे पर लगाकर अपने रूप को निखारने के लिए घंटों इस कार्य में लगी रही। कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि इसका कोई धार्मिक पहलू तो नहीं है फिर भी आयुर्वेद शास्त्र के अनुसार ऋतु परिवर्तन के दौरान शरीर में बेसन का लेप करने से मनुष्य की त्वचा ऋतु में हो रहे बदलाव के अनुकूल परिवर्तित हो जाती है। शहर के विभिन्न स्थानों पर महिलाओं द्वारा पर्व का खूब आनन्द लिया एवं इसे सहेलियों के साथ उत्साह के साथ मनाया।


संतनगर में रूप चौदस पर दीपदान करती महिलाएं।

### नरक चौदस पर पुण्य लाभ के लिए स्नान

*दीपावली से एक दिन पूर्व नरक चौदस या रूप चौदस का त्योहार मनाया जाता है। पुजारी पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि शास्त्रों के अनुसार इस दिन सुबह के स्नान दान से पुण्य लाभ मिलता है। श्रद्धालुओं ने नदी व घाटों पर जाकर सूर्योदय से पहले स्नान किया।*

## दीपोत्सव पर्व की खुशियां बुजुर्गों के साथ मनाई

ओम शिव शक्ति सेवा मंडल (रजि) भोपाल के सचिव रिंकू भटेजा ने बताया कि बुजुर्गों की सेवा ही भोलेनाथ की सेवा के तहत मंडल सदस्यों ने दीपावली की पूर्व संध्या पर शाहजहांनाबाद स्थित आसरा वृद्धाश्रम में जाकर वहां रहने वाले वृद्धजनों के साथ दीपावली का पर्व मनाया। इस दौरान उनके साथ समय बिताकर आतिशबाजी की गई। इसके बाद उनको भोजन कराया गया और मिठाई बांट कर आशीर्वाद लिया गया।





### समता समाधान पार्टी ने जरूरतमंद बच्चों के संग दीप जलाकर मनाई दीपावली

दीपावली की पूर्व संध्या पर समता समाधान पार्टी ने बच्चों के साथ दीपावली मनाई। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक पवार ने बताया कि पार्टी के कार्यालय में दीपावली का पर्व मनाकर न केवल समाजसेवा का संदेश दिया, बल्कि प्रदेश की राजनीति में नई उम्मीद की किरण भी जगाई। जरूरतमंत बच्चों को जैसे ही फुलझड़ी और मिठाई बांटी गई, उनके चेहरे खुशी से खिल उठे।

### कैम्पियन स्कूल में उल्लास के साथ मनाई गई दीपावली

**भोपाल।** कैम्पियन स्कूल में सेकेंडरी सेक्शन ने दीपावली को बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। दीपावली छुट्टी से पहले आयोजित इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्रों ने विविध प्रस्तुतियों से माहौल को खुशनुमा बना दिया। लोकगीतों और नृत्यों की छठे कार्यक्रम की शुरुआत नृत्य और गीत से हुई। इसके बाद छात्रों ने राजस्थान, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और गुजरात जैसे विभिन्न प्रदेशों के लोकगीतों एवं नृत्यों की आकर्षक झलकियां प्रस्तुत कीं, जिनसे दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। रामायण नाटक और रैम्प वॉक शो संपूर्ण रामायण कथा का नाट्य रूपांतरण किया गया। एथेनिक वियर पर आधारित रैम्प वॉक शो ने दर्शकों की प्रशंसा बटोरी। कार्यक्रम में इंटर-हाउस प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। विजेताओं को प्राचार्य फादर डॉ. अथनस लकड़ा एसजे ने सम्मानित किया।

एम्स ने एहतियात बरतने जारी की एडवाइजरी

# *ताकि सुरक्षित हो सबकी दीपावली... पटाखों के छोटे टुकड़े या धूल के कण आंख में चले जाएं तो रगड़ें नहीं, तुरंत साफ पानी से धोएं*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सुरक्षित दीपावली का त्यौहर मनाने के लिए एम्स भोपाल ने स्वास्थ्य संबंधी एडवाइजरी जारी की है। एम्स के नेत्र, त्वचा, प्लास्टिक सर्जरी और हृदय रोग विभाग के विशेषज्ञों ने आंखों की सुरक्षा से लेकर त्वचा की देखभाल और हृदय स्वास्थ्य तक के लिए सुझाव दिए हैं।

एम्स भोपाल की नेत्र विभाग प्रमुख डॉ. भावना शर्मा ने कहा कि पटाखों के छोटे टुकड़े या धूल के कण आंख में जाने पर तुरंत साफ पानी से धोएं, रगड़े नहीं। तेज दर्द, धुंधलापन या खून आने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। पटाखे जलाते समय सुरक्षा चश्मा पहनें और भीड़भाड़ वाले या धुएं से भरे इलाकों से बचें।


जहांगीराबाद में पटाखा दुकानों पर भीड़ लगी रही।

### जलने पर नहीं लगाएं घी और टूथपेस्ट

*बर्न्स एंड प्लास्टिक सर्जरी विभाग के प्रमुख डॉ. मनाल खान ने कहा कि जलने पर घी, टूथपेस्ट या पेस्ट नहीं लगाएं। उन्होंने बताया कि सबसे पहले ठंडा पानी डालें और डॉक्टर से संपर्क करें। पटाखे सिर्फ खुले स्थानों पर जलाएं और पास में हमेशा पानी या अग्निशमन उपकरण रखें। बच्चों को कभी अकेला न छोड़ें।*

### त्वचा को दें सुरक्षा की परत

त्वचा विशेषज्ञ डॉ. प्रशंसा जायसवाल ने सलाह दी कि पटाखों के बाद चेहरा और खुली त्वचा हल्के क्लिंजर से धोकर मॉस्चराइजर लगाएं। संवेदनशील त्वचा वालों को सुगंध-रहित उत्पाद चुनने चाहिए। फफोले दिखें तो तुरंत डॉक्टर से मिलें।

### दिल की सुरक्षा: गहरी सांस ले

सीटीवीएस विभाग के प्रमुख डॉ. योगेश कुमार निवरिया ने बताया कि त्योहार में मिठाई और तली चीजों का सीमित सेवन करें। उन्होंने बताया कि अधिक नमक, शक्कर और ट्रांस फैट से ब्लड प्रेशर व कोलेस्ट्रॉल बढ़ता है।



# गोस्वामी समाज ने छठ घाटों पर साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था के लिए महापौर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गोस्वामी समाज ने महापौर मालती राय को छठ घाटों पर साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था को लेकर ज्ञापन सौंपा।

समाज के युवा अध्यक्ष छोटेलाल गिरी ने बताया कि 27 अक्टूबर की शाम को छठ पूजा का आयोजन किया जाएगा तथा 28 अक्टूबर की सुबह सूर्य देव को अर्घ्य अर्पित कर छठ महापर्व का समापन किया जाएगा। इसको लेकर गोस्वामी समाज भोपाल युवा इकाई द्वारा विशेष तैयारियां की जा रही हैं। यह पर्व सूर्य देव और छठी मैया की उपासना के रूप में मनाया जाता है, जिसमें महिलाएं परिवार की सुख-समृद्धि और संतानों के कल्याण के लिए 36 घंटे का निर्जला व्रत रखती हैं। भोपाल के विभिन्न क्षेत्रों में छठ पर्व मनाया जाता है। जहां गोस्वामी समाज के श्रद्धालु एकत्र होकर व्रत एवं पूजा-अर्चना करेंगे।

# गायत्री शक्तिपीठ पर गोवर्धन पूजा का आयोजन 22 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अखिल विश्व गायत्री परिवार की गोवर्धन पूजा गायत्री शक्तिपीठ के द्वारा 22 अक्टूबर को सुबह 9:00 बजे से गोवर्धन पूजा का आयोजन किया जाएगा। पंचगव्य केंद्र के प्रभारी सुभाष शर्मा ने बताया कि गोवर्धन पूजा में साक्षात गो माता एवं गाय के गोबर की विशाल गोवर्धन पर्वत की प्रतिमा बनाकर वेदोक्त मंत्रोच्चार से पूजा कर गो पालन, संरक्षण का संदेश दिया जाएगा। इस मौके पर गो भक्तों का सम्मान किया जाएगा।

# पांच दिवसीय दीपोत्सव : समूचे शहर में मिठाई, नमकीन और ड्राईफ्रूट्स का व्यापार हुआ150 करोड़ रुपए के पार

## मेवों की मिठाई, बालूशाही, काजू कतली , कलाकंद, पेठा, सोहन पपड़ी, मोतीचूर के लड्डू आदि की जबरदस्त बिक्री

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

पांच दिवसीय दीपोत्सव पर्व को लेकर राजधानी के समूचे बाजारों में बंपर खरीदी जारी है। शहर के मिष्ठान और नमकीन भंडारों और मल्टीनेशनल कंपनियों के मॉल्स में मौजूद विभिन्न प्रकार की नमकीन, मिठाई और ड्राईफ्रूट्स सहित अन्य मिष्ठान सामग्री की खूब खरीदारी और बिक्री जारी है।

बाजार जानकारों के अनुसार राजधानी भोपाल में पांच दिवसीय दीपोत्सव को लेकर करीब नमकीन, मिठाई और ड्राईफ्रूट आयटम्स की बिक्री समूचे शहर में 150 करोड़ रुपए के पार की उम्मीद है। कुंदन नमकीन सेंटर एंड मिष्ठान भंडार के संचालक प्रेमनारायण यादव ने बताया भोपाल शहर में 500 से अधिक मिठाई के दुकानें है। मिठाई की दुकानों पर मावा से ज्यादा मेवों की मिठाई, बालूशाही, काजू कतली , कलाकंद, पेठा, सोहन पपड़ी, मोतीचूर के लड्डू आदि की अच्छी बिक्री जारी है। शहर में चौतरफा मिठाई की दुकानों में भारी काफी संख्या में लोग मिठाई की खरीदारी के लिए जुटे, तो रिलायंस स्मार्ट बाजार, डीमार्ट, बेस्ट प्राइस, ऑनडोर, आपूर्ति बाजार सहित अन्य सुपर बाजारों में इस बार पिछले वर्ष की तुलना में 25 से 30 फीसदी अधिक व्यापार है।



### शुद्ध घी और ड्राईफूट्स वाली मिठाइयों की मांग ज्यादा

मिठाई और डेयरी कारोबारी कुबेर सिंह जाट ने बताया कि लोग अपने स्वास्थ्य को ज्यादा ध्यान में रखते है, इसलिए घी एवं ड्राईफ्रूट वाली मिठाईयों की डिमांड ज्यादा करते हैं। उनका कहना है कि इस बार गत वर्ष की तुलना में मिठाई-नमकीन कारोबार 15 से 20 फीसदी ग्रोथ है। मनोहर डेयरी के डायरेक्टर मुरली हरवानी बताते हैं कि भोपाल में बनने वाली मिठाईयां देश के कई बड़े शहरों में लोग अपने रिश्तेदारों को भेजते हैं। इसके अलावा यहां से विदेशों में भी मिठाई भेजते हैं। उल्लेखनीय पांच दिवसीय दीपोत्सव के दरमियान शहर की सभी नामी मिठाई की दुकानों पर भी लोगों की भीड़ खूब जुटी है। देर रात तक मिठाई की दुकानों पर चहल पहल हो रही है। इस दौरान कंबों- गिफ्ट की भी भारी मात्रा में खरीदारी कर रहे हैं।

## रूप चौदस की शाम : बाजारों में नजर आई धनतेरस जैसी भीड़

# बाजारों में खरीदारों की उमड़ी भीड़ कार व दुपहिया वाहन शोरूम से उपभोक्ताओं ने ली वाहनों की चाबी



दीपावली की तैयारी के लिए नरक चौदस यानी रविवार को भी राजधानी के बाजारों में लोगों ने खूब खरीदारी की। जो लोग धनतेरस के दिन खरीदारी नहीं कर सके, उन्होंने रविवार को लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियां, पूजन सामग्री आदि खरीदीं। सरकारी कार्यालयों में छुट्टी होने की वजह से लोग अपने परिवार के साथ निकले और खरीदारी की। सबसे ज्यादा बिक्री रेडीमेड गारमेंट की हुई। त्योहार के एक दिन पहले घर पहुंचे लोगों ने बच्चों को उनकी पसंद के रेडीमेड कपड़े दिलाए। इसके अलावा गणेश लक्ष्मी की मूर्ति, खील, लइया, खिलौने की भी खूब बिक्री हुई। शाम तक एक बार फिर दुकानों पर धनतेरस की तरह ही भीड़ नजर आ रही थी। वहीं कार व दोपहिया वाहन शोरूम पर उपभोक्ताओं ने बुकिंग के अनुसार अपने -अपने वाहनों की चाबी ली। तो वाहन शोरूम्स संचालक दीपावली के दिन के लिए



एक बार फिर अपने शोरूम को सजाकर अंतिम टच देने में की तैयारी में दिखें। शोरूम संचालकों के मुताबिक धनतेरस के बाद दीपावली के दिन भी वाहनों बिक्री होती है अतः जिन लोगों ने पहले से दीपावली के लिए बुकिंग कराई हुई है, उन्हें भी डिलीवरी देनी है।

## मध्यप्रदेश सहित देशभर में ड्राईफूट्स की बिक्री चरम पर

दिवाली के पूर्व भोपाल, मध्यप्रदेश सहित देशभर में सूखे मेवे (ड्राई फूट्स) का बाजार चरम पर है। घरों की खरीदारी के साथ-साथ कॉर्पोरेट गिफ्टिंग और शादियों के लिए भी मेवे की डिमांड काफी है। कारोबारियों के अनुसार ड्राईफूट्स की मांग अगस्त से दिसंबर के बीच सबसे अधिक रहती है। यही वजह है कि अगस्त से पहले ही आयात में तेजी देखने को मिलती है। इंडस्ट्री के विशेषज्ञ बताते हैं कि त्योहारों के समय सांस्कृतिक आदतें और गिफ्टिंग की परंपरा मेवों की खपत बढ़ा देती है। त्योहारी महीनों में मांग अचानक बढ़ जाती है। घरों से लेकर कॉर्पोरेट गिफ्टिंग और शादियों तक इसका असर देखने को मिलता है।

### ड्राई फ्रूट्स के आयात में बढ़ोतरी

*नट्स एंड ड्राई फ्रूट्स काउंसिल (इंडिया) के प्रेसिडेंट गुंजन जैन के अनुसार 2025 में कच्चे काजू का आयात 1.3–1.4 मिलियन टन तक पहुंचने की उम्मीद है। किशमिश और अखरोट की डिमांड भी तेज है। अधिकारिक जानकारी के अनुसार ऑस्ट्रेलिया और यूएई के साथ ट्रेड एग्रीमेंट्स ने विशेष ड्राई फ्रूट्स के आयात को बढ़ाने में मदद की है। ऑस्ट्रेलिया से बादाम का आयात अप्रैल-जुलाई में 93 फीसदी बढ़ा। ओमान और सऊदी अरब से खजूर का आयात क्रमशः 66 फीसदी और 25 फीसदी बढ़ा। यूएई और अमेरिका से पिस्ता का आयात भी तेजी से बढ़ा। काजू में अगस्त-दिसंबर 2024 के बीच औसत महंगाई 9.4 फीसदी रही, जबकि पूरे साल का औसत 3.1 फीसदी था। त्योहारी सीजन में बढ़ती मांग और सीमित आपूर्ति के कारण कीमतें रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच सकती हैं।*

## बिजनेस न्यूज

### आईडीबीआई बैंक का मुनाफा 3627 करोड़ रुपए पहुंचा

**नई दिल्ली।** आईडीबीआई बैंक का एकल शुद्ध मुनाफा सितंबर तिमाही में लगभग दोगुना होकर 3,627 करोड़ रुपये हो गया। इसमें एनएसडीएल में निवेश की बिक्री से प्राप्त लाभ भी शामिल है। कंपनी ने शनिवार को जारी अपने वित्तीय परिणामों में इसकी जानकारी दी। एलआईसी के नियंत्रण वाले बैंक का मुनाफा 2024-25 की जुलाई-सितंबर अवधि में 1,836 करोड़ रुपये का था। बैंक ने बीएसई को दी सूचना में बताया कि उसने अपने आईपीओ में 799.87 रुपए प्रति शेयर के निर्गम मूल्य पर 2.22 करोड़ इक्विटी शेयरों की पेशकश की थी। इसमें नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) में 11.11 प्रतिशत शेयरधारिता शामिल है। इससे उसे 1,698.96 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ हुआ।
बैंक ने कहा कि वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में उसका परिचालन लाभ 17 प्रतिशत बढ़कर 3,523 करोड़ रुपये हो गया। एक साल पहले इसी तिमाही में यह लाभ 3,006 करोड़ रुपए था। वित्त वर्ष 2026 की जुलाई-सितंबर अवधि में ब्याज स शुद्ध आय 3,285 करोड़ रुपये थी। जबकि एक साल पहले यह 3,875 करोड़ रुपए थी। इसका कुल कारोबार 5,33,730 करोड़ रुपये का रहा, जो 12 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर्शाता है। आईडीबीआई बैंक ने आगे कहा कि 30 सितंबर, 2025 तक उसका सकल एनपीए अनुपात एक साल पहले के 3.68 प्रतिशत की तुलना में बढ़कर 2.65 प्रतिशत हो गया। शुद्ध एनपीए अनुपात सितंबर 2024 के 0.20 प्रतिशत की तुलना में 0.21 प्रतिशत रहा।

### सैमसंग ने शुरू किया 'बीस्पोक एआई वॉशर ड्रायर' का निर्माण



**गुरुग्राम।** सैमसंग ने घोषणा की कि उसकी नई बीस्पोक एआई वॉशर ड्रायर श्रृंखला का निर्माण अब कंपनी के चेन्नई संयंत्र में शुरू हो गया है। यह कदम सैमसंग की 'मेक इन इंडिया' प्रतिबद्धता को और मजबूती देता है। उपभोक्ताओं की बदलती जरूरतों को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई यह नई श्रृंखला वैश्विक नवाचार और स्थानीय निर्माण का बेहतरीन संगम है। इसका उद्देश्य भारतीय घरों के लिए और भी स्मार्ट, ऊर्जा-कुशल और सुविधाजनक लॉन्ड्री समाधान प्रदान करना है। सैमसंग का अत्याधुनिक चेन्नई संयंत्र, जो भारत में कंपनी की सबसे बड़ी निर्माण इकाइयों में से एक है। इनमें मौजूद एआई वॉश फीचर कई सेंसर्स की मदद से कपड़ों का वजन, कपड़े का प्रकार और गंदगी का स्तर पहचानता है। बीस्पोक एआई वॉशर ड्रायर कॉम्बो अब 12 किलोग्राम वॉश और 7 किलोग्राम ड्राई क्षमता वाले मॉडलों में उपलब्ध होंगे, जिनकी शुरुआती कीमत 63,990 रुपए है।

### कॉनप्लेक्स सिनेमाज का ओडिशा और महाराष्ट्र में विस्तार

**मुंबई।** कॉनप्लेक्स सिनेमाज लिमिटेड ने दो नई प्रॉपर्टीज़ के लांच की घोषणा की है कि ओडिशा के जाजपुर में 208 सीटों वाला 3-स्क्रीन सिनेमा और महाराष्ट्र के संगमनेर में 268 सीटों वाला 2-स्क्रीन सिनेमा। जाजपुर की प्रॉपर्टी कॉनप्लेक्स की पूर्वी भारत में मौजूदगी को बढ़ाती है, जबकि संगमनेर का सिनेमा महाराष्ट्र में इसकी पकड़ को और मजबूत करता है जो कंपनी के सबसे बड़े और सबसे तेजी से बढ़ते बाजारों में से एक है। दोनों प्रॉपर्टीज़ को अत्याधुनिक डॉल्बी 7.1 सराउंड साउंड सिस्टम, 2के और 3डी स्क्रीन, और लग्ज़री रिक्लाइनर सीटिंग से सुसज्जित किया गया है, जो दर्शकों को एक शानदार और आरामदायक अनुभव प्रदान करने के लिए डिज़ाइन की गई हैं।

### एमेजन एमएक्स प्लेयर पर रियलिटी शो राइज एंड फॉल

**मुंबई।** बाणीजय इंडिया के नेतृत्व में राइज एंड फॉल को लक्स कोजी द्वारा आधिकारिक लाइटिंग पार्टनर ओरिएंट इलेक्ट्रिक, एआई होम पार्टनर हायर, न्यूट्रिशन पार्टनर ऐवाटार व्हे प्रोटीन, मोबाइल पार्टनर ह्यूमन मोबाइल डिवाइसेज, फ्रेगरेंस पार्टनर एन्वी और बेवरेज पार्टनर मैंक डॉवेल्स सोडा के साथ मिलकर प्रस्तुत किया गया है। राइज एंड फॉल का अंतिम एपिसोड अभी एमेजप एमएक्स प्लेयर और सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न पर निःशुल्क देख सकते हैं। अब राइज एंड फॉल ने अर्जुन बिजलानी को अपना अंतिम विजेता घोषित कर दिया है, जिन्होंने ये ख़ास ट्रॉफी अपने नाम की है। अशनीर ग्रोवर द्वारा प्रस्तुत किया जाने वाला यह रियलिटी शो अपनी शुरुआत से ही सुर्खियां बटोर रहा है। इस सीरीज का समापन एक जबरदस्त फिनाले के साथ हुआ, जिसमें उस प्रतियोगी का सम्मान किया गया जिसने पक्की लगन, सूझ-बूझ और जुनून के साथ इस खेल को खेला।

### एस्कॉर्ट्स कुबोटा ने नया 'कुबोटा एमयू4201 ट्रैक्टर' लांच किया



**नई दिल्ली।** कुबोटा ने कुबोटा ब्रांड के अंतर्गत एक नया ट्रैक्टर 'कुबोटा एमयू4201' लांच किया है। इसके साथ ही ब्रांड ने भारत में 41-44 हॉर्सपॉवर की श्रेणी में प्रवेश कर लिया है। भारत में कंपनी तीन ट्रैक्टर ब्रांड, फार्मट्रैक, पॉवरट्रैक और कुबोटा पेश करती है। यह नया कुबोटा ट्रैक्टर हॉलेज सहित विभिन्न कृषि अनुप्रयोगों के लिए डिजाईन किया गया है। इस ट्रैक्टर में रोटावेटर, डिस्क हैरो जैसे अनेक उपकरण लगाए जा सकते हैं। जापानी इंजीनियरों द्वारा डिजाईन किए गए इस नए ट्रैक्टर में वो सभी प्रीमियम फीचर्स मौजूद हैं, जो कुबोटा ट्रैक्टर की 45-55 हॉर्सपॉवर श्रेणी में मिलते हैं। इनमें फ्लैट डेक, सस्पेंडेड पैडल, बैलेंसर शाफ्ट, सिंक्रोमेश ट्रांसमिशन और ड्युअल क्लच शामिल हैं।

## सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम को सात साल में मिले 2.65 लाख करोड़ के लोन

# 10 लाख से लेकर 5 करोड़ रुपए तक की ऋण राशि की स्वीकृत सुविधा एक घंटे में

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




**वित्तीय मानकों के आधार पर दस्तावेजों की गहन पड़ताल**

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई ) के लिए लोन की जरूरत होने पर उद्यमियों ने बीते सात साल के दौरान पीएसबी लोन्स इन 59मिनट्स प्लेटफॉर्म का जमकर इस्तेमाल किया है। इस प्लेटफॉर्म की तरफ से जारी बयान के मुताबिक एमएसएमई के लिए 7 वर्षों में 2.65 लाख करोड़ रुपए से अधिक राशि के लोन को मंजूरी दी गई।

यह प्लेटफॉर्म आमतौर पर 10 लाख रुपए से लेकर 5 करोड़ रुपए तक की राशि के लिए एक घंटे के भीतर ऋण स्वीकृति की सुविधा प्रदान करता है। 2018 में स्थापना के बाद से अब तक अब तक लगभग 30 लाख ऋण स्वीकृत किए जा चुके हैं। एमएसएमई को कई सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और वित्तीय संस्थानों के साथ जोड़ने वाला यह प्लेटफॉर्म जीएसटी रिटर्न, आयकर फाइलिंग, बैंक स्टेटमेंट और क्रेडिट ब्यूरो रिपोर्ट जैसी जानकारी एकीकृत करता है। इससे लोन की प्रक्रिया कुछ ही घंटे में पूरी हो जाती है। प्लेटफॉर्म से मिली स्वीकृति से इतर बैंक वित्तीय मानकों के आधार पर दस्तावेजों की गहन पड़ताल करते हैं।

### अब तोहफे में भी दे सकते हैं फास्टैग सालाना पास

फास्टैग का सालाना पास अब राजमार्गयात्रा एप के जरिये किसी को भी तोहफे में दिया जा सकता है। एप पर पास जोड़ें विकल्प पर क्लिक करके उपयोगकर्ता उस व्यक्ति का वाहन नंबर और संपर्क विवरण जोड़ सकते हैं जिसे वे फास्टैग सालाना पास तोहफे में देना चाहते हैं। ओटीपी सत्यापन के बाद उस वाहन से जुड़े फास्टैग पर सालाना पास सक्रिय हो जाएगा। यह पास एक साल की वैधता या 200 टोल प्लाजा क्रॉसिंग के लिए 3,000 रुपए के एकमुश्त भुगतान से फास्टैग को बार-बार रिचार्ज करने की जरूरत को खत्म करता है।

# जीएसटी सुधारों के कारण 20 लाख करोड़ रुपए की अतिरिक्त इलेक्ट्रॉनिक्स बिक्री

**खपत में 10 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि होने की पूरी संभावना**




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि जीएसटी सुधारों के कारण इस साल 20 लाख करोड़ रुपए की अतिरिक्त इलेक्ट्रॉनिक्स बिक्री होने की उम्मीद है। मंत्री ने कहा कि सभी खुदरा श्रृंखलाओं के आंकड़ों से पता चलता है कि पिछले नवरात्रि की तुलना में 20-25 प्रतिशत अधिक बिक्री हुई और 85 इंच के टीवी जैसी कई ऐसी श्रेणियां हैं जिनका स्टॉक पूरी तरह से बिक गया। वैष्णव ने कहाकि 'इलेक्ट्रॉनिक्स सामानों की बढ़ती मांग का सीधा असर इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण पर पड़ रहा है। इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण अब दोहरे अंकों की वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) से बढ़ रहा है। इस साल खपत में 10 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि होने की पूरी संभावना है, जिसका अर्थ है कि पिछले वर्ष की तुलना में 20 लाख करोड़ रुपए की अतिरिक्त बिक्री होने की प्रबल संभावना है।''

## शेयर बाजार में आज होगा कारोबार, 21 और 22 अक्टूबर को रहेगा बंद

# रोज की तरह सुबह के 9 बजे से शाम के 3:30 बजे तक खुला रहेगा

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राजधानी भोपाल सहित पूरा देश सोमवार को दिवाली मनाने की तैयारियों में जुटा हुआ है। लेकिन दिवाली के इस दिन शेयर बाजार बंद नहीं हैं। शेयर बाजार में रोज की तरह कारोबार दिवाली के दिन भी होगा।

रोज की भांति मार्केट सुबह के 9 बजे से शाम के 3:30 बजे तक खुला रहेगा। क्योंकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) दोनों में छुट्टी की तारीख अलग-अलग है। शेयर बाजार 21 और 22 अक्टूबर को बंद रहेगा। शेयर बाजार मंगलवार, 21 अक्टूबर को दिवाली लक्ष्मी पूजन और बुधवार, 22 अक्टूबर को दिवाली बलिप्रतिपदा के लिए बंद रहेंगे।



**मुहूर्त ट्रेडिंग कल दोपहर 1:30 बजे से 1:45 बजे तक**

भोपाल स्टॉक इंवेस्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष संतोष अग्रवाल के अनुसार मुहूर्त ट्रेडिंग मंगलवार 21 अक्टूबर, 2025 को होगी। प्री-ओपन सेशन दोपहर 1:30 बजे से 1:45 बजे तक चलेगा, जिसके बाद ट्रेडिंग विंडो दोपहर 1:45 बजे से 2:45 बजे तक खुला रहेगा। क्लोजिंग सेशन 2.55 बजे से 3.05 बजे तक के लिए निर्धारित किया गया है। वैसे आमतौर पर मुहूर्त ट्रेडिंग शाम 6 बजे के आसपास शुरू होता है। यानी कि इस बार शाम के बजाय दोपहर को मुहूर्त ट्रेडिंग होगी।

### हिंदू कैलेंडर में नए संवत 2082 की शुभ शुरुआत

*मुहूर्त ट्रेडिंग दिवाली के दिन एक घंटे के लिए रखा जाने वाला स्पेशल ट्रेडिंग सेशन होता है. 'मुहूर्त' शब्द का अर्थ शुभ समय होता है और इसे हिंदू कैलेंडर में संवत 2082 की शुभ शुरुआत मानी जाती है। कई निवेशक इस दिन नए निवेश की शुरुआत करते हैं। बीएसई और एनएसई इस दौरान अपने टर्मिनल खोलते हैं, भले ही बाकी दिन बाजार बंद रहते हो. इस दौरान निवेशक फायदे के लिए नहीं, बल्कि सालभर बरकत रहे इसलिए निवेश पर ज्यादा फोकस करते हैं. अमूमन इस दिन निवेशक ऐसे शेयरों पर खासतौर पर दांव लगाते हैं, जो उन्हें लॉन्ग टर्म में मुनाफा द। आमतौर पर मुहूर्त ट्रेडिंग के दौरान शेयर बाजार में तेजी देखने को मिलती है।*

### 5 लाख से अधिक ज्वेलरी डिजाइनों का एक्सक्लूसिव अमेजन-पे पर

**नई दिल्ली ।** इस त्योहारी सीजन में अमेजन ग्रेट इंडियनफेस्टिवल 2025 धनतेरस और दिवाली ऑफर्स लेकर आया है, जिसमेंस्मार्टफोन्स, लैपटॉप्स, टीवी, फैशन और ब्यूटी, होम डेकोर, उपकरण, फर्नीचर और ग्रोसरी जैसी कैटेगरी शामिल हैं। जो ग्राहक समृद्धि का स्वागत नए वाहन के साथ करना चाहते हैं, वे बजाज और हीरोके टू-व्हीलर्स ऑर्डर कर सकते हैं, जिन्हें दिवाली से पहले मुंबई, दिल्ली , हैदराबाद, बैंगलोर और अन्य शहरों में डिलीवर किया जाएगा। ग्राहक शुभ खरीदारी के रूप में सोना, चांदी और डायमंड ज्वेलरी भी एक्सप्लोर कर सकते हैं। ज्वेलरी प्रेमियों के लिए अमेजन ने पारंपरिक धनतेरस खरीदारी की बढ़ती मांग को देखते हुए अपनी रेंज को और बढ़ाया है।

### भाभा विश्वविद्यालय में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई दीपावली



**भोपाल।** भाभा विश्वविद्यालय में दीपावली उत्सव बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। विश्वविद्यालय परिसर दीपों की मनमोहक रोशनी से आलोकित हो उठा। संपूर्ण वातावरण में पारंपरिक संगीत, सजावट और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ मां लक्ष्मी, भगवान गणेश और सरस्वती जी के विधिवत पूजन से हुआ। इसके उपरांत विश्व विद्यालय के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अधिकारी प्रसाद पिल्लई प्रतिकुलपति डॉ. भारती सातनकर कुल सचिव डॉ. श्याम पाटकर मुख्य प्रशासनिक अधिकारी विजय पुंज, मुख्य लेखाधिकारी श्रीमती ज्योति मालवीय एवं डॉ. नमीष मेहता अधिष्ठाता छात्र कल्याण ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर विभिन्न संकायों के विद्यार्थियों द्वारा रंगोली, दीप सज्जा, सांस्कृतिक नृत्य, गीत एवं नाटक प्रस्तुत किए गए, जिनमें भारतीय परंपरा और संस्कृति की झलक दिखाई दी। रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधानों में सजे सभी कर्मचारी अधिकारियों एवं छात्र-छात्राओं ने पूरे आयोजन को आकर्षक बना दिया। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रसाद पिल्लई ने सभी को दीपावली के पावन पर्व पर शुभकामनाएँ देते हुए संदेश दिया कि दीपावली केवल दीप जलाने का पर्व नहीं, बल्कि अंधकार पर प्रकाश और असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक है। हमें अपने जीवन में भी सकारात्मकता और नैतिक मूल्यों का प्रकाश फैलाना चाहिए। प्रति कुलपति डॉ.भारती सातनकर ने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजनों से विद्यार्थियों में रचनात्मकता, सामाजिक समरसता और भारतीय संस्कृति के प्रति सम्मान की भावना का विकास होता है। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के सभी संकायों के शिक्षक, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# दिवाली से शादियों तक, गोल्ड सिर्फ गहना नहीं यह एक भावना : एसबीआई म्यूचुअल फंड

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एसबीआई म्यूचुअल फंड की एक निवेशक शिक्षा एवं जागरुकता पहल करते हुए बताया कि पुराने समय में यह मुद्रा और गहनों के रूप में इस्तेमाल किया जाता था और अब यह दुनिया की अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार बन चुका है। हर संस्कृति में इसका बहुत महत्व है। लेकिन भारत में यह पैसे से कहीं बढ़कर है - यह समृद्धि, शुद्धता और परंपरा का प्रतीक है। दिवाली से शादियों तक, गोल्ड सिर्फ गहना नहीं यह एक भावना है।

इसकी मौजूदगी शुभ शुरुआत लाती है। हम भारतीय त्योहारों पर खासकर दिवाली में, सोने के सिक्के, बार और गहने खरीदते हैं। हमारा मानना है कि इससे घर में समृद्धि, धन और खुशहाली आती है। नए जमाने के निवेशक आसानी और लचीलापन चाहते हैं, इसलिए डिजिटल गोल्ड की डिमांड बढ़ रही है। सांस्कृतिक महत्व के अलावा, गोल्ड निवेश का स्मार्ट तरीका है। यह महंगाई से बचाता है, पोर्टफोलियो को संतुलित करता है और जोखिम कम करता है। सालों से दुनिया भर में सोने की मांग काफी बढ़ी है। इससे कीमतें रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गईं और केंद्रीय बैंक अपने भंडार बढ़ा रहे हैं।

### आरबीआई के पास 888 टन सोना

*भारतीय रिजर्व बैंक के पास 888 टन सोना है, जो वित्त वर्ष 24 में 822 टन से अधिक है और भंडार बढ़ाने वाले शीर्ष दस देशों में शामिल है। यह रणनीतिक संचय मौद्रिक नीति में बदलाव और वित्तीय संप्रभुता की इच्छा को दर्शाता है। आज की अर्थव्यवस्था में गोल्ड सुरक्षित आश्रय से ज्यादा बेहतर क्यों है? वैश्विक अर्थव्यवस्था आज लगातार चुनौतियों और उभरते लचीलेपन के बीच नाजुक संतुलन बना रही है।*

### भारतीय रिज़र्व बैंक ने दी सक्रिय रूप से प्रतिक्रिया

*तरलता, दरों में कटौती और कैश रिजर्व रेशियो में ढील। महंगाई नियंत्रित बनी हुई है, लेकिन ऋण वृद्धि अभी गति पकड़ने बाकी है। इसका प्रदर्शन व्यापक बाजारों से बेहतर रहा है, जो इसे सुरक्षित आश्रय के रूप में मजबूत करता है।*

## चिंतन

# कलयुग में भी प्रासंगिक है भगवान श्रीराम के आदर्श

भारतीय संस्कृति में दिवाली केवल दीपों और उत्सव का पर्व नहीं बल्कि सृष्टि के उस सनातन भाव का प्रतीक है, जिसमें प्रकाश अंधकार पर, श्रद्धा मोह पर और सृजन विनाश पर विजय प्राप्त करती है। इस दिन जब संपूर्ण भारत दीपों से जगमगा उठता है, तब हर घर, हर हृदय में भगवान राम के स्वागत की मंगल भावना जाग उठती है। मान्यता है कि इसी दिन भगवान राम 14 साल का वनवास पूरा करके आयोध्या लौटे थे। वो राम जिनके चरित्र की मिसाल आज भी दी जाती है और उन्हें उनके गुणों के कारण पूजनीय माना जाता है। श्रीराम ने हर परिस्थिति में सत्य और धर्म का पालन किया। उन्होंने अपने जीवन से संदेश दिया कि अगर इंसान चाहे तो वो अपने सद्कर्मों से मर्यादा पुरुषोत्तम हो सकता है। बस इसके लिए श्रीराम के आदर्शों का पालन करना अनिवार्य है। भगवान राम ने व्यक्तिगत सुख से ऊपर कर्तव्य को रखा। वनवास, सीता-हरण और युद्ध जैसी परिस्थितियों में भी उन्होंने धैर्य और विवेक बनाए रखा। जो दर्शाता है कि इंसान धैर्य, विवेक और कर्तव्य का तालमेल बनाकर चले तो किसी भी परेशानी पर विजय हासिल कर सकता है। श्रीराम में अन्दर इतने गुण थे कि एक मानव के रूप में जन्म लेने के बावजूद अपनी प्रजा के लिए वो भगवान बने रहे और आज भी अपने चरित्र के कारण पूजे जाते हैं। उनके जो आदर्श थे, वो आज के समय में भी उतने ही प्रासंगिक हैं। त्रेता युग में इंसानों की फितरत और सोच स्पष्ट थी, लेकिन अब कलियुग है। इस युग में इंसान भटका हुआ है और आधुनिकता की चकाचौंध के कारण प्राचीन विचार लोगों को तर्कहीन और मूल्यहीन लगते हैं। आधुनिक पीढ़ी की सोच गलत भी नहीं है लेकिन सामान हो या सोच, हर चीज का रूपांतरण संभव है। विचार और मूल्य कभी पुराने नहीं होते बल्कि अगर उनका आधार मजबूत हो, तो समय के साथ वो खुद को एक नए स्वरूप में ढाल लेते हैं। बस उन्हें अपनाने की सुलभता हममें होनी चाहिए। भले ही आधुनिक पीढ़ी भगवान राम के मूल्यों को प्राचीन सोचकर अपनाने से हिचके, लेकिन भगवा-राम के आदर्श इतने मूल्यवान हैं कि वो आज भी प्रासंगिक हैं। उनके जीवन से कई शिक्षाएँ मिलती हैं, जो आधुनिक चुनौतियों में भी मार्गदर्शन करती हैं। आज की दौड़-भाग में सत्य और नैतिकता से समझौता करना आसान है। आज का युवा अनेक प्रलोभनों और चुनौतियों से घिरा है, इसलिए श्रीराम की सत्य और धर्मनिष्ठा युवाओं के लिए यह ईमानदारी और नैतिकता का प्रतीक है। राम का जीवन यह बताता है कि परिवार और समाज के प्रति कर्तव्य निभाना ही सच्चा धर्म है। उनकी कर्तव्यपरायणता युवाओं को कर्तव्य और जिम्मेदारी निभाने की प्रेरणा देती है। आज की पीढ़ी जहां व्यक्तिगत स्वतंत्रता और आत्म-संतुष्टि की ओर झुकी हुई है, वहीं श्रीराम का आदर्श हमें संतुलन सिखाता है। जो समझाता है कि स्वतंत्र रहो, पर अपने मूल्यों और परिवार से जुड़े रहो। श्रीराम की वाणी में संयम और आचरण में शुद्धता, सीमाओं और अनुशासन का महत्व सिखाते हैं। तनाव और असुरक्षा के दौर में श्रीराम का संकट में धैर्य रखना, युवाओं को मानसिक दृढ़ता और संकट-प्रबंधन की शिक्षा देता है। आज का युवा असफलता या आलोचना से निराश हो जाता है। ऐसे में भगवान श्रीराम का जीवन प्रेरित करता है कि संकट जीवन का अंत नहीं, बल्कि आत्मबल की परीक्षा है। हम अगर धैर्य से इस परीक्षा का सामना करें तो सफलता पाना तय है। बस जरूरी इस बात कि है कि हम अपनी युवा पीढ़ी को श्रीराम के आदर्शों का न केवल ज्ञान दें बल्कि उन्हें अपनाने का भी प्रेरित करें।



कृषि योजना
प्रमोद भार्गव

# दाल उत्पादन में आत्मनिर्भरता के उपाय

दो प्रमुख कृषि योजनाओं की शुरुआत की है। धन-धान्य और दलहन आत्मनिर्भरता मिशन नाम से की गई ये योजनाएं यदि खेत में खरी उतरती हैं तो किसान की माली हालत तो सुधरेगी ही देश दाल उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर भी हो जाएगा। ये योजनाएं खासतौर से पिछड़े सौ जिलों में कृषि उत्पादकता बढ़ाने और विविध फसलों की पैदावार को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से आरंभ की जा रही हैं। दलहन उत्पादन में आत्मनिर्भर होने के लिए वर्ष 2030-31 तक उत्पादन को बढ़ाकर 350 लाख टन करने का लक्ष्य तय किया है। पीएम मोदी ने इस नाते 100 पिछड़े जिलों में दालों के उत्पादन का दायरा बढ़ाकर आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नानाजी देशमुख ने जयप्रकाश नारायण की जयंती पर दो प्रमुख कृषि योजनाओं की शुरुआत की है। धन-धान्य और दलहन आत्मनिर्भरता मिशन नाम से की गई ये योजनाएं यदि खेत में खरी उतरती हैं तो किसान की माली हालत तो सुधरेगी ही देश दाल उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर भी हो जाएगा। इन योजनाओं के लिए 35,440 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। ये योजनाएं खासतौर से पिछड़े सौ जिलों में कृषि उत्पादकता बढ़ाने और विविध फसलों की पैदावार को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से आरंभ की जा रही हैं।

दलहन उत्पादन में आत्मनिर्भर होने के लिए वर्ष 2030-31 तक उत्पादन को 252 लाख टन से बढ़ाकर 350 लाख टन करने का लक्ष्य तय किया है। इस हेतु 35 लाख हेक्टेयर अतिरिक्त भूमि दलहन उत्पादन के दायरे में लाई जाएगी। विडंबना देखिए, भारत दुनिया का सबसे बड़ा दलहन उत्पादन और उपभोक्ता देश है, लेकिन दालों की आपूर्ति आयात पर निर्भर हैं। हालांकि नरेंद्र मोदी के 11 साल के कार्यकाल में कृषि निर्यात दोगुना हो गया है लेकिन दालें आयात करनी पड़ती हैं।

आहार में पौष्टिक तत्वों का कारक मानी जाने वाली दालें, बढ़ते दामों के कारण गरीब की शारीरिक जरूरत पूरी नहीं कर रही हैं। ये हालात मानसून के दौरान औसत से कम या ज्यादा बारिश होने से तो उत्पन्न होते ही हैं, किसान के नकदी फसलों की ओर रुख करने के कारण भी हुए हैं। यही नहीं, यह स्थिति इसलिए भी बनी, क्योंकि कांग्रेस की मनमोहन सिंह सरकार की गलत नीतियों के चलते किसान को खाद्य वस्तुओं की बजाय, ईंधन, प्लास्टिक और फूलों की फसल उगाने के लिए, कृषि विभाग ने जागरूकता के अभियान चलाए। यही वजह रही कि भूमंडलीकरण के दौर में दालों की पैदावार लगातार कम होती चली गई। दाल उत्पादन का रकबा लगभग 15 हजार हेक्टेयर कम हो गया। भारत में दालों की सालाना खपत 220 से 230 लाख टन है। मांग और आपूर्ति के इस बड़े अंतर के चलते जमाखोरों और दाल के आयातक व्यापरियों को भी वारे-न्यारे करने का मौका मिल जाता है। पौष्टिक आहार देश के हरेक नागरिक के स्वस्थ जीवन से जुड़ा अहम प्रश्न है। संविधान के मूलभूत अधिकारों में भोजन का अधिकार शामिल है। चूंकि दालें प्रोटीन और पौष्टिकता का महत्वपूर्ण जरिया हैं। चूंकि दालें आयात करनी होती हैं, इसलिए इनके भाव भी बीच-बीच में बढ़ जाते हैं। इस कारण मध्यवर्गीय व्यक्ति की थाली से दाल गायब होने लगती है। चुनांचे दाल व्यक्ति की सेहत से जुड़ी हैं और बीमारी की हालत में तो रोगी को केवल दाल-रोटी खाने की ही सलाह चिकित्सक देते हैं। वर्ष 1951 में प्रतिव्यक्ति दालों की उपलब्धता 60 ग्राम थी,जो वर्ष 2010 में घटकर 34 ग्राम रह गई। जबकि अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार यह मात्रा 80 ग्राम होनी चाहिए। दालें भारत में प्रोटीन का प्रमुख स्रोत मानी जाती हैं। लेकिन स्थानीय मांग पूरी करने के लिए दाल उत्पादन में किसान को बड़ी मशक्कत करनी पड़ती है। तुअर दाल की फसल आठ माह में तैयार होती है। बावजूद किसान को उचित दाम नहीं मिलते हैं। गोया, किसान साल में एक फसल उगाने में रुचि कैसे लें? विदेशों में रहने वाले भारतीय भी सबसे ज्यादा तुअर की दाल खाना पसंद करते हैं। देश में सबसे अधिक चने और



अरहर की खेती होती है। इनके अलावा मूंग और उड़द की दालें पैदा होती हैं। देष में 10 राज्यों के किसान दालों की खेती करते हैं। इनमें सबसे अधिक उत्पादक राज्य महाराष्ट्र है। दालें मुख्य रूप से खरीफ की फसल हैं,जो वर्षा ऋतु में बोई जाती हैं। इस ऋतु में करीब 70 प्रतिशत दालों का उत्पादन होता है।

केंद्रीय उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के अनुसार दालों के तात्कालिक भाव 85.42 प्रति किलो से लेकर 112.88 रुपये किलो तक हैं। भावों में इस उछाल का कारण जमाखोरी और सट्टेबाजी के साथ आयात का कुचक्र है। टाटा, मंहिद्रा, ईजी-डे और रिलांइस जैसी बड़ी कंपनियां जब से दाल के व्यापार से जुड़ी हैं, तब से ये जब चाहे तब मुनाफे के लिए दाल से खिलवाड़ करने लग जाती हैं। जब कंपनियां बड़ी तादाद में दालों का भंडारण कर लेती हैं,तो भावों में कृत्रिम उछाल आ जाता है। हालांकि केंद्र सरकार ने दालों का भंडारण सितंबर 2024 से सीमित किया हुआ है। इस कारण भाव नियंत्रण में हैं। मीडिया दाल के बढ़ते भावों को गरीब की थाली से जोड़कर उछालता है। तब सरकार दाल के आयात के लिए विवश हो जाती है। मसलन देशी-विदेशी बहुराष्ट्रीय कंपनियों के हर हाल में पौ-बारह बने रहते हैं। इन कंपनियों का दबदबा इतना है कि कोई भी राज्य सरकार इनके गोदामों पर छापे डालने का जोखिम उठाने का साहस नहीं जुटा पाती। लिहाजा कालाबाजारी बदस्तूर रहती है। ये कंपनियां मसूर और मटर की दाल कनाडा से, उड़द और अरहर की दाल बर्मा के रंगून से, राजमा चीन से और काबुली चना आस्ट्रेलिया से आयात करती हैं। इनके अलावा अमेरिका, रूस, केन्या, तंजानिया, मोजांबिक, मलावा और तुर्की से भी दालें आयात की जाती हैं। कनाडा ने मसूर दाल के भाव पिछले साल की तुलना में दोगुने कर दिए हैं। कनाडा एशियाई देशों में सबसे ज्यादा दालों का निर्यात करने वाला देश है। इस नाते यह कहने में कोई दो राय नहीं कि विदेशी बहुराष्ट्रीय कंपनियों की बात तो छोड़िए, देशी कंपनियां भी भारतीय कृषि को बदहाल बनाए रखना चाहती हैं। आयात की जब इन्हें खुली छूट मिल जाती है तो ये जरूरत से ज्यादा दाल व तेल का आयात करके भारत को डंपिंग ग्राउंड बना देती हैं। तय है, कालांतर में भारत की तरह दूसरे देशों में यदि मौसम रूठ जाता है तो दाल और प्याज की तरह खाद्य-तेल के भाव भी आसमान छूने लग जाते हैं। सस्ते तेल का आयात जारी रहने की वजह से ही भारत में तिलहन का उत्पादन प्रभावित हो रहा है। बावजूद हमारे नेता ऐसी नीतियों को बढ़ावा देने की कोशिशों में लगे रहे हैं कि दलहन और तिलहत के क्षेत्र में भारत पूरी तरह परावलंबी बना रहे। इस परिप्रेक्ष्य में मनमोहन सरकार के कृषि मंत्री बलराम जाखड़ ने सलाह दी थी कि भारत अफ्रीका में दालें उगाए और फिर आयात करे। इसी तरह संप्रग सरकार में कृषि मंत्री रहे शरद पवार म्यांमार और उरुग्वे में दालें पैदा करके आयात करना चाहते थे। ये सुझाव समझ से परे हैं। फसल के बाद होने वाले नुकसान को कम करने के लिए प्रमुख उत्पादन क्षेत्रों में आधुनिक गोदाम और कोल्ड स्टोरेज का नेटवर्क बनाना होगा। यह इस योजना का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। दाल से बेसन, पापड़, नमकीन और अन्य उत्पाद बनाने के लिए स्थानीय प्रसंस्करण को बढ़ावा देने से किसानों की आय में और वृद्धि होगी। आखिर ऐसे क्या रहस्य हैं कि हमारे नीति-नियंता विदेशी धरती पर तो दाल उत्पादन को प्रोत्साहित करना चाहते हैं, किंतु देश के किसानों को लाभकारी मूल्य देना नहीं चाहते? ऐसी मंशाएं देश की खाद्य सुरक्षा को जान-बूझकर संकट में डालने जैसी लगती हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस नाते 100 पिछड़े जिलों में दालों के उत्पादन का दायरा बढ़ाकर आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की है।

( लेखक वरिष्ठ साहित्यकार और पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।



दिवाली पर्व
श्वेता गोयल

# दीयों सी दमके घर की लक्ष्मी की आभा

हर पर्व का अपना रंग, अपनी छटा और अपनी ऊर्जा होती है परंतु जब बात दिवाली की आती है तो यह केवल एक धार्मिक या पारंपरिक पर्व नहीं रह जाता बल्कि सौंदर्य, उमंग और आत्मिक आलोक का उत्सव बन जाता है। यह वह क्षण होता है, जब बाहर जगमगाते दीपक और भीतर जगमगाती नारी, दोनों मिलकर ऐसा दृश्य रचते हैं कि संसार का हर कोना प्रकाश से भर उठता है। दिवाली की रात जितनी दीयों की लौ से उज्ज्वल होती है, उतनी ही स्त्रियों की आभा, आत्मविश्वास और सृजनात्मकता से दमकती है। भारतीय संस्कृति में श्रृंगार का अर्थ केवल सजावट नहीं है, यह एक भाव, एक प्रतीक, एक ऊर्जा है। यह नारी की प्रसन्नता, उसके आत्म-संतोष और उसकी जीवनप्रियता का प्रतीक है। कोई तीज हो, कोई त्योहार हो या कोई शुभ अवसर, नारी का श्रृंगार उसी तरह अनिवार्य है, जैसे दीपावली पर दीयों का प्रज्ज्वलन। लेकिन दिवाली का श्रृंगार विशेष होता है क्योंकि यह पर्व केवल प्रकाश का नहीं बल्कि आत्मविश्वास, आकर्षण और आत्म-प्रेम का भी उत्सव है। सजना-संवरना किसी महिला के लिए केवल सुंदर दिखने की चाह नहीं बल्कि अपने भीतर की प्रसन्नता को बाहर लाने का माध्यम है। जब कोई महिला अपने परिधान, आभूषण और मेकअप के माध्यम से स्वयं को अभिव्यक्त करती है तो वह केवल रूप नहीं निखारती बल्कि मन की ऊर्जा और आत्मबल को जगाती है। दिवाली के अवसर पर यह श्रृंगार एक विशेष आयाम ले लेता है क्योंकि जब वह दीप प्रज्ज्वलित करती है तो उसकी आंखों की चमक और होंठों की मुस्कान स्वयं एक दीपक बन जाती है। आज की महिला अपने श्रृंगार में पारंपरिकता और आधुनिकता का संतुलन साध चुकी है। वह जानती है कि सुंदरता किसी फैशन का अनुसरण नहीं बल्कि अपने व्यक्तित्व की मौलिकता का प्रदर्शन है। पारंपरिक परिधान में आधुनिक कट्स जोड़ना या सिल्क की साड़ी पर ग्लोइंग मेकअप का संगम, यही तो है आज की नारी की पहचान, जो अपनी संस्कृति से जुड़ी है पर समय के साथ आगे भी बढ़ रही है। दिवाली के अवसर पर परिधान केवल वस्त्र नहीं, भावनाओं का विस्तार होते हैं। हर महिला अपने वस्त्रों का चयन उतने ही प्रेम से करती है, जितना अपने घर की सजावट का। अब इन पर आधुनिकता की हल्की छाप दिखाई देने लगी है। आभूषण केवल श्रृंगार की पूरक वस्तु नहीं बल्कि भावनाओं का दर्पण हैं। चूड़ियों की खनक, पायल की झंकार, और माथे की बिंदी, ये सब उस सांस्कृतिक आत्मा के प्रतीक हैं, जो नारी को देवी स्वरूपा बनाती हैं। दिवाली के अवसर पर गोल्डन या कुंदन ज्वेलरी की मांग हमेशा बनी रहती है पर अब सिल्वर ऑक्सीडाइज्ड आभूषणों ने भी अपनी खास जगह बना ली है। आज की महिलाएं फ्यूजन ज्वैलरी को भी अपनाने लगी हैं, पारंपरिक चोकर के साथ आधुनिक झुमके या हैंडक्राफ्टेड ब्रेसलेट्स के साथ क्लासिक कर्णफूल। यह केवल ट्रेंड नहीं बल्कि अपनी मौलिकता का उत्सव है। दिवाली की रोशनी में चेहरा भी दमकता नजर आना चाहिए। सौंदर्य विशेषज्ञों का मानना है कि दिवाली का मेकअप केवल चेहरा निखारने का नहीं बल्कि आत्मविश्वास को जगाने का माध्यम है। इस अवसर पर 'ग्लोइंग लुक' सबसे लोकप्रिय ट्रेंड है, जिसमें बेस नैचुरल रखा जाता है ताकि त्वचा की वास्तविक आभा बनी रहे। हेयर स्पा और ऑयल ट्रीटमेंट से बालों की प्राकृतिक चमक लौटाई जा सकती है। यह स्पष्ट होता है कि भारतीय नारी अब ट्रेंड क्रिएटर बन चुकी है, न कि केवल ट्रेंड फॉलोअर। वह अपने लुक से यह संदेश देती है कि परंपरा और आधुनिकता एक-दूसरे के विरोधी नहीं बल्कि पूरक आयाम हैं। दिवाली हमें यह सिखाती है कि जैसे दीपक अंधकार को मिटाता है, वैसे ही आत्मविश्वास और सकारात्मकता जीवन के हर अंधकार को दूर कर सकते हैं। श्रृंगार केवल बाहरी सजावट नहीं बल्कि स्वयं को अपनाने की कला है। जब किसी महिला के चेहरे पर संतोष, मुस्कान और आत्मविश्वास झलकता है तो वही उसका वास्तविक सौंदर्य बन जाता है। दिवाली के इस शुभ अवसर पर जब हर महिला अपने भीतर की रोशनी को पहचानती है, जब उसकी आंखों की चमक दीयों की लौ से मिलती है तो संसार का हर अंधेरा मिट जाता है। यही दिवाली का सार है, भीतर की रोशनी को बाहर फैलाना और अपनी आभा से इस सृष्टि को आलोकित करना। दीवाली का श्रृंगार केवल रूप का उत्सव नहीं, यह आत्मविश्वास, सौंदर्य और संस्कृति के संगम का प्रतीक है। जब कोई नारी अपनी मुस्कान से दीयों की लौ को प्रतिस्पर्धा देती है, तब वही क्षण होता है, जहां दिवाली सचमुच जगमगाती है।

( लेखिका शिखाविद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# क्रियायोगः अधिक विकसित होगी नई पीढ़ी



संकलित
दर्शन

सभी मनुष्य वस्तुतः आत्माएं ही हैं। आपके लिए मात्र जन्म के आधार पर ही किसी निष्कर्ष पर पहुंचना उचित नहीं है। जिन्हें हम 'नौजवान व्यक्ति' कहते हैं, वे पुरानी आत्माएं हैं और वे प्रत्येक मनुष्य में अंतर्जात कामनाओं-सुख, सुरक्षा, प्रेम इत्यादि कामनाओं को पूर्ण करने के लिए हर प्रकार के प्रयासों और आकांक्षाओं से गुजर चुकी हैं। उन्होंने उस (पूर्ति) को प्राप्त करने के प्रयास में अनेक जन्म व्यतीत किए हैं और अंततः वे यहां आए हैं तथा जिन लोगों ने जन्म लिया है, उनमें से लाखों लोग अपने पूर्वजन्मों से विकास के उस चरण में हैं। श्रीमद्भगवद्गीता में श्रीकृष्ण इस विषय पर प्रकाश डालते हैं। वे अर्जुन से कहते हैं, 'यदि अंतिम लक्ष्य को प्राप्त किए बिना तुम्हारे इस जीवन का अंत हो जाता है तो चिंता मत करो, क्योंकि योग-ध्यान का कोई भी प्रयास व्यर्थ नहीं होता है।' तत्पश्चात उस भक्त का एक ऐसे वातावरण में पुनर्जन्म होता है, जहां वह पुनः अपनी आगे की यात्रा प्रारंभ करता है। इसलिए जिन्हें आप 'नौजवान व्यक्ति' कह रहे हैं, वे ज्ञानीजन हैं। वे संभवतः ऐसे युद्धरत आत्माएं हैं, जो हर प्रकार के अनुभव से गुजर चुके हैं और जिनकी चेतना इस प्रकार की है कि उन्होंने विभिन्न परिस्थितियों में हर तरह के कार्य किए हैं। वे पुनः लौटकर आते हैं और कहते हैं, 'अब मैं अपना और अधिक समय व्यर्थ नहीं गवाऊंगा। मैं अपने और अधिक जन्मों को व्यर्थ नहीं गवाऊंगा। मैं वह कार्य करूंगा, जो वास्तव में मेरे आत्मा की क्षमताओं और मेरे आत्मा में विद्यमान उस दिव्य संपर्क की तृष्णा की पूर्ति करेगा।'

# लकड़ी का कटोरा



संकलित
प्रेरणा

एक वृद्ध व्यक्ति अपने बहु-बेटे के यहां शहर रहने गया। वो एक छोटे से घर में रहते थे, पूरा परिवार और उसका चार वर्षीया पोता एक साथ ही खाना खाते थे। लेकिन वृद्ध होने के कारण उस व्यक्ति को खाने में बड़ी दिक्कत होती थी। बहु-बेटे कुछ दिनों तक तो ये सब सहन करते रहे। अगले दिन जब खाने का वक्त हुआ तो बेटे ने एक पुरानी मेज को कमरे के एक कोने में लगा दिया और अपने बूढ़े बाप से बोला कि पिता जी आप यहां पर बैठ कर खाना खाया करो। बूढ़ा पिता वहीं अकेले में बैठ कर अपना भोजन करने लगा, यहां तक की उनके खाने-पीने के बर्तनों की जगह एक लकड़ी का कटोरा दे दिया गया था। बाकी लोग पहले की तरह ही आराम से बैठ कर खाना खाते। वहां बैठा बालक भी यह सब बड़े ध्यान से देखता रहता, और अपने में मस्त रहता। एक रात खाने से पहले, उस छोटे बालक को उसके माता-पिता ने ज़मीन पर बैठकर कुछ करते हुए देखाः तुम क्या बना रहे हो? पिता ने पूछा, बच्चे ने मासूमियत के साथ उत्तर दिया, अरे मैं तो आप लोगों के लिए एक लकड़ी का कटोरा बना रहा हूँ, ताकि जब मैं बड़ा हो जाऊं तो आप लोग इसमें खा सकें, और वह पुनः अपने काम में लग गया। पर इस बात का उसके माता-पिता पर बहुत गहरा असर हुआ। उनके मुंह से एक भी शब्द नहीं निकला और आँखों से आंसू बहने लगे। वो दोनों बिना बोले ही समझ चुके थे कि अब उन्हें क्या करना है। उस रात वो अपने बूढ़े पिता को वापस डिनर टेबल पर ले आये, और फिर कभी उनके साथ अभद्र व्यवहार नहीं किया।

## सटाका




## आज की पाती

### विद्यार्थी मोबाइल से दूरी बनाए रखें

राज्य सरकार सभी स्कूलों में शिक्षकों और विद्यार्थियों को स्कूल समय में मोबाइल का उपयोग करने पर प्रतिबंध लगाए। अगर स्कूलों और अन्य शिक्षा संस्थानों में मोबाइल प्रयोग की खुली छूट दे दी जाए तो बहुत से विद्यार्थी इसका दुरुपयोग ही करते हैं, इसलिए यह जरूरी है कि यहां मोबाइल पर प्रतिबंध लगे, लेकिन अगर शिक्षकों के मोबाइल प्रतिबंधित नहीं होंगे और शिक्षक पढ़ाने के दौरान मोबाइल प्रयोग करेंगे तो इसका विद्यार्थियों पर नकारात्मक प्रभाव पडेगा। विद्यार्थियों को चाहिए कि वो अपनी जिंदगी का कीमती समय बेवजह बर्बाद न करें। टेक्नोलॉजी का उचित प्रयोग किया जाए तो वो लाभकारी सिद्ध होती है और दुरुपयोग हानिकारक।

*– प्रेम त्रिपाठी, भाटापारा*

## करंट अफेयर

# नेपाल में नई पीढ़ी करेगी राजनीति में एंट्री

नेपाल की जिस नई पीढ़ी ने हाल ही में भ्रष्टाचार और सोशल मीडिया बैन के खिलाफ प्रदर्शन किए थे, उसी ने अब एक नई राजनीतिक पार्टी बनाने एलान कर दिया है। समूह का कहना है कि वह 2026 के आम चुनाव में तभी हिस्सा लेगा जब उसकी प्रमुख शर्तें मानी जाएंगी। नेपाल की राजनीति में अब नई पीढ़ी के युवाओं की एंट्री होने जा रही है। शनिवार को नेपाल के जेन जी समूह ने एलान किया कि वह जल्द ही एक राजनीतिक पार्टी का गठन करेगा। हालांकि, समूह ने यह स्पष्ट किया है कि अगले साल मार्च में होने वाले आम चुनाव में उनकी भागीदारी कुछ प्रमुख शर्तों के पूरे होने पर ही निर्भर करेगी। यह वही जेन जी समूह है जिसने हाल ही में भ्रष्टाचार और सोशल मीडिया प्रतिबंधों के खिलाफ देशभर में बड़े पैमाने पर प्रदर्शन किए थे। इन प्रदर्शनों के चलते केपी शर्मा ओली के नेतृत्व वाली सरकार को पद छोड़ना पड़ा था। आंदोलन के प्रमुख नेताओं में से एक मीराज धुंगाना ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पार्टी गठन की घोषणा की और कहा कि यह कदम युवाओं को एकजुट करने के लिए जरूरी है।



## ऑफ बीट

# आंत रोग की कुछ स्थितियां पार्किंसन के लिए जिम्मेदार

कुछ गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल समस्याएं, जैसे निगलने में कठिनाई, कब्ज और आंत विकार (आईबीएस) पार्किंसंन रोग के जोखिम से जुड़ी हो सकती हैं। एक अध्ययन से यह जानकारी सामने आई है। पार्किंसंन एक मस्तिष्क विकार है, जिसके कारण शरीर में कंपकंपी, ऐंठन और संतुलन एवं समन्वय बैठाने में कठिनाई होती है। शोधकर्ताओं ने कहा कि पूर्व में आंत की कुछ समस्याओं को पक्षाघात या मस्तिष्क धमनी विकार या अल्जाइमर रोग जैसी बीमारियों का कारण बनने से जोड़ा गया है। पत्रिका 'गट' में प्रकाशित नवीनतम अध्ययन में अमेरिकी राष्ट्रव्यापी मेडिकल रिकॉर्ड नेटवर्क (ट्राइनेटएक्स) के 24,624 लोगों के आंकड़ों का उपयोग किया गया, जिन्हें अज्ञात कारण से पार्किंसंन रोग हुआ था। ऐसे लोगों की तुलना उन लोगों से की गई, जो अन्य मस्तिष्क विकार स्थितियों जैसे अल्जाइमर रोग (19,046) या सेरेब्रोवास्कुलर रोग से ग्रसित (23,942) या इनमें से कोई भी नहीं (24,624) पाए गए थे। पार्किंसंन रोग से पीड़ित लोगों का उनके इस रोग का पता चलने से औसतन 6 साल पहले के इलेक्ट्रॉनिक स्वास्थ्य रिकॉर्ड में शामिल आंत रोग स्थितियों की आवृत्ति की तुलना करने के लिए उम्र, लिंग और अन्य विवरणों के आधार पर अन्य समूहों के लोगों के साथ मिलान किया गया था।



## ट्रेंड

### बंगाल घुसपैठिया मुक्त होगा

गुजरात, राजस्थान, असम में घुसपैठ नहीं होती, क्योंकि वहाँ भाजपा सरकार है, बंगाल और झारखंड में घुसपैठियों का स्वागत वोट बैंक के लिए होता है। बंगाल से ममता सरकार हटने और भाजपा सरकार आने के बाद बंगाल घुसपैठिया मुक्त होगा।

**-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**



### अर्थव्यवस्था को नई उड़ान

लखनऊ का स्ट्रैटेजिक मटेरियल टेक्नोलॉजी कॉम्प्लेक्स, औद्योगिक नक्शे पर एक नया आयाम जोड़ने वाला है। इससे एक नई इनोवैशन चेन भी बनेगी, जो न केवल रक्षा तकनीक में आत्मनिर्भर भारत का सपना पूरा करेगी, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को भी नई उड़ान देगी।

**- राजनाथ सिंह, रक्षामंत्री**



### ग्रीन पटाखों का प्रयोग करें

सालों बाद दिल्ली में दिवाली का उत्सव फिर से अपने पूरे रंग और रोशनी के साथ मनाया जाएगा। आप सभी से अपील है कि इस दीपावली केवल प्रमाणित ग्रीन पटाखों का ही प्रयोग करें और निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन अवश्य करें।

**- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**



### हृदय को प्रकाशित करें

जिस प्रकार अयोध्यावासियों ने भगवान राम के वास्तविक निवास में स्वागत के लिए नगर को प्रकाशित किया था, आइए हम भी उनके वास्तविक निवास में स्वागत करने के लिए अपने हृदय को प्रकाशित करें..

**- शेखर कपूर, फिल्मकार**



**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

हबीबगंज पुलिस ने क्राइम ब्रांच की मदद से आरोपी को पहुंचाया सलाखों के पीछे

# पुलिस को देखकर सीवेज पाइप के अंदर छिप गया था बच्ची का अपहरण करने वाला बदमाश, धर-दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ग्यारह सौ क्वार्टर हबीबगंज से पांच साल की बच्ची का अपहरण कर उसे आईएसबीटी तक ले जाने और बेड टच करने वाले आरोपी को हबीबगंज पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए क्राइम ब्रांच की टीम ने भी सहयोग किया।

पुलिस ने शनिवार देर रात लोकेशन मिलने के बाद स्टेशन बजरिया इलाके में दबिश दी थी। इस दौरान पुलिस को देखकर आरोपी ने रेलवे ट्रैक की तरफ दौड़ लगा दी। अंधेरे का फायदा उठाकर आरोपी सीवेज लाइन के पाइप में छिपकर बैठ गया। पुलिस ने टार्च की मदद से छिपे आरोपी को दबोच लिया।

### छवि धूमिल होने के बाद फ्लैट बेचकर बारह नंबर मल्टी में रह रहा था आरोपी



### चॉकलेट दिलाने का दिया था झांसा

चार दिन पहले 15 अक्टूबर की शाम करीब साढ़े चार बजे ग्यारह सौ क्वार्टर हनुमान मंदिर के पास से पांच साल की बच्ची संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। घटना के समय मां तीन साल की बच्ची के साथ मंदिर के पास बैठकर भीख मांग रही थी। जब बच्ची उन्हें नजर नहीं आई तो उन्होंने पास ही ठेले पर काम कर रही महिला से बच्ची का पूछा। उसने बताया कि बच्ची को एक युवक चॉकलेट खिलाने के बाद अपने साथ लेकर गया है।

### ऑटो से लेकर पहुंचा था रानी कमलापति रेलवे स्टेशन

आरोपी ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि हनुमान मंदिर के पास उसने बच्ची को चॉकलेट खिलाई और अपने साथ कुछ दूरी तक पैदल लेकर पहुंचा था। वहां से ऑटो के माध्यम से बच्ची को लेकर बोर्ड ऑफिस पहुंचा। बोर्ड ऑफिस से कमलापति स्टेशन पांच नंबर प्लेटफार्म के बाहर पहुंच गया। आईएसबीटी के पास सुनसान इलाके में उसने बच्ची के साथ बेड टच किया। जब पुलिस की नजर उस पर पड़ी तो वह बच्ची को छोड़कर भाग निकला।

### शाम साढ़े 7 बजे हुई थी एफआईआर दर्ज

ढाई घंटे बाद मां थाने पहुंची और पुलिस को शिकायत की। मामला पांच साल की बच्ची से जुड़ा होने के कारण पुलिस सक्रिय हो गई। मौके पर पहुंचे आलाधिकारियों ने बच्ची की तलाश के टीम का गठन किया। पुलिस ने पूरी रात सर्चिंग की। सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाले। सुबह पुलिस को सफलता हाथ लग गई। आरोपी आईएसबीटी के पास बच्ची के साथ नजर आया। उसे पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन वह बच्ची को छोड़कर झाड़ियों की तरफ भाग निकला। पुलिस ने लोकेशन के आधार पर आरोपी स्टेशन बजरिया इलाके से गिरफ्तार कर लिया है।

### चोरी और नकबजनी में हो चुकी जेल

आरोपी अजीत राय उर्फ बाबू (38) श्याम नगर मल्टी में रहता था। उसका खुद का फ्लैट था। वर्ष 2019 से वह आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त हो गया। चोरी और नकबजनी में उसे जेल हो चुकी है। मोहल्ले में छवि खराब होने के कारण उसने फ्लैट बेच दिया और 12 नंबर मल्टी में किराए से रहने लगा था। वह अविवाहित था। पन्नी बीनकर अपना गुजारा करता था। आरोपी नशे का आदी है।

### संजय जैन को समर्थकों ने दी जन्मदिन की बधाई

**औबेदुल्लागंज।** किराना व्यापार संघ के वरिष्ठ एवं जैन समाज के प्रतिष्ठित संजय जैन उर्फ टिल्लू भैया का जन्मदिन पर खुद उन्होंने शांति धारा की। उनके जन्मदिन पर शिमला जैन, नीति जैन, अनीता जैन जैन समाज अध्यक्ष सुनील जैन तामोट मीना जैन, एलसी जैन, रूपेश जैन, सुनील वर्धमान, तरुण जैन, रामकिशोर नंदवंशी आदि ने संजय जैन को जन्मदिन की बधाई दी एवं उनके दीर्घायु की कामना की।



### संगठन मजबूत बनाने पर चर्चा



**औबेदुल्लागंज।** रविवार को विधायक सुरेंद्र पटवा एवं जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश शर्मा ने चांदलाखेड़ी में जिला भाजपा के उपाध्यक्ष एवं किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश मीणा के निवास पर पहुंचकर संगठन को मजबूत करने पर चर्चा की।




सड़क पार करते समय अज्ञात वाहन ने युवक को कुचला, बाइक डिवाइडर से टकराई

## नर्मदापुरम सड़क पर देर रात दो सड़क हादसे, दो युवकों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नर्मदापुरम सड़क पर मिसरोद थाना क्षेत्र में शनिवार-रविवार की दरमियानी दो सड़क हादसे में दो लोगों की जान चली गई। पहला हादसा समर्धा के पास मुख्य सड़क पर हुआ। इस हादसे में सड़क पार कर रहे युवक को किसी बड़े वाहन ने कुचल दिया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना रात करीब डेढ़ बजे के आसपास की है। इस हादसे से महज एक घंटे बाद एक अन्य हादसा मिसरोद थाने और महिंद्रा शोरूम के बीच मुख्य सड़क पर हुआ। हादसे में तेज रफ्तार बाइक डिवाइडर से टकराने के कारण प्लंबर की मौत हो गई। पुलिस ने दोनों ही मामलों में मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिए हैं।

पुलिस के अनुसार सुनील मर्सकोले पिता गजराज मर्सकोले (45) गांव समर्धा टोला में रहता था और प्राइवेट काम करता था। शनिवार-रविवार की दरमियानी रात करीब डेढ़ बजे वह कलारी के सामने से समर्धा टोला गांव की तरफ जाने के लिए सड़क पार कर रहा था, तभी अज्ञात वाहन ने उसे कुचल दिया। सिर पर से पहिया गुजरने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया था।

वहीं करीब ढाई बजे रात में सूचना मिली कि पुलिस थाने से महिंद्रा शोरूम के बीच एक हादसा हुआ है। मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा तो वहां एक बाइक डिवाइडर से टकराकर पड़ी हुई थी, जबकि घायल को एम्स भेज दिया गया था। एम्स पहुंची पुलिस को पता चला कि हादसे में घायल हुए युवक की मौत हो गई है। मृतक सचिन लोधी पिता रमेश लोधी (21) निवासी राहतगढ़ सागर का रहने वाला था। हिमालय रेसीडेंसी मिसरोद में रहता था और प्लंबर का काम करता था। प्रारंभिक जांच में पता चला कि उसकी बाइक खुद ही अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराई थी। हालांकि पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है। यह भी हो सकता है कि उसकी बाइक को किसी वाहन ने टक्कर मारी हो और वह अनियंत्रित होकर बाइक समित डिवाइडर में जा घुसा।

## 100 करोड़ के भ्रष्टाचारी प्रभारी उपायुक्त आबकारी उड़नदस्ता आलोक सस्पेंड, छापेमारी में मिली थी करोड़ों रुपए की संपत्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्य शासन ने प्रभारी उपायुक्त संभागीय उड़नदस्ता रीवा आलोक खरे को सस्पेंड कर दिया है। लोकायुक्त पुलिस ने खरे के विरुद्ध की गई छापेमारी में करोड़ों की संपत्ति जब्त की थी।

लोकायुक्त पुलिस ने आबकारी विभाग के अभियोजन की स्वीकृति के बाद खरे के खिलाफ कोर्ट में चालान पेश कर दिया है। इसके चलते शासन ने यह कार्रवाई की है।

वाणिज्यिक कर विभाग ने अवकाश के बावजूद खरे के सस्पेंशन आदेश जारी किया है। निलंबन अवधि में खरे का मुख्यालय अपर आबकारी आयुक्त राज्य स्तरीय उड़नदस्ता भोपाल तय किया गया है।

### 100 करोड़ से अधिक की संपत्ति हुई थी जब्त

6 साल पहले सहायक आबकारी आयुक्त इंदौर के पद पर पदस्थ रहे आलोक कुमार खरे के 7 ठिकानों पर लोकायुक्त पुलिस ने छापेमारी की थी। प्रारंभिक जांच में ही करीब 100 करोड़ से अधिक की संपति का खुलासा हुआ था। उनके कई इलाकों में फार्म हाउस मिले थे।

भेल नगर कॉलोनी की घटना

## मकान में छिपा बैठा था आठ फीट लंबा घोड़ा पछाड़ सांप



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भेल नगर कॉलोनी में रहने वाले कपिल देव सिंह के घर से रविवार शाम सर्प विशेषज्ञ यश मौर्य ने आठ फीट लंबा घोड़ा पछाड़ सांप पकड़ा है। सांप घर के सूरेक में छिपा बैठा था। शाम करीब चार बजे कपिल देव 12 वर्षीय पोते रोनित सिंह ने सांप को देखकर जोर-जोर से चिल्लाने शुरू कर दिया। रोनित की आवाज सुनकर पड़ोस में रहने वाले तेज सिंह ठाकुर पहुंचे और उन्होंने सर्प विशेषज्ञ यश मौर्य को बुलाया। यश ने सर्प को पड़कर बोरी में बंद कर लिया। सर्प विशेषज्ञ यश मौर्य ने बताया कि सर्प घोड़ा पछाड़ के काटने पर व्यक्ति की जल्दी मौत नहीं होती है और इसका इलाज संभव है।

## पटाखों से घायल 11 लोगों को सेवा सदन में मिला इलाज

**संतनगर।** धनतेरस की रात में पटाखे जलाने से 11 लोगों की आंखे चोटिल होने पर सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय में उनका इलाज किया गया। इनमें सिवनी मालवा,



होशंगाबाद, सीहोर और नरसिंहपुर से एक-एक तथा अन्य सभी भोपाल के लोग हैं। चोटिल व्यक्तियों की सामाजिक स्थितियों को ध्यान में रखते हुए उनके नाम बदल दिए गए हैं। इन 11 में से एक व्यक्ति की दोनों आंखें चोटिल हुई हैं, जबकि अन्य की एक-एक आंख पटाखे से घायल हुई हैं। वहीं एक की दोनों आंखें चोटिल हुई हैं। उनकी चोट इतनी गहरी है कि उनके कार्निया तक छिल गए हैं। डॉक्टर ने उन्हें समय-समय पर कंसल्ट कर आंखों की फिलहाल नियमित जांच करवाने का सुझाव दिया है। सभी मरीजों की प्राथमिक चिकित्सा नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. सरिता कुमार ने की है।

भगवान श्रीकृष्ण द्वारा गोवर्धन पर्वत को अपनी अंगुली पर धारण करने से मिलता है हमें इस परंपरा का साक्षात दर्शन

# गोवर्धन पर्व प्रकृति से सह-अस्तित्व और समग्र विकास का उत्सव, इसमें पशु, मनुष्य,देवत्व का संतुलन



डॉ. मोहन यादव

आप सभी को दीपोत्सव, गोवर्धन पूजा और अन्नकूट उत्सव की शुभकामनाएं और बधाई... दीपावली के उत्सव की श्रृंखला में आरोग्य, आर्थिक समृद्धि, परिवार एवं समाज समन्वय और पर्यावरण संरक्षण का संदेश है। दीपावली के अगले दिन होने वाला गोवर्धन पर्व प्रकृति, पर्वत और गौ-वंश संरक्षण की भारतीय प्राचीन परंपरा का प्रतीक है। इस परंपरा का साक्षात दर्शन हमें भगवान श्रीकृष्ण द्वारा गोवर्धन पर्वत को अपनी उंगली पर धारण करने से मिलता है। मानवता की रक्षा के इसी पावन स्मृति में गोवर्धन पूजन किया जाता है। इस पर्व में गौ-धन के संवर्धन की प्रेरणा है जो भारतीय ग्रामीण अर्थव्यवस्था और पर्यावरण संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण है। इसमें भारतीय समाज की वह जीवनदृष्टि समाहित है, जिसमें प्रकृति, पशु, मनुष्य और देवत्व का संतुलन देखने को मिलता है।

मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता है कि हम प्रदेशभर में गोवर्धन पर्व का आयोजन कर रहे हैं। यह पर्व सभी जिलों में लोक अनुष्ठान और सांस्कृतिक परंपराओं के अनुसार मनाया जा रहा है। आयोजन में पशुपालन तथा दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में नवाचार करने वाले उद्यमियों को सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर पशुपालन, कृषि और सहकारिता विभाग की जन-कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी के साथ लोगों को जोड़ने और ग्रामीण आजीविका के लिए दुग्ध उत्पादन और वृंदावन ग्राम योजना के विस्तार की गतिविधियों का संचालन शुरू किया गया है। हमारे पर्व-परंपराओं में प्रकृति से सह-अस्तित्व और समग्र विकास का भाव है।

इसी कड़ी में गोवर्धन पर्व प्रकृति और प्राणियों के बीच समन्वय और संरक्षण से जुड़ा है। इस दिन गोबर से पर्वत का प्रतीक बनाकर उसकी पूजा की जाती है। पर्वत का प्राकृतिक संतुलन में महत्वपूर्ण योगदान है। पर्वत जल संरक्षण, संवर्धन और ऋतुओं के संतुलन का समन्वय करते हैं। इससे नदी, तालाब तथा अन्य जलस्रोत सुरक्षित रहते हैं। गोवर्धन पूजन में पर्यावरण को सुरक्षित रखने का संकल्प भी है। हमारा प्रयास है कि इस पर्व के माध्यम से प्रकृति और पशुधन का महत्व नई पीढ़ी तक पहुंचे।

मध्यप्रदेश अपनी प्राकृतिक संपदा के साथ गौ-वंश से समृद्ध है। गौ-माता में 33 कोटि देवी-देवताओं का वास होता है। हमने वर्ष 2024-25 को गौ-संरक्षण एवं संवर्धन वर्ष के रूप में मनाया। हम पशुपालक किसानों की आय को दोगुना करने के लिए प्रयासरत हैं। देश के दुग्ध उत्पादन का 9 प्रतिशत मध्यप्रदेश में होता है इसे 20 प्रतिशत तक करना हमारा लक्ष्य है। इसके लिए प्रदेश के गांव-गांव में दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत घर-घर जाकर पशुपालकों को पशुओं में नस्ल सुधार, कृत्रिम गर्भाधान, पशुओं के टीकाकरण, स्वास्थ्य रक्षा, संतुलित पशु आहार, पशु पोषण आदि के बारे में तकनीकी और व्यवहारिक जानकारी दी जा रही है। इन सभी प्रयासों से हम मध्यप्रदेश को दुग्ध केपिटल बनाएंगे।

मुझे इस बात का संतोष है कि मप्र सरकार गौ-पालन, गौ-संवर्धन के लिए संकल्पित है। हमने गौ-शालाओं के लिए अनुदान को 20 रुपए प्रति गौ-वंश प्रतिदिन से बढ़ाकर 40 रुपए प्रति गौ-वंश प्रतिदिन किया है। गौ-वंश के भरण-पोषण के लिए दो वर्ष पहले बजट 90 करोड़ रुपए था, जिसे 250 करोड़ रुपए किया गया और अब यह राशि बढ़ाकर 600 करोड़ रुपए करने का लक्ष्य है।

( लेखक मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री हैं )

चित्रकूट में 2800 करोड़ रुपए के निर्माण कार्य अगले वर्ष अप्रैल तक हो जाएंगे पूरे

# प्राकृतिक सौंदर्य और ऐतिहासिक विरासत को सुरक्षित रखते हुए होगा चित्रकूट का विकासः सीएम डॉ. यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि चित्रकूट के प्राकृतिक सौंदर्य और ऐतिहासिक विरासत को सुरक्षित रखते हुए इसका विकास किया जाएगा। चित्रकूट में बड़े निर्माण कार्यों की आवश्यकता नहीं है। मंदाकिनी नदी स्वच्छ और सदानीरा बनी रहे, भगवान कामतानाथ के सुगमता से दर्शन हो सके और भक्तों को सरलता से भोजन प्रसाद मिल सके ऐसे निर्माण कार्य किए जाएंगे। चित्रकूट का विकास प्रबुद्धजन, संतों और आमजन के सुझाव के आधार पर होगा। भगवान श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट को धार्मिक पर्यटन और ग्रामीण पर्यटन का केंद्र बनायेंगे। चित्रकूट में सड़क चौड़ीकरण, परिक्रमा पथ के सौदर्यीकरण और धार्मिक स्थलों के विकास के कार्य तेजी से पूरे किये जायेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रविवार को चित्रकूट में आरोग्यम में प्रबुद्धजन से चित्रकूट के विकास पर चर्चा के दौरान यह बात कही। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि चित्रकूट में विकास के लिए 163 स्थानों पर लोगों ने स्वेच्छा से अपने भवन तोड़कर जमीन उपलब्ध कराई हैं। यह बहुत सराहनीय पहल है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में दूध उत्पादन बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहे हैं। चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय तथा दीनदयाल शोध संस्थान किसानों और युवाओं को पशुपालन की आधुनिक तकनीक देकर दुग्ध उत्पादन बढ़ाने में सहयोग करें। चित्रकूट के विकास के लिए जारी 2800 करोड रूपये के निर्माण कार्य अगले वर्ष अप्रैल माह तक पूरे हो जायेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि होम-स्टे को बढावा देकर ग्रामीण पर्यटन विकास के साथ रोजगार के नये अवसर मिलेंगे। मुख्यमंत्री ने सभी को दीपावली की शुभकामनायें दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कलेक्टर सतना संतो, प्रबुद्ध और आमजनता से चित्रकूट के विकास के लिए सुझाव प्राप्त कर उसके अनुरूप कार्य योजना तैयार करें। मुख्यमंत्री ने आरोग्य में भारतरत्न राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किये।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश की सनातन संस्कृति समृद्ध हो रही है।

**खास बातें**

- संतों, प्रबुद्धजन और आमजनों के सुझावों के आधार पर होगा चित्रकूट का विकास
- मुख्यमंत्री ने चित्रकूट के विकास के संबंध में संतों तथा प्रबुद्धजन से किया संवाद



### मुख्यमंत्री ने चित्रकूट के पंचवटी घाट पर किया दीपदान

*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने चित्रकूट प्रवास के दौरान दीपावली मेला के अवसर पर आरोग्य धाम में मां मंदाकिनी के पंचवटी घाट पर दीपदान किया। उन्होंने प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना के साथ दीपावली की शुभकामनाएं दी। मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश की सरकार मिलकर चित्रकूट के आध्यात्मिक, पर्यटन और श्रद्धालुओं की सुविधाओं के विकास के लिए अनेक कार्य कर रही है। आगामी समय में चित्रकूट का वैभव तथा गौरव और भी बढ़ेगा।*

### पुस्तिका 'रामचन्द्र' श्रीराम राजा सरकार के चरित्र की चित्रकथा का किया विमोचन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद द्वारा प्रकाशित पुस्तिका 'रामचन्द्र' श्रीराम राजा सरकार के चरित्र की चित्रकथा का विमोचन किया। समारोह में डीआरआई के संगठन सचिव अभय महाजन ने मुख्यमंत्री और अतिथियों का स्वागत करते हुए चित्रकूट के विकास के संबंध में किये जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। बैठक में नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी, विधायक एवं प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खडेलवाल, सांसद गणेश सिंह, विधायक चित्रकूट सुरेन्द्र सिंह गहरवार, नगर पंचायत अध्यक्ष साधना पटेल, कुलगुरू ग्रामोदय विश्वविद्यालय प्रो. भरत मिश्रा, पद्मश्री डॉ. बीके जैन, सीताराम बाथम, गायत्री परिवार के प्रतिनिधि रामनारायण त्रिपाठी, कमिश्नर रीवा संभाग बी.एस. जामोद, आईजी गौरव राजपूत सहित बड़ी संख्या में प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आरोग्यधाम चित्रकूट में साधु- संत और प्रबुद्धजनों के साथ चित्रकूट विकास पर मंथन किया।

### सीएम ने बच्चों के साथ बांटी दीपावली की खुशियां

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पंचवटी घाट पर श्रीराम के गुणों पर केन्द्रित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर दीवारी नृत्य कर रहे कलाकार दलों के बच्चों को प्रोत्साहित किया और बच्चों के बीच पहुंचकर मिष्ठान और उपहार देकर दीपावली की खुशियाँ बांटी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पंचवटी में चित्रकूट के साधु-संतों से भेंटकर उनका सम्मान भी किया।

### मुख्यमंत्री ने दीपावली पर प्रदेशवासियों को दी बधाई और मंगलकामनाएं

हरिभूमि न्यूज. भोपाल राज्यपाल मंगु भाई पटेल व मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दीपावली के पावन पर्व पर समस्त प्रदेशवासियों को बधाई और मंगलकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मप्र देश का हृदय प्रदेश है, यहां की लगभग 9 करोड़ जनता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प में सरकार के साथ सहभागी है। मप्र के नागरिक विकास प्रिय हैं। विकास के यज्ञ में हर नागरिक आहुति दे रहा है। सरकार प्रत्येक अंचल तक विकास की रोशनी पहुंचाने के लिए संकल्पबद्ध है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दीपावली पर उल्लास का वातावरण है। स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग को प्रदेश में सरकार और समाज ने मिलकर बढ़ावा दिया है। प्रदेश अनेक योजनाओं के क्रियान्वयन में भी देश में प्रथम स्थिति में है। अब हमारी प्रगति की रफ्तार बढ़ने से उत्पन्न उल्लास, पर्व की उमंग और उल्लास को दोगुना कर रहा है। राज्यपाल व मुख्यमंत्री दोनों ने नागरिकों को दीपावली के साथ ही छोटी दीपावली, गोवर्धन पूजा और भाईदूज की बधाई दी

दिवाली पर स्वदेशी वस्तुओं को करें प्रोत्साहित

## कलेक्टर्स संवेदनशील घटनाओं और खबरों पर तत्काल संज्ञान लें, मौके पर जाकर स्थिति को समझें



**आत्मनिर्भर भारत और जीएसटी उत्सव का सभी विधानसभा क्षेत्रों में हो आयोजन**

**सभी ओर हो पुलिस की उपस्थिति, जनसामान्य करे सुरक्षा की भावना महसूस**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि स्वदेशी दीपावली मनाते हुए आत्मनिर्भर भारत के भाव को सशक्त करने के उद्देश्य से त्यौहारों में स्वदेशी वस्तुओं के क्रय विक्रय को प्रोत्साहित किया जाए। आत्मनिर्भर भारत और जीएसटी उत्सव के कार्यक्रम 25 दिसंबर तक जारी रहेंगे। सभी विधानसभा क्षेत्रों में प्रभारी मंत्री, जनप्रतिनिधि और कलेक्टर्स परस्पर समन्वय से तिथियां निर्धारित करते हुए आत्मनिर्भर भारत, जीएसटी उत्सव के कार्यक्रम आयोजित करें।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव आगामी त्यौहारों के संबंध में रविवार को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन से सांसद, विधायक, सहित सभी जिलों के कलेक्टर-पुलिस अधीक्षक-नगरीय निकायों के पदाधिकारी और अधिकारियों को वीसी के माध्यम से संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इन आयोजनों में स्वदेशी वस्तुओं के प्रदर्शन एवं क्रय-विक्रय को बढ़ावा दिया जाए। प्रत्येक जिले में सामाजिक समरसता के आयोजन सम्पन्न किए जाएं। इन आयोजनों में सामाजिक चेतनाशील प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाए। सामाजिक समरसता की दिशा में सकारात्मक वातावरण बनाने के लिए विचार-विमर्श भी हों।

### संवेदनशील घटनाओं और खबरों पर तत्काल संज्ञान ले

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निर्देश दिए कि कलेक्टर्स संवेदनशील घटनाओं और खबरों पर तत्काल संज्ञान लें। कलेक्टर्स की जिम्मेदारी है कि वे ऐसी घटनाओं और समाचारों के संबंध में प्रभारी मंत्री, स्थानीय सांसद तथा विधायकगण को वस्तुस्थिति से तत्काल अवगत कराएं। उनकी ओर से आवश्यकतानुसार मौका स्थल का भ्रमण भी किया जाए। जिला कलेक्टर्स ऐसी सूचनाओं और खबरों पर तत्काल फैक्ट चेक और आवश्यकता हो तो खंडन जारी करें। प्रभारी मंत्री, विभागीय मंत्री, सांसद, विधायक भी भ्रामक और समाज में सद्भावना बिगाड़ने वाली खबरों के संबंध में सही स्थिति रखें। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि पुलिस आवश्यक रूप से घनी बस्ती और चौराहों पर रहे, पुलिस बल भी इलाके में घूमें, पुलिस की उपस्थिति जनता के बीच दिखना चाहिए, जिससे जनता में सुरक्षा की भावना महसूस हो। विधायक एवं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल, संगठन मंत्री हितानंद शर्मा और विधायक भगवानदास सबनानी ने भी अपने विचार रखे।

आगर-मालवा एवं उज्जैन जिले के किसानों के लिए 403 करोड़ रुपए की राहत राशि की अंतरित

## मध्यप्रदेश सरकार किसानों के जीवन को बेहतर करने के लिए कर रही है लगातार कार्य



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार किसानों, गरीबों, युवाओं, महिलाओं सहित सभी के कल्याण के लिए लगातार कार्य कर रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अतिवृष्टि से नुकसान की क्षतिपूर्ति के लिए अबतक 1800 करोड़ राहत राशि वितरित की जा चुकी हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को उज्जैन जिले की तराना तहसील में आयोजित राहत राशि वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे।

### उज्जैन जिले के किसानों के लिए 265 करोड़ रुपए की राशि दी

*मुख्यमंत्री ने अतिवृष्टि से हुई फसल क्षति के लिए आगर-मालवा जिले के किसानों के लिए 138 करोड़ रुपए एवं उज्जैन जिले के किसानों के लिए 265 करोड़ रुपए इस प्रकार कुल 403 करोड़ रुपए की राहत राशि तथा प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना की हितग्राहियों सहित गैर उज्ज्वला, विशेष पिछड़ी जनजाति की प्रदेश की कुल 29 लाख बहनों को 45 करोड़ रुपए की सहायता राशि सिंगल क्लिक से प्रदान की।*

## माया श्रीवास्तव का निधन



भोपाल। स्वर्गीय महानारायण श्रीवास्तव एवं राधा देवी श्रीवास्तव की पुत्रवधु, चौबदारपुरा तलैया निवासी संजय श्रीवास्तव की धर्मपत्नी, अभा कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री कर्मचारी नेता अजय श्रीवास्तव नीलू की भाभी, पत्रकार मलय श्रीवास्तव और जनसंपर्क विभाग के पूर्व संयुक्त संचालक प्रलय श्रीवास्तव की बहन नागरिक आपूर्ति निगम की सेवानिवृत सहायक प्रबंधक माया श्रीवास्तव का रविवार को नोएडा के अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। वे 62 वर्ष की थीं तथा कैंसर से पीड़ित थीं। माया श्रीवास्तव की अंतिम यात्रा 21 अक्टूबर को सुबह 9.30 बजे 2/2 चौबदारपुरा से निकलेगी। उनका अंतिम संस्कार 21 अक्टूबर को सुबह 10 बजे भदभदा विश्राम घाट पर होगा।

दीपावली पर बिजली आउटसोर्स कर्मी ड्यूटी पर रहेंगे तैनात

## ऊर्जा मंत्री के आश्वासन के बाद आउटसोर्स कर्मी ने स्थगित किया होने वाला आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बिजली कंपनी के आउटसोर्स कर्मचारियों ने दीपावली पर होने वाले आंदोलन को स्थगित कर दिया है। रविवार को मप्र बिजली आउटसोर्स कर्मचारी संगठन के प्रांतीय संयोजक मनोज भार्गव एवं महामंत्री दिनेश सिसोदिया ने ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर मिलकर उन्हें अपनी समस्या और मांगों से अवगत कराया।



संगठन के पदाधिकारियों ने मंत्री से आपातकालीन, जोखिमपूर्ण, बारहमासी नियमित कार्यों को जिस प्रकार तमिलनाडु की राज्य सरकार आउटसोर्सिंग चरणबद्ध खत्म कर सीधी भर्ती से कार्य करवा रही है वही प्रणाली मप्र में अपनाई जाने की मांग की। इसी तरह आउटसोर्स की भर्ती व प्रबंधन हेतु प्लेसमेन्ट एजेंसी के रूप में उप्र व आंध्रप्रदेश में सेवा निगम व हरियाणा में कौशल रोजगार निगम बनाया गया है, उसी तर्ज पर मप्र के बिजली सेक्टर में सेवा निगम बनाया जाएं। प्रतिनिधियों के इस प्रस्ताव पर ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने आश्वस्त किया कि जिन राज्यों में ऐसा हुआ है वहां की इस प्रणाली का विश्लेषण व परीक्षण कर हम उसे मप्र में लागू करेंगे। मंत्री के आश्वासन के बाद बिजली आउटसोर्स कर्मचारियों ने दीपावली को प्रस्तावित बिजली आउटसोर्स सामूहिक अवकाश आंदोलन को निरस्त कर ड्यूटी निभाने का निर्णय लिया है।

संगठन में भूमिका की भी जानकारी पर्यवेक्षक लेकर आएंगी

## कांग्रेस संगठन सृजन पार्ट-2ः महिला कांग्रेस ने की जिला अध्यक्ष चुनने के लिए पर्यवेक्षक की नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

महिला कांग्रेस भी अब जिला अध्यक्ष बनाने के लिए जिलों में पर्यवेक्षक भेज रही है। सभी 55 जिलों में दिवाली के बाद महिला पर्यवेक्षक जाएंगी और जिला अध्यक्ष के लिए नाम छांट कर लाएंगी। इसमें पांच-पांच नामों का पैनल सभी से मांगा गया है। माना जा रहा है कि यह भी संगठन सृजन कार्यक्रम का दूसरा हिस्सा है।

इन सभी नामों को प्रदेश महिला कांग्रेस विचार करेगा, पार्टी के अन्य नेताओं से सलाह मशवरा करेगा। उसके बाद जिला अध्यक्ष का चयन किया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष विभा पटेल ने सभी 55 जिलों के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त कर दी हैं । इन सभी को 25 से 30 अक्टूबर के बीच में जिलों में जाना होगा।

**पांच-पांच नामों का पैनल सभी से मांगा गया है**

### सक्रियता की रहेगी विशेष भूमिका

*जहां पर वे कांग्रेस की महिला नेताओं के साथ ही जिले के प्रमुख नेता, विधायक और अन्य जनप्रतिनिधियों से मुलाकात कर यह जानने का प्रयास करेगी कि महिला कांग्रेस में कौन-कौन नेत्री सक्रिय हैं और संगठन का काम करने की इच्छुक हैं। ऐसी पांच-पांच महिला नेत्रियों के नाम पर्यवेक्षकों को लेकर आना है। साथ ही इन पांचों महिला नेत्रियों के संगठन में काम काज का अनुभव, चुनाव में उनकी अब तक रही भूमिका की भी जानकारी पर्यवेक्षक लेकर आएंगी।*

इस साल कर्तव्यवेदी पर शहीद हुए हैं 11 पुलिस जवान, परिजनों से होगी चर्चा

## डीजीपी ने किया फुल ड्रेस रिहर्सल का निरीक्षण मुख्यमंत्री देंगे शहीद पुलिस जवानों को श्रद्धांजलि

21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस मनाया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

**लाल परेड मैदान पर होगा आयोजन**

प्रदेश में पिछले एक साल में शहीद हुए पुलिस जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करने मुख्यमंत्री मंगलवार को लाल परेड मैदान स्थित शहीद स्मारक पहुंचेंगे। यहां पर वे शहीद पुलिस जवानों के परिजनों से भी चर्चा करेंगे। हर साल की तरह इस साल भी 21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस मनाया जाएगा।

लाल परेड मैदान स्थित शहीद स्मारक स्थल पर पुलिस परेड का आयोजन होगा और शहीद पुलिस जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। पुलिस स्मृति दिवस पर आयोजित होने वाली परेड की फुलड्रेस फायनल रिहर्सल रविवार को की गई। जिसमें डीजीपी कैलाश मकवाना सहित अन्य लोग शामिल हुए।





मध्यप्रदेश में इस साल कर्तव्यवेदी पर प्रदेश के 11 पुलिस जवान शहीद हुए हैं। शहीद कर्मियों में निरीक्षक संजय पाठक, निरीक्षक रमेश कुमार धुर्वे, सहायक उप निरीक्षक रामचरण गौतम, सहायक उप निरीक्षक महेश कुमार कोरी, प्रधान आरक्षक संतोष कुशवाह, प्रधान आरक्षक प्रिंस गर्ग, प्रधान आरक्षक अभिषेक शिंदे, प्रधान आरक्षक गोविंद पटेल, आरक्षक अनुज सिंह, आरक्षक सुंदर सिंह बघेल एवं आरक्षक अनिल यादव शामिल हैं। राजधानी भोपाल की तरह प्रदेश भर की विभिन्न पुलिस इकाईयों में भी 21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस मनाया जाएगा।


















# भोपाल की शान-स्टेण्डर्ड इंडिया डेरी फार्म




89 वर्ष पुरानी हुई स्टैंडर्ड डेयरी, रेस्टोरेंट में शहरवासियों को मिलेगा नया जायका **स्टैंडर्ड इंडिया डेयरी फॉर्म की शुरूआत वर्ष 1936 में भोपाल शहर में हुई थी।** आज इसको 89 वर्ष पूर्ण हो गये हैं।

यहाँ पर देशी घी से बनी मिठाईयां, स्टैंडर्ड नमकीन और चिप्स का स्वाद भोपालवासियों की जुबान को भा गया है साथ ही यहां पर मिलने वाला शुद्ध घी मक्खन पनीर मीठा दही सपरेटा दही, क्रीम मावा और गाय का घी इन सभी चीजो की शुद्धता बहुत अच्छी है। अधिक वैरायटी होने पर भी यहां क्वालिटी से किसी भी तरह का समझौता नहीं होता आपको बता दें कि शहर के ओल्ड भोपाल में कोतवाली रोड स्थित स्टेण्डर्ड इंडिया डेयरी फार्म ने एक नया प्रयास किया है। ताकि भोपाली फूड्स लवर को कुछ नया जायका चखने को मिलें। ऐसे में शहरवासियों को एक रेस्टोरेंट की सौगात दी है। ताकि आप यहां बैठकर सभी प्रकार के फूड्स का स्वाद चख स्वाद चख सकें। वहीं रेस्टोरेंट के मैन्यू में कई लजीज पकवान को शामिल किया गया है। यूनानी शफाखाना के पास, नगर निगम पार्क के सामने, कोतवाली रोड।

**स्टैंडर्ड डेयरी एण्ड रेस्टोरेंट आपके अपने क्षेत्र में**


















# एनडीए ने महागठबंधन पर दागे कई सवाल, वहीं 'इंडी' सीट शेयरिंग में ही उलझा

भाजपा का प्रदेशाध्यक्ष जायसवाल का आरोप

## जो सीटों का बंटवारा नहीं कर सकता, वह बिहार क्या चलाएगा? यहां पैसे लेकर बांटे जा रहे टिकट

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली/ पटना

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने महागठबंधन पर जमकर हमला बोला है। महागठबंधन बिहार में सत्ता की दुकानदारी चाहता है जबकि एनडीए विकसित राज्य का सपना पूरा करना चाहता है। उन्होंने कहा कि आज इस चुनाव में मतदाताओं के रुझान को देखते हुए जननायक लोक दल पार्टी ने भी भाजपा एनडीए को समर्थन देने की घोषणा की है।

उन्होंने कहा कि महागठबंधन आज ऐसी स्थिति में है कि कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष को दलित समुदाय के लोगों को अपमानित करने की बात सोशल मीडिया में लिखनी पड़ रही है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि जनता समझ चुकी है कि जो गठबंधन आज सीट बंटवारा नहीं कर सकता, वह सरकार क्या चलाएगा? उन्होंने दावा किया कि बिहार में एक बार फिर एनडीए की सरकार बन रही है।

### जायसवाल का महागठबंधन पर बड़ा आरोप, उनके ही लोग लगा रहे आरोप

रुझान को देखकर जननायक लोक दल पार्टी ने भाजपा को दिया समर्थन



जायसवाल ने चुटकी ली है। उन्होंने कहा कि यह कौरवों की सेना है। जायसवाल ने कहा कि इसमें हर दल टिकट को लेकर एक-दूसरे से उलझा हुआ है। उन्होंने पैसे लेकर टिकट बेचने का आरोप लगाते हुए कहा कि यहां सब कुछ पैसों के खेल से तय हो रहा है। बिहार की जनता सब देख रही है। एक तरफ एनडीए है 5पांडवों की पार्टी, जहां सीट शेयरिंग और प्रत्याशियों की घोषणा सौहार्दपूर्ण माहौल में हुई है।

### जनसुराज के कर्मवीर भाजपा में शामिल

भाजपा मीडिया सेंटर पर मिलन समारोह का आयोजन किया गया था। इसमें जन सुराज के प्रदेश प्रवक्ता सह वेंडर्स एसोसिएशन के राज्य समन्वयक डॉ. अमित कुमार पासवान, मानस भूमि विद्यालय सीनियर सेकंडरी स्कूल की निदेशक सह पूर्व जिला पार्षद अनिता कुमारी और जन सुराज के संस्थापक सदस्य कर्मवीर कुशवाहा सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। आंबेडकर छात्रावास से आए आशुतोष पासवान, विकास कुमार, राहुल कुमार, टिंकू कुमार, नीतीश कुमार, कृष्णा पासवान, शिबू कुमार, तरुण कुमार आदि शामिल हो गए।

### लालू जी दरवाजा मत खोलना वरना...', गिरिराज



इस बीच केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता गिरिराज सिंह ने आरजेडी प्रमुख लालू प्रसाद यादव पर तंज कसा है। उन्होंने कहा है कि महागठबंधन में टिकट खरीद-बिक्री को लेकर एक दूसरे का सिर फुटव्वल हो रहा है। मैं लालू प्रसाद यादव से निवेदन करूंगा, दरवाजा मत खोलिए, वरना ये आपका भी कुर्ता फाड़ देंगे।

### अमौर से सबा का टिकट काट साबिर को दिया फिर पलटा

जेडीयू में अजब-गजब



जेडीयू में अजब-गजब खेल चल रहा है। पूर्णिया की अमौर सीट पर दो दिनों से प्रत्याशियों की अदला-बदली का खेल जारी है। पार्टी ने फिर अपना उम्मीदवार बदल दिया है। अमौर विधानसभा क्षेत्र से सबा जफर ही जदयू प्रत्याशी होंगे। बिहार सरकार की निवर्तमान मंत्री लेशी सिंह के आवास पर बैठक हुई।

**जेडीयू को बड़ा झटका, औरंगाबाद में पूरी जिला कमेटी का इस्तीफा**

चुनाव से पहले जेडीयू को बड़ा झटका लगा है। पार्टी की पूरी औरंगाबाद जिला कमेटी ने अपने पदों से सामूहिक इस्तीफा दे दिया है। इस कदम से जिले में जदयू संगठन में भूचाल आ गया है। पूर्व जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार को कमान दी है।

टिकट कटने पर आरजेडी में फूटा गुस्सा

## राबड़ी आवास के बाहर फूट-फूटकर रोए नेता फाड़ा कुर्ता,करीब 3 करोड़ मांगने की बात की

पूर्वी चंपारण जिले की मधुबन विधानसभा सीट से राजद के पूर्व प्रत्याशी मदन साह का दर्द रविवार को राबड़ी आवास के बाहर फूट पड़ा। उन्होंने पार्टी से टिकट नहीं मिलने पर अपना कुर्ता फाड़ लिया और फूट-फूटकर रोने लगे। इस दौरान उन्होंने तेजस्वी यादव के राजनीतिक सलाहकार संजय यादव पर टिकट बेचने का गंभीर आरोप लगाया। साह का आरोप है कि कि तेजस्वी यादव के करीबी व राज्यसभा सांसद संजय यादव ने मुझसे 2 करोड़ 70 लाख रुपए की मांग की थी। पैसे नहीं देने पर मेरा टिकट काट दिया गया। मैं बर्बाद हो गया हूं। बेटा-बेटी की शादी तक टाल दी थी चुनाव के लिए।



### टिकट कटने के बाद फफक कर रोने लगीं राजद नेता



टिकट बंटवारे को लेकर राजद के भीतर नाराजगी खुलकर सामने आने लगी है। सोमवार को राबड़ी देवी के आवास पर उस वक्त भावुक पल देखने को मिला, जब गया की बाराचट्टी विधानसभा सीट से टिकट की दावेदारी कर रहीं उषा देवी टिकट कटने के बाद रोती हुई नजर आईं।

### नामांकन बचा पर गणेश हो गए निर्दलीय



बिहार विधानसभा के पहले चरण के चुनाव में बड़ी संख्या में उम्मीदवारों का नॉमिनेशन रिजेक्ट हो गया। चिराग की पार्टी लोजपा-आर की मढ़ौरा की उम्मीदवार सीमा सिंह का नॉमिनेशन रद्द होने से एनडीए को बड़ा झटका लगा। वोटिंग से पहले ही एनडीए एक सीट से बेदखल हो गई। इधर महागठबंधन खेमे में मुकेश सहनी की पार्टी वीआईपी के प्रत्याशी गणेश भारती से बड़ी भूल हो गई। उनका नॉमिनेशन को बच गया पर चुनाव चिन्ह रद्द कर दिया गया।

चुनाव और उप चुनावों पर ईसीआई ने दिखाई सख्ती

## बिहार चुनाव के साथ ही 8 सीटों के उपचुनाव में पर्यवेक्षकों की तैनाती की



बिहार विधानसभा चुनाव और 8 विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनावों के दौरान चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए चुनाव आयोग ने केंद्रीय पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है। आयोग ने पर्यवेक्षकों को नियुक्त किया है ताकि सभी राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों के लिए निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित किया जा सके। पहले चरण के बिहार के लिए 121 सामान्य पर्यवेक्षक और 18 पुलिस पर्यवेक्षक तैनात किए गए थे। वहीं, दूसरे चरण के लिए 122 सामान्य और 20 पुलिस पर्यवेक्षक तैनात किए गए हैं। वहीं 8 उपचुनाव क्षेत्रों के लिए भी 8 सामान्य और 8 पुलिस पर्यवेक्षक तैनात हैं। पर्यवेक्षक करीबी नजर रखें और मतदान केंद्रों का निरीक्षण करें।

### 6 साल बाद सक्रिय किया आर्थिक इंटेलिजेंस पैनल

आयोग ने 6 साल बाद अपनी आर्थिक खुफिया समिति को दोबारा सक्रिय किया है। जिससे चुनाव से पहले मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए पैसे, शराब और नशीले पदार्थों के इस्तेमाल पर अंकुश लगाया जा सके। अधिकारियों ने बताया कि मल्टी-डिपार्टमेंटल कमेटी ऑन इलेक्शन इंटेलिजेंस की बैठक शुक्रवार को दिल्ली में आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न प्रवर्तन एजेंसियों और केंद्रीय पुलिस बलों की रणनीति को और प्रभावी बनाने पर चर्चा की गई।

## खबर संक्षेप

### 96 लाख फर्जी वोटर साफ करें: राज ठाकरे

**मुंबई।** महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के प्रमुख राज ठाकरे ने महाराष्ट्र में 96 लाख फर्जी वोटर जोड़े जाने का गंभीर आरोप लगाया है और चेतावनी दी है कि अगर वोटर लिस्ट को साफ नहीं किया गया, तो स्थानीय निकाय चुनावों की पारदर्शिता पर सवाल उठेंगे। उन्होंने चुनाव आयोग को खुली चुनौती दी कि पहले मतदाता सूची साफ करें।



### पेट्रोल पंप पर नशेड़ियों का बवाल, सबको पीटा

**अकोला।** महाराष्ट्र के अकोला जिले में शराब के नशे में धुत कुछ लोगों ने पेट्रोल पंप पर जमकर उत्पात मचाया। नशे में चूर ये युवक पेट्रोल पंप पर मौजूद ग्राहकों, राहगीरों और कर्मचारियों के साथ लगातार गाली-गलौज कर रहे थे। जब कुछ ग्राहकों ने उन्हें गाली देने से मना किया तो इन गुंडों ने मारपीट शुरू कर दी।



### पटाखा बाजार में आग 80 दुकानें खाक

**फतेहपुर।** जिले के लोधीगंज हाईवे किनारे लगी पटाखा बाजार में रविवार दोपहर 12 बजे करीब आग लग गई। इससे पूरा इलाका धमाकों से गूंज उठा। पटाखों के धमाकों से भीड़ में खलबली मच गई। भागते लोग एक-दूसरे पर गिरकर चोटिल हुए। एक के बाद एक दुकानें आग की चपेट में आती चली गई। 80 से ज्यादा दुकानें जलने की खबर है।



### जैसलमेर बस अग्निकांड मृतकों का आंकड़ा बढ़ा

**जैसलमेर।** बस आग हादसे में मृतकों की संख्या बढ़कर 24 हो गई है। शनिवार को राजस्थान के कैबिनेट मंत्री जोगाराम पटेल जोधपुर प्रवास के दौरान महात्मा गांधी अस्पताल पहुंचे, जहां उन्होंने हादसे में घायल मरीजों से मुलाकात कर उनकी कुशलक्षेम जानी। डॉक्टरों से घायलों की स्थिति और उपचार के बारे में जानकारी ली।



सुप्रीम कोर्ट ने कई राज्यों पर जताई गहरी नाराजगी

# देशभर में 8.82 लाख आदेश 'अधर' में कर्नाटक हाईकोर्ट से जवाब तलब किया

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

देश की सर्वोच्च अदालत ने देशभर में लंबित पड़े 8.82 लाख से ज्यादा 'निष्पादन याचिकाओं' (अदालती आदेशों को लागू करवाने के लिए दायर याचिकाएं) पर सख्त नाराजगी जताई है। अदालत ने कहा कि ये स्थिति बेहद निराशाजनक और चिंताजनक है। जब किसी नागरिक विवाद में अदालत कोई फैसला दे देती है और हारने वाला पक्ष उस आदेश को मानने से इनकार कर देता है, तब विजेता पक्ष अदालत में निष्पादन याचिका दायर करता है ताकि आदेश लागू हो सके। यानी यह प्रक्रिया अदालत के आदेश को जमीन पर उतारने की होती है। इस दौरान शीर्ष कोर्ट ने कर्नाटक और तमिलनाडु की सरकार पर कई सवाल उठाए। अदालत ने इस बीच कठोर टिप्पणी करते हुए कहा कि न्याय में देरी न्याय से इनकार के बराबर है। यह बात केंद्र और राज्य सरकारों को सदैव ध्यान में रखनी चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं किया जा रहा है।

### अदालती आदेशों को लागू करवाने के लिए दायर याचिकाओं पर भड़का कोर्ट

अदालत कोई फैसला दे देती है और हारने वाला पक्ष उस आदेश को मानने से इनकार कर देता है, यह बड़ी ही अजीब बात है।

*आदेश लागू न तो तो ऐसे आदेश का क्या मतलब?*

**निष्पादन याचिका पर उठाए सवाल**

हाईकोर्ट और जिला अदालतें इस ढर्रे को तुरंत बदलें



जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस पंकज मित्तल की पीठ ने कहा कि अदालत का आदेश अगर वर्षों तक लागू ही न हो सके, तो फिर ऐसे आदेश का कोई मतलब नहीं रह जाता। यह न्याय का मजाक बन जाएगा। अदालत ने बताया कि कुल 8,82,578 निष्पादन याचिका लंबित हैं। मार्च 2024 से अब तक लगभग 3.38 लाख मामलों का निपटारा हुआ, लेकिन बाकी अब भी अटके हुए हैं। कोर्ट ने सभी हाईकोर्टों से कहा कि वे जिला अदालतों को स्पष्ट दिशा-निर्देश दें ताकि पुराने मामलों को जल्द निपटाया जा सके।

### 2004 में आदेश के बाद भी नहीं मिला जमीन का कब्जा

तमिलनाडु के अय्यावू उदयार ने 1980 में जमीन खरीदने का समझौता किया था। 1986 में केस दाखिल हुआ। 2004 में आदेश के बाद भी जमीन का कब्जा नहीं मिला। 2008 में कब्जे का आदेश हुआ, पर अमल फिर भी नहीं हुआ। आखिरकार मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा। अदालत ने कहा कि निचली अदालत और हाईकोर्ट ने इस मामले में गंभीर गलती की।

**न्याय में देरी न्याय से इनकार के बराबर**

सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि न्याय में देरी न्याय से इनकार के बराबर है। आदेशों को वर्षों तक लागू न कर पाना व्यवस्था पर ही सवाल उठाता है। अदालत चाहती है कि हाईकोर्ट और जिला अदालतें इस ढर्रे को तुरंत बदलें।




### कर्नाटक हाईकोर्ट ने जरूरी आंकड़े नहीं भेजे

कर्नाटक हाईकोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट को जरूरी आंकड़े नहीं भेजे। इस पर कोर्ट ने सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि रजिस्ट्रार जनरल दो हफ्तों में जवाब दें कि जानकारी क्यों नहीं दी गई। 6 मार्च को सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया था कि सभी हाईकोर्ट सर्कुलर जारी करें। निष्पादन याचिका छह महीने में निपटाई जाएं। अगर कोई देरी होती है तो संबंधित जज जिम्मेदार माने जाएंगे। कोर्ट ने मामला 10 अप्रैल 2026 को दोबारा सुनने का समय तय किया है। तब तक सभी हाईकोर्ट को लंबित और निपटाए गए मामलों के पूरे आंकड़े देने होंगे।

### धार्मिक स्वतंत्रता का उल्लंघन नहीं होता

#### ध्वस्त होगा अहमदाबाद की 400 साल पुरानी मस्जिद का हिस्सा

सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात हाई कोर्ट के आदेश को बरकरार रखा, जिसमें सड़क चौड़ीकरण परियोजना के लिए अहमदाबाद में 400 साल से ज्यादा पुराने मंच मस्जिद परिसर को आंशिक रूप से ध्वस्त करने की अनुमति दी गई थी। शीर्ष अदालत ने कहा कि यह कदम जनहित में उठाया गया और इससे धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार का उल्लंघन नहीं होता। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि खाली पड़ी जमीन का केवल एक हिस्सा और उससे सटे एक चबूतरे को ही हटाया जाना है, जबकि मस्जिद का मुख्य ढांचा वैसा ही रहेगा। इसी नागरिक परियोजना के तहत 1मंदिर, 1 व्यावसायिक इकाई और एक आवासीय संपत्ति को भी ध्वस्त करने चिह्नित किया गया।



नई दिल्ली में अत्याधुनिक यात्री सुविधा केंद्र

## अब यात्रियों को मिल रहा बेहतर अनुभव और सफर




एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

त्योहारों के सीजन में नई दिल्ली रेलवे स्टेशन ने यात्रियों का स्वागत एक और आधुनिक सुविधाओं के साथ किया है। अब यहां चमकदार फर्श, डिजिटल साइनबोर्ड, साफ-सुथरे शौचालय और ऑटोमैटिक टिकट वेंडिंग मशीनें नजर आ रही हैं। यह बदलाव 'यात्री सुविधा केंद्र की वजह से संभव हुआ है।करीब 6,000 वर्गमीटर क्षेत्र में बना है। एक समय में लगभग 7,000 यात्रियों को समायोजित कर सकता है। इसका उद्देश्य भीड़ को व्यवस्थित तरीके से संभालना और उन्हें यात्रा से पहले आरामदायक माहौल देना है। 652 वर्गमीटर क्षेत्र में साफ और आधुनिक शौचालय बनाए गए हैं। आरओ-आधारित पेयजल प्रणाली की भी व्यवस्था की गई है। यहां 24 स्पीकर वाला सार्वजनिक उद्घोषणा तंत्र और 3एलईडी डिस्प्ले लगाए गए हैं। केंद्र में फायर फाइटिंग सिस्टम, सीसीटीवी कैमरे, लगेज स्कैनर और मेटल डिटेक्टर भी लगाए गए हैं।

### केंद्र को 3 मुख्य हिस्सों में बांटा



केंद्र को 3 मुख्य हिस्सों में बांटा गया है प्री-टिकटिंग जोन (2,860 वर्गमीटर), टिकटिंग जोन (1,150 वर्गमीटर) और डिपार्चर जोन (1,218 वर्गमीटर)। यहां यात्रियों के बैठने के लिए बेंच उपलब्ध कराई गई हैं । इस केंद्र में इंतजार करना बिल्कुल मुफ्त है। टिकटिंग जोन में 22 आधुनिक टिकट काउंटर और 25 ऑटोमैटिक टिकट वेंडिंग मशीनें लगाई गई हैं। यात्रियों की सुविधा के लिए 200 लोगों के बैठने की व्यवस्था की गई है। पूरे क्षेत्र में हवा का बेहतर प्रवाह बनाए रखने के लिए 18 हाई-वॉल्यूम लो-स्पीड फैन लगाए गए हैं। इससे यात्रियों को सुविधा होगी।

### कर्मभूमि एक्सप्रेस से गिरकर 2 की मौत

**नासिक।** छठ पूजा के लिए कर्मभूमि एक्सप्रेस ट्रेन से बिहार जा रहे दो युवकों की गिरकर मौत हो गई। यह हादसा शनिवार रात महाराष्ट्र के नासिक रोड रेलवे स्टेशन के पास हुआ। एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा मुंबई के लोकमान्य तिलक टर्मिनस से बिहार के रक्सौल जा रही इस गाड़ी के नासिक रोड स्टेशन से रवाना होने के कुछ ही देर बाद हुआ।

तेल और गैस की खोज की जा रही: पुरी

## देश स्वच्छ, मजबूत व आत्मनिर्भर ऊर्जा भविष्य का निर्माण कर रहा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी नेकहा कि भारत एक स्वच्छ, मजबूत और आत्मनिर्भर ऊर्जा भविष्य की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि सरकार ने देश के 99 प्रतिशत अपतटीय क्षेत्र को तेल और गैस की खोज के लिए खोल दिया है और कच्चे तेल के आयात को पहले के 27 देशों से बढ़ाकर 40 से अधिक देशों तक कर दिया है। भारत की ऊर्जा नीति एक चार-आयामी दृष्टिकोण पर आधारित है। इसमें- कच्चे तेल के आयात में विविधता, तेल और गैस की घरेलू खोज में



वृद्धि, क्लीन एनर्जी ट्रांजिशन और प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना शामिल हैं। उज्ज्वला के तहत 10.60 करोड़ गरीब परिवारों को ईंधन के रूप में सब्सिडी वाले एलपीजी सिलेंडर दिए जा चुके हैं। हरदीप पुरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, भारत एक ऐसा भविष्य बना रहा है जहां ऊर्जा सुरक्षित, सस्ती और टिकाऊ होगी।

कर्नाटक सीएम सिद्धारमैया के बयान पर संघ का पलटवार

# वे सनातन से दूर भागेंगे तो मतदाता उनसे ही दूर होंगे

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया के सनातन पर दिए गए बयान पर संघ के नेताओं ने पलटवार किया है। भाजपा और संघ के नेताओं ने दावा किया कि सिद्धारमैया अपनी सरकार की विफलता छिपाने ऐसा बयान दे रहे हैं। विश्व हिंदू परिषद के नेता विनोद बंसल ने सीएम के बयान पर कहा कि सिद्धारमैया के माता-पिता के नाम में 'राम' है, जिनकी पत्नी का नाम 'पार्वती' है और जो खुद सिद्धारमैया कहलाते हैं, लोगों को 'सनातनियों' की संगति से दूर रहने की सलाह दे रहे हैं। उनके मंत्रिमंडल के मंत्री सनातन को खत्म कर दो क्योंकि यह डेंगू और मलेरिया फैलाता है और वे आरएसएस और बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाते हैं। वे सनातन से जितना दूर जाएंगे, उनके मतदाता उनसे उतना ही दूर होते जाएंगे।



### भाजपा सांसद शेट्टार ने मुख्यमंत्री पर निशाना साधा

#### सिद्धारमैया विफल सीएम, भ्रष्टाचार चरम पर: शेट्टार



उनके बयान पर पलटवार करते हुए भाजपा सांसद जगदीश शेट्टार ने कहा कि केवल अपनी सुविधा के लिए वह ये सभी बयान दे रहे हैं, क्योंकि उनका प्रशासन और कानून-व्यवस्था विफल है। भ्रष्टाचार बहुत ज्यादा है। वे आरएसएस के खिलाफ बिना किसी ठोस सबूत के आरोप लगा रहे हैं।

**सिद्धारमैया ने यह कहा था**

सिद्धारमैया ने एक बयान में लोगों से अपील करते हुए कहा कि अपनी संगति सही रखें। उन लोगों के साथ जुड़ें जो समाज के लिए खड़े हैं, न कि उन लोगों के साथ जो सामाजिक बदलाव का विरोध करते हैं, जैसे सनातनी। सिद्धारमैया ने नागरिकों से समाज में प्रगतिशील और तार्किक ताकतों के साथ जुड़ने का आग्रह किया। इसी बयान पर बवाल मचा हुआ है।

### संघ से कांग्रेस की दुश्मनी नई नहीं

संघ के नेता राजीव तुली ने कहा कि आरएसएस से कांग्रेस की दुश्मनी पुरानी है, ये नई नहीं। महात्मा जी की हत्या से एक हफ्ते पहले एक सीएम को लिखे पत्र में पं. नेहरू ने कहा था आरएसएस के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही है। तुली ने कहा कि 1948 में नेहरू ने सरदार पटेल पर आरएसएस पर प्रतिबंध लगाने का दबाव डाला। 28 दिन बाद सरदार पटेल ने नेहरू को एक पत्र लिखा कि उन्हें पता चला है कि महात्मा गांधी की हत्या में आरएसएस का कोई हाथ नहीं था।



### अमेरिका के इतिहास में पहली बार राष्ट्रपति के विरोध में उमड़ा इतना बड़ा जनसैलाब

# राष्ट्रपति ट्रंप की नीतियों के खिलाफ 2700 स्थानों पर एकत्रित हो गई 70 लाख लोग की भीड़

**अमेरिकी में नो किंग्स प्रोटेस्ट के दौरान सड़कें हो गईं जाम पांव रखना मुश्किल**

**अब और नहीं और हमें बदलाव चाहिए जैसे नारे लगाए गए**

**ट्रंप के खिलाफ लोगों में दिखा भारी गुस्सा**

एजेंसी ▶▶ वाशिंगटन

अमेरिका की सड़कों पर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ लाखों लोग सड़क पर उतर चुके हैं। यह अमेरिका के इतिहास का सबसे बड़ा विरोध प्रदर्शन है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ अब तक का सबसे बड़ा विरोध प्रदर्शन करने के लिए अमेरिकी की जनता सड़क पर मार्च कर रही है। इस दौरान अमेरिका के 2700 स्थानों पर 70 लाख से ज्यादा लोग ट्रंप की नीतियों, खासकर उनके ट्रांसजेंडर विरोधी बयान और अन्य विवादास्पद फैसलों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। ट्रंप के खिलाफ लोगों में भारी गुस्सा है। इस विशाल विरोध प्रदर्शन में विभिन्न सामाजिक, राजनीतिक और नागरिक समूहों ने भाग लिया, जिसमें महिलाओं के अधिकारों के लिए कार्य करने वाले संगठनों से लेकर पर्यावरण कार्यकर्ता और ट्रंप प्रशासन की नीतियों के विरोधी



शामिल थे। प्रदर्शनकारियों ने ट्रंप के शासनकाल की आलोचना करते हुए 'अब और नहीं' और 'हमें बदलाव चाहिए' जैसे नारे लगाए। इस विरोध प्रदर्शन का आह्वान ट्रंप के प्रशासन के खिलाफ बढ़ते असंतोष और उनके द्वारा उठाए गए निर्णयों के विरोध में किया गया था।

### ट्रांसजेंडरों के खिलाफ उठाए कदमों से घिरे ट्रंप

*यह विरोध प्रदर्शन ट्रंप की विभिन्न नीतियों के खिलाफ है। इसमें विशेष रूप से ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के अधिकारों के खिलाफ उठाए गए उनके कदमों और उनके कार्यकाल के दौरान किए गए अन्य विवादास्पद कार्यों ने देशभर में गहरे विरोध को जन्म दे दिया है। शामिल मुद्दों में गर्भपात के अधिकारों पर प्रतिबंध, जलवायु परिवर्तन के खिलाफ की गई नीतियां, और सामाजिक असमानताओं में वृद्धि भी प्रमुख हैं।*

### ट्रंप पर लोकतांत्रिक संस्थाओं पर हमले का आरोप

*न्यायपालिका में ट्रंप द्वारा नियुक्त किए गए न्यायधीशों के फैसलों और संघीय पुलिस के कुछ आक्रामक कदमों के विरोध में कई संगठनों ने मिलकर यह विरोध प्रदर्शन आयोजित किया गया। एक ओर जहां प्रदर्शनकारियों का कहना था कि ट्रंप के शासन में लोकतांत्रिक संस्थाओं पर हमला हो रहा है, वहीं दूसरी ओर प्रशासन ने इन विरोधों को राजनीतिक साजिश और सामाजिक असंतोष फैलाने की कोशिश के रूप में प्रस्तुत किया। इसे 'नो किंग्स प्रोटेस्ट' नाम दिया गया है। यानि अब ट्रंप की तानाशाही नहीं चलेगी का नारा लगाया जा रहा है।*

### देश भर में बदलाव की मांग बुलंद

*यह प्रदर्शन न केवल एक राजनीतिक है, बल्कि यह देशभर में बदलाव की मांग और सामाजिक न्याय की रक्षा के लिए एक बुलंद आवाज के रूप में उभरा है। अमेरिका के बड़े शहरों से लेकर छोटे कस्बों तक हर जगह लोग सड़कों पर उतर चुके हैं। इस विशाल आंदोलन ने यह स्पष्ट कर दिया कि अमेरिका में ट्रंप के खिलाफ असंतोष बढ़ता जा रहा है। यह विरोध प्रदर्शन अमेरिका में ट्रंप के शासनकाल की सबसे बड़ी चुनौती बनकर उभरा है, जो निश्चित रूप से आगामी चुनावों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। राजनीतिक पर्यवेक्षकों का मानना है कि इस प्रकार के विरोधों से आने वाले समय में देश में बड़े राजनीतिक बदलाव हो सकते हैं।*

## खबर संक्षेप

### अमेरिका ने किया चीन पर साइबर हमला



**बीजिंग।** चीन ने रविवार को हमले के पीछे अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी (एनएसए) को जिम्मेदार ठहराया है। बीजिंग के अनुसार उसके राष्ट्रीय समय केंद्र पर बड़ा साइबर हमला किया गया है। चीन के अनुसार यह अमेरिका का साइबर हमला है। चीन ने आरोप लगाया कि अमेरिका के इस साइबर हमले से उसके नेटवर्क संचार, वित्तीय और विद्युत प्रणालियों को भारी नुकसान पहुंच सकता था। मगर चीनी सुरक्षा एजेंसियां सतर्क थीं, इससे नुकसान होने से रोक लिया गया।

### यूक्रेन के ड्रोन हमले से धुआं-धुआं हुआ रूसी प्लांट



**कीव।** रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध के बीच एक बार फिर ऊर्जा प्रतिष्ठान निशाने पर आ गया है। यूक्रेन ने दक्षिणी रूस के ओरेंबुर्ग क्षेत्र में स्थित एक प्रमुख गैस प्रोसेसिंग प्लांट पर ड्रोन हमला किया, जिससे वहां भीषण आग लग गई। यह संयंत्र रूस की सरकारी ऊर्जा कंपनी गैजप्रोम के नियंत्रण में है। स्थानीय गवर्नर येवगेनी सोलनत्सेव के अनुसार, ड्रोन हमले से संयंत्र के एक कार्यशाला हिस्से में आग लगी और उसका कुछ हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया।

### इजराइल ने किया हमास पर हमला, बढ़ेगा तनाव



**तेल अवीव।** इजरायल और हमास के बीच युद्धविराम को लेकर जारी तनाव के बीच इजराइली सेना ने गाजा पर हमला किया है। रिपोर्ट के अनुसार, यह हमला ऐसे समय में किया गया है जब अमेरिकी ने फिलिस्तीनी आतंकवादी संगठन हमास पर गाजा पट्टी में फिलिस्तीनी लोगों पर हमले की योजना का आरोप लगाया था। हमास ने इन आरोपों को इजराइली प्रोपेगैंडा बताकर खारिज कर दिया है। इजराइली सेना ने गाजा में हमले को लेकर कोई टिप्पणी नहीं की है।

### यूरोपीय संघ का बाजार भारत के कुल निर्यात का लगभग 17 प्रतिशत

# भारत और यूरोपीय संघ के बीच होगी व्यापार वार्ता, गोयल इसी महीने करेंगे ब्रुसेल्स का दौरा

- गबर्लिन ग्लोबल डायलॉग का आयोजन 23 से 25 अक्टूबर के बीच होगा
- गोयल यूरोपीय संघ के व्यापार आयुक्त मारोस सेफ्कोविक से मुलाकात करेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल भारत और यूरोपीय संघ के बीच मुक्त व्यापार समझौते के लिए चल रही बातचीत को गति देने के लिए इस महीने के अंत में ब्रुसेल्स का दौरा करेंगे। अधिकारी ने बताया कि मंत्री इस दौरान बर्लिन ग्लोबल डायलॉग में भाग लेने के लिए यूरोप में रहेंगे।

यह आयोजन 23 से 25 अक्टूबर के बीच होगा। इसके बाद, ब्रुसेल्स में यूरोपीय संघ के साथ व्यापार वार्ता होगी। गोयल यूरोपीय संघ के व्यापार आयुक्त मारोस सेफ्कोविक से मुलाकात करेंगे। बता कि वैश्विक स्तर पर भारत एक दूसरे देशों के लिए एक बड़ा बाजार है जहां से हर एक देश व्यापार करना चाहता है।



### दिसंबर तक व्यापार वार्ता समाप्त करने का निर्णय

*वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने ब्रुसेल्स में यूरोपीय आयोग (ईसी) के व्यापार महानिदेशक (डीजी-ट्रेड) सबाइन वेयंड के साथ भी बातचीत की। दोनों पक्षों के बीच बातचीत बढ़ गई है क्योंकि उन्होंने दिसंबर तक वार्ता समाप्त करने का निर्णय लिया है।*

### गोयल न्यूजीलैंड के साथ करेंगे व्यापार वार्ता

*यूरोप की अपनी यात्रा के बाद, गोयल न्यूजीलैंड जाएंगे। दोनों देशों ने मार्च में एक मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत शुरू की थी और इस पर तीन दौर की वार्ता हो चुकी है। जून 2022 में, भारत और यूरोपीय संघ ने आठ वर्षों से अधिक के अंतराल के बाद एक व्यापक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए), एक निवेश संरक्षण समझौते और भौगोलिक संकेतकों पर एक समझौते पर बातचीत फिर से शुरू की। बाजारों को खोलने के स्तर पर मतभेदों के कारण यह बातचीत 2013 में रुक गई थी।*

### यूरोपीय संघ का बाजार भारत के कुल निर्यात का 17 प्रतिशत

*यूरोपीय संघ के साथ भारत का द्विपक्षीय वस्तु व्यापार 2024-25 में 136.53 अरब डॉलर (75.85 अरब डॉलर का निर्यात और 60.68 अरब डॉलर का आयात) था। यह वस्तुओं के लिए सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार बन गया। यूरोपीय संघ का बाजार भारत के कुल निर्यात का लगभग 17 प्रतिशत है, और भारत को यूरोपीय संघ का निर्यात उसके कुल विदेशी निर्यात का 9 प्रतिशत है।*

### यूरोपीय संघ भारत का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार



- यूरोपीय संघ भारत का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है, जिसका 2024 में 120 बिलियन यूरो मूल्य का वस्तु व्यापार होगा, जो भारत के कुल व्यापार का 11.5% होगा।
- भारत यूरोपीय संघ का नौवां सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है, जिसका 2024 में यूरोपीय संघ के कुल वस्तु व्यापार में 2.4 प्रतिशत का योगदान होगा, जो अमेरिका (17.3 प्रतिशत), चीन (14.6%) या ब्रिटेन (10.1%) से काफी पीछे है।
- पिछले दशक में यूरोपीय संघ और भारत के बीच वस्तु व्यापार में लगभग 90% की वृद्धि हुई है। भारत से यूरोपीय संघ के आयात में मुख्यतः मशीनरी और उपकरण, रसायन, आधार धातुएं, खनिज उत्पाद और वस्त्र शामिल हैं।
- यूरोपीय संघ द्वारा भारत को किए जाने वाले मुख्य निर्यात में मशीनरी और उपकरण, परिवहन उपकरण और रसायन शामिल हैं। 2023 में सेवाओं का व्यापार यूरो 59.7 बिलियन तक पहुंच जाएगा (जिसमें यूरोपीय संघ का घाटा यूरो 7.9 बिलियन होगा)।
- भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) में यूरोपीय संघ का हिस्सा 2023 में 140.1 अरब यूरो तक पहुंच गया, जो 2019 में 82.3 अरब यूरो था। इस तरह, यूरोपीय संघ भारत में एक प्रमुख विदेशी निवेशक बन गया।
- यूरोपीय संघ में भारत का एफडीआई हिस्सा 10.2 अरब यूरो था। भारत में लगभग 6,000 यूरोपीय कंपनियां मौजूद हैं।

### दुनिया के सबसे बड़े संग्रहालय में फिर चोरी!

# नेपोलियन के शाही रत्न गायब, मच गया हड़कंप



एजेंसी ▶▶ पेरिस

फ्रांस के लूव्र संग्रहालय में रविवार को चोरी की एक घटना हुई और इसे दिन भर के लिए बंद कर दिया गया है जबकि प्राधिकारी मामले की जांच कर रहे हैं। यह जानकारी फ्रांस की संस्कृति मंत्री रचिदा दाती ने दी। रचिदा ने एक्स पर लिखा, लूव्र संग्रहालय खुलने के समय चोरी की एक घटना हुई। लूव्र संग्रहालय की ओर से कहा गया कि यह (संग्रहालय) असाधारण कारणों से बंद रहेगा, हालांकि चोरी के बारे में कोई और जानकारी नहीं दी गई। इस घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। दाती ने कहा कि वह घटनास्थल पर मौजूद हैं और जांच की जा रही है।फ्रांसीसी मीडिया के अनुसार, अपराधी दुनिया के सबसे अधिक देखे जाने वाले संग्रहालय और पूर्व महल में उस ओर से घुसे, जहां निर्माण कार्य हो रहा है। खबर में कहा गया है कि उन्होंने अपोलो गैलरी के लक्षित कमरे तक सीधे पहुंचने के लिए एक मालवाहक लिफ्ट का इस्तेमाल किया। खिड़कियां तोड़ने के बाद, अपराधियों ने कथित तौर पर नेपोलियन और महारानी के आभूषण संग्रह से नौ आभूषण चुरा लिये। लूव्र संग्रहालय में चोरी और डकैती के प्रयासों का एक लंबा इतिहास रहा है।

### 1911 से ही चोरों के निशाने पर रहा संग्रहालय

*वर्ष 1911 में हुई घटना में मोना लिसा की पेंटिंग फ्रेम से गायब हो गई थी, जिसे विन्सेन्जो पेरुगिया नामक एक पूर्व कर्मचारी ने चुरा लिया था, जो संग्रहालय के अंदर छिप गया और पेंटिंग अपने कोट के नीचे छिपाकर बाहर निकल गया। पेंटिंग दो साल बाद फ्लोरेंस में बरामद की गई। इस घटना ने लियोनार्डो दा विंची के चित्र को दुनिया की सबसे प्रसिद्ध कलाकृति बनाने में मदद की। लूव्र में मेसोपोटामिया, मिस्र से लेकर दुनिया भर की प्राचीन वस्तुओं, मूर्तिकला और चित्रकला की 33,000 से अधिक कृतियां प्रदर्शित हैं। चोरी की घटना गैलरी डी'अपोलोन में रविवार को हुई थी, जहां फ्रांसीसी राजसी रत्नों का संग्रह प्रदर्शित है। संग्रहालय में प्रतिदिन 30,000 तक आगंतुक आ सकते हैं।*

### 6 साल का टूटेगा रिकॉर्ड

## कनाडा से जबरदस्ती निकाले जा रहे भारतीय

एजेंसी ▶▶ ओटावा

कनाडा में भारतीय नागरिकों के लिए हालात लगातार मुश्किल होते जा रहे हैं। इमिग्रेशन सिस्टम में सुधार की आड़ में अब भारतीयों को जबरन डिपोर्ट किए जाने के मामले तेजी से बढ़े हैं। कनाडा की कनाडियन बॉर्डर सर्विसेज एजेंसी के ताजा आंकड़ों के मुताबिक 2024 में अब तक 1,891 भारतीयों को देश से निकाला जा चुका है, और यह संख्या साल खत्म होने से पहले ही 2024 के रिकॉर्ड को पार करने की कगार पर है। साल 2019 में जहां सिर्फ 625 भारतीय



नागरिकों को कनाडा से निकाला गया था। वहीं अब यह आंकड़ा छह गुना से ज्यादा हो चुका है। इस साल जुलाई तक के आंकड़े बताते हैं कि भारत अब कनाडा से जबरन निकाले गए नागरिकों की सूची में दूसरे स्थान पर है, पहले नंबर पर हैं मैक्सिको। सीबीएसए के अनुसार, 28 जुलाई 24 तक 1,891 भारतीयों को डिपोर्ट किया गया।

### दोनों देश युद्ध विराम को हुए तैयार

## अब शांति चाहते हैं दोनों पाकिस्तान-अफगानिस्तान

एजेंसी ▶▶ दोहा

कतर के विदेश मंत्रालय ने आज तड़के ऐलान किया कि पाकिस्तान और अफगानिस्तान कतर के दोहा में आयोजित बातचीत के दौरान युद्धविराम पर सहमती बन गई है।

तुर्की की मध्यस्थता में हो रही इस बातचीत का मकसद एक हफ्ते से चल रहे भीषण सीमा संघर्ष को खत्म करना है। इस संघर्ष में दर्जनों लोग मारे गए और सैकड़ों घायल हो गए हैं। बता दें कियह चर्चा अफगानिस्तान और पाकिस्तान की लड़ाई में दर्जनों लोगों के मारे जाने के बाद हुई है, जो 2021 में काबुल



में तालिबान के सत्ता में लौटने के बाद से दोनों पड़ोसियों के बीच सबसे खराब टकराव है। अफगान अधिकारियों ने पुष्टि की कि रक्षा मंत्री मुल्ला मुहम्मद याकूब के नेतृत्व में काबुल प्रतिनिधिमंडल ने दोहा वार्ता में भाग लिया, जबकि पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा मुहम्मद आसिफ ने तालिबान प्रतिनिधियों के साथ चर्चा का नेतृत्व किया।

### सऊदी अरब में खत्म हुआ 'कफाला सिस्टम'

## लाखों विदेशी वर्कर्स को मिली नई 'आजादी'!

एजेंसी ▶▶ रियाद

सऊदी अरब ने 50 साल पुराने कफाला सिस्टम को आधिकारिक तौर पर खत्म कर दिया है। ये एक लेबर स्पांसरशिप फ्रेमवर्क था, जिसमें विदेशी वर्कर्स के रहने और जॉब करने के अधिकार सिर्फ एक कंपनी या नियोक्ता से जुड़े होते थे।

रिपोर्ट के मुताबिक, इस बदलाव का ऐलान जून 2025 में ही कर दिया गया था, लेकिन अब ये आधिकारिक तौर पर खत्म कर दिया गया है। कफाला सिस्टम खत्म होने से 1.3 करोड़ से ज्यादा विदेशी वर्कर्स को आजादी मिली है, जिसमें भारत के भी लाखों वर्कर्स शामिल हैं। कफाला सिस्टम को अरबी में



'स्पांसरशिप' के तौर पर जाना जाता है। ये एक मॉडर्न स्पांसरशिप रूट था, जिसका इस्तेमाल 1950 के दशक से ही खाड़ी के देशों में हो रहा है। सऊदी अरब, कतर, कुवैत, जॉर्डन जैसे देशों में कफाला सिस्टम आम है। इसके तहत विदेशी वर्कर्स का कानूनी स्टेटस सीधे तौर पर उसकी कंपनी (कफील) से जुड़ा होता था। इस वजह से कंपनी के पास वर्कर्स से ज्यादा अधिकार होते थे। कफाला सिस्टम से बंधा वर्कर ना तो जॉब बदल सकता था, ना कंपनी की इजाजत लिए बगैर देश छोड़ सकता था और ना ही उसे कानूनी मदद मिल सकती थी। इस वजह से वर्कर्स का काफी शोषण होता था। इस सिस्टम को इसलिए डिजाइन किया गया था, ताकि विदेशी वर्कर की कानूनी और प्रशासनिक जिम्मेदारी (वीजा और रेजिडेंसी स्टेटस सहित) सीधे कंपनी या उस शख्स को सौंप दी जाए, जहां वह काम करने आ रहा है। आसान भाषा में कहें तो वर्कर की जिम्मेदारी कफील के हाथ में होती थी। कफाला सिस्टम से राज्य की नौकरशाही पर दबाव नहीं पड़ता था, क्योंकि सारा काम खुद कफील को देखना होता था।

### द्विपक्षीय रक्षा संबंधों में एक महत्वपूर्ण मंच

## ऑस्ट्रेलिया में भारतीय सेना कर रही है संयुक्त सैन्य अभ्यास 'ऑस्ट्राहिंद'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय सेना और ऑस्ट्रेलियाई सेना के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास 'ऑस्ट्राहिंद-2025' ऑस्ट्रेलिया में पूरे उत्साह और जोश के साथ आयोजित किया जा रहा है।

यह अभ्यास विशेष रूप से आतंकवाद-रोधी अभियानों, उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में ऑपरेशन, और संयुक्त मानवीय सहायता एवं आपदा राहत कार्यों पर केंद्रित है। दोनों देशों के बीच यह इस सैन्य अभ्यास का चौथा संस्करण है। इस अभ्यास में दोनों देशों की सेनाओं के जवान संयुक्त प्रशिक्षण



गतिविधियों, सामरिक अभ्यासों, फायरिंग ड्रिल और योग सत्रों में भाग ले रहे हैं। इन गतिविधियों के माध्यम से सैनिक अनुशासन, तालमेल और साझी कार्यप्रणाली का प्रदर्शन कर रहे हैं, जो भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बढ़ती रक्षा साझेदारी और रणनीतिक सहयोग का प्रतीक है। भारतीय सेना के मुताबिक अभ्यास का उद्देश्य दोनों सेनाओं के बीच अंतर-संचालन क्षमता को बढ़ाना, संयुक्त परिचालन प्रक्रियाओं की समझ विकसित करना तथा साझा सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए आपसी सहयोग को सुदृढ़ करना है। अभ्यास के दौरान दोनों सेनाओं के बीच संयुक्त कमांड पोस्ट अभ्यास, फील्ड प्रशिक्षण और लाइव फायर अभ्यास भी किए जा रहे हैं। इससे वास्तविक युद्धक परिस्थितियों में सैन्य क्षमता को मजबूत किया जा सकेगा। 'ऑस्ट्राहिंद' श्रृंखला का यह अभ्यास भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 2022 में आरंभ हुआ था और तब से यह द्विपक्षीय रक्षा संबंधों में एक महत्वपूर्ण मंच बन चुका है।

### 4000 करोड़ की लागत में बना है ये 'इनवर्टेड ग्राउंडस्क्रैपर'

**होटल में कुल 337 कमरे हैं, जिनमें से हर एक में वॉइस-कंट्रोल सिस्टम**

# खदान के अंदर बने वाटरफॉल होटल की 16 मंजिलें बनी हैं जमीन के 88 मीटर नीचे

एजेंसी ▶▶ बीजिंग

दुनिया में ऐसी कई इमारतें हैं, जो अपनी अनोखी आर्किटेक्चर के लिए जानी जाती हैं। इस लिस्ट में चीन के एक खास होटल का नाम भी शामिल है। यह होटल एक खदान के अंदर बना है और वॉटर फॉल होटल के नाम से जाना जाता है। चीन के शंघाई शहर के सोंगजियांग जिले में स्थित इंटरकॉन्टिनेंटल शंघाई वंडरलैंड होटल आर्किटेक्चर और इंजीनियरिंग का एक शानदार उदाहरण है। यह अनोखा होटल एक पुरानी खदान के अंदर बना है, जिसकी वजह से इसे 'क्वारी होटल' या 'खदान होटल' के नाम से भी जाना जाता है। इस होटल का इतिहास काफी दिलचस्प है। इस खदान को 1950 के दशक में जापानियों ने युद्ध के दौरान बंकर बनाने के लिए खोदा था। बाद में इसे आंशिक रूप से पानी से भरकर एक आर्टिफिशियल झील में बदल दिया गया। साल 2006 में शंघाई के एक प्रॉपर्टी ग्रुप ने इस जगह में संभावना देखी और इसे एक लग्जरी होटल में तब्दील करने का फैसला किया। इस प्रोजेक्ट की शुरुआत 2009 में हुई और इसे पूरा करने में करीब 4 हजार करोड़ रुपये की लागत आई।



पानी के नीचे बना है सीफूड रेस्टोरेंट

### क्यों कहा जाता है वाटरफॉल होटल?

*होटल की सबसे खास बात इसकी संरचना है, जो 88 मीटर गहरी खदान की दीवारों में बनाई गई है। इसमें कुल 18 मंजिलें हैं, जिनमें से 16 भूमिगत और दो मंजिलें पानी के नीचे स्थित हैं। इसके सामने 90 मीटर ऊंचा कृत्रिम झरना होटल की खूबसूरती में चार चांद लगाता है, जिसके कारण इसे 'वॉटरफॉल होटल' भी कहा जाता है। इस होटल को डिजाइन करने के लिए कई मशहूर आर्किटेक्चर फर्म्स को चुना गया। होटल की डिजाइन में फेंगशुई के प्रिंसिपल्स को अपनाया गया है और इसे 'इनवर्टेड ग्राउंडस्क्रेपर' कहा जाता है।*

### आराम और रोमांच का अनुभव

*इस होटल में ठहरना केवल आराम का नहीं, बल्कि रोमांच का भी अनुभव है। यहां क्लिफ के किनारे बने विला और पानी के नीचे बने सुइट्स हैं, जहां कांच की दीवारों से मेहमान सीधे झील के भीतर का नजारा देख सकते हैं। होटल में कुल 337 कमरे हैं, जिनमें से हर एक में वॉइस-कंट्रोल सिस्टम जैसी सुविधाएं मौजूद हैं। खाने-पीने के लिए होटल में पानी के नीचे बना सीफूड रेस्टोरेंट, कैंटोनीज फाइन डाइनिंग और क्वारी बार जैसे ऑप्शन मौजूद हैं। इसके अलावा, होटल में वॉटर स्पोर्ट्स एरिया, इंफिनिटी पूल और स्पा की सुविधा भी है। रोमांच पसंद करने वालों के लिए पास के थीम पार्क में जिपलाइन, बंजी जंप, रॉक क्लाइम्बिंग और ग्लास वॉकवे जैसी गतिविधियां मौजूद हैं।*



# गदर के बाद अब गबरू बनेंगे सनी देओल

**मुंबई।** रविवार 19 अक्टूबर को अभिनेता सनी देओल ने अपना 68वां जन्मदिन मनाया। इस खास अवसर पर अभिनेता की नई फिल्म की घोषणा हुई है, जिसके फर्स्ट लुक में सनी पाजी प्रभावी अंदाज में नजर आ रहे हैं। अभिनेता सनी देओल की आगामी फिल्म का नाम 'गबरू' है। इस फिल्म को शशांक उदापुरकर ने लिखा और निर्देशित किया है। अभिनेता ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी आगामी फिल्म का फर्स्ट लुक जारी किया है। इसे साझा करते हुए अभिनेता ने कैप्शन में लिखा, 'शक्ति वो नहीं है जो आप दिखाते हैं, शक्ति वो है जो आप करते हैं! आप सभी के प्यार और आशीर्वाद के लिए धन्यवाद।

लाइफ Style

# परिणीति

## छोटी दिवाली को किया बेबी बॉय का वेलकम

एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा और राघव चड्ढा के घर छोटी दिवाली के खास मौके एक बड़ी खुशखबरी सुनने को मिली है। इस कपल ने इस शुभ अवसर पर अपने घर में नन्हे कदमों का वेलकम किया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

परिणीति चोपड़ा के पति राघव चड्ढा ने अपने सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर इस खुशखबरी को बताते हुए एक पोस्ट शेयर किया है, जिसमें उन्होंने बेटे को जन्म देने की खबर दी है और साथ ही एक खूबसूरत कैप्शन लिखा है। इस गुड न्यूज को शेयर करते ही कपल के फैंस खुशी से झूम उठे हैं और कमेंट सेक्शन में बधाई की झड़ी लग गई है। एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा और पॉलिटिशियन राघव चड्ढा काफी समय से अपने घर पर नन्हे मेहमान के आने का इंतजार कर रहे थे और दोनों इसके लिए तैयारियों में लगे हुए थे। वहीं, रविवार सुबह ही एक्ट्रेस को हॉस्पिटल में एडमिट करने की खबरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गई, जिसके बाद से ही फैंस बेसब्री से खुशखबरी का इंतजार कर रहे थे। वहीं, राघव ने इंस्टाग्राम पोस्ट को शेयर करते हुए लिखा, 'आखिरकार वो आ गया! हमारा बेटा और सच में हमें पहले की अपनी जिंदगी याद नहीं रहती! बाहें पूरी, हमारे दिल और भी पूरे। पहले हमारे पास हम दोनों थे, अब हमारे पास सबकुछ है। बहुत ही आभार के साथ परिणिती और राघव।'' आपको बता दें परिणीति चोपड़ा और राघव चड्ढा ने इस साल 25 अगस्त को अपनी प्रेग्नेंसी की गुड न्यूज दी थी।



हॉलीवुड मसाला



# चेहरे पर नकाब पहने दिखीं किम

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकन मॉडल और एक्ट्रेस किम कार्दशियन इस समय सुर्खियों में हैं। वजह है उनका अतंरगा आउटफिट। एक्ट्रेस लॉस एंजिल्स के एकेडमी म्यूजियम ऑफ मोशन पिक्चर्स में आयोजित पांचवें वार्षिक एकेडमी म्यूजियम गाला समारोह में शामिल हुईं। इस दौरान वो बोल्ड लुक में नजर आईं, लेकिन उन्होंने अपना चेहरा पूरी तरह से ढक रखा था। किम अपने अनोखे और अलबेले अंदाज के लिए जानी जाती हैं। एक बार फिर से एक्ट्रेस ने अपने नाटकीय अंदाज से सबको चौंका दिया। उन्होंने बेज रंग का आउटफिट पहना था और उनका चेहरा पूरी तरह से ढका हुआ था।



# द कलेक्टर और डॉक्टर डूलिटिल से मिली प्रसिद्धि

**लॉस एंजिल्स।** ब्रिटिश अभिनेत्री सामंथा एगर, जिन्हें द कलेक्टर में ऑस्कर-नामांकित भूमिका और डॉक्टर डूलिटिल में उनके यादगार अभिनय के लिए जाना जाता था। उनका 86 वर्ष की आयु में लॉस एंजिल्स में निधन हो गया। उनकी बेटी, अभिनेत्री जेना स्टर्न ने अपनी मां के अंतिम क्षणों को याद करते हुए तस्वीरें शेयर करते हुए भावुक श्रद्धांजलि अर्पित की। सामंथा एगर का जन्म साल 1939 में हुआ था। अपनी दौर की वो सबसे चर्चित अभिनेत्रियों में से एक थीं। उनकी सबसे चर्चित फिल्म साल 1965 में आई, जिसका नाम था 'द कलेक्टर', जो मनोवैज्ञानिक थ्रिलर फिल्म थी। इसमें उन्होंने टेरेंस स्टैम्प के साथ अभिनय किया था। मिरांडा ग्रे की उनकी दिलकश भूमिका के लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के लिए अकादमी पुरस्कार नामांकन, साथ ही गोल्डन ग्लोब और कान फिल्म समारोह में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार मिला।



# किसिंग सीन पर चली सेंसर बोर्ड की कैंची

**मुंबई।** मैडॉक हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स की फिल्म 'थामा' को सेंसर बोर्ड ने फिल्म को यूए सर्टिफिकेट दिया है, यानि बच्चों से लेकर बूढ़ों तक सभी उम्र के लोग इस फिल्म का मजा थिएटर्स में जाकर ले सकेंगे। लेकिन, साथ ही साथ कई जगहों पर बदलाव भी किए गए हैं, जो हो सकता है कि कुछ सीन्स का मजा फीका या आधा कर दें। सीबीएफसी ने तीन जगह पर ऑडियो कट लगाया है और एक सीन बदलने को कहा है। इसके अलावा भी कई जगहों पर छोटे-बड़े बदलाव किए गए हैं। सेंसर बोर्ड ने फिल्म के एक सीन में खून पीने की आवाज को कम किए जाने को कहा है। इसके अलावा एक जगह पर 'अलेक्जेंडर' की जगह 'सिकंदर' शब्द इस्तेमाल करने को कहा। फिल्म में एक जगह पर 'अश्वत्थामा' शब्द का इस्तेमाल किया गया है, जिसे बोर्ड ने म्यूट करने को कहा है।



# ली जंग ने शेयर की शाहरुख संग सेल्फी

**मुंबई।** शाहरुख खान सऊदी अरब के रियाद में जॉय फोरम इवेंट शामिल हुए। इस इवेंट में सलमान, आमिर खान भी मौजूद थे। लेकिन, स्क्विड गेम सीरीज एक्टर ली जंग जे जब शाहरुख खान के साथ सेल्फी शेयर की तो फैंस की खुशी ठिकाना नहीं रहा। यूजर्स ने इस सेल्फी पर जमकर रिएक्शन दिए हैं। शनिवार रात 'स्क्विड गेम' सीरीज एक्टर ली जंग जे शाहरुख खान के साथ इंस्टाग्राम पर एक सेल्फी शेयर की। इस सेल्फी के साथ एक कैप्शन लिखा, 'आइकन शाहरुख खान के साथ होने पर सम्मानित महसूस कर रहा हूं।' सेल्फी में जी जंग और शाहरुख मुस्कुरा रहे हैं। फैंस को यह सेल्फी काफी पसंद आई है। यूजर्स ने जब शाहरुख खान और 'स्क्विड गेम' सीरीज एक्टर ली जंग की सेल्फी देखी तो इसे सदी का सबसे बड़ा कोलैब बताया।

टीवी मसाला

# बिग बॉस-19 में दिवाली बनी इमोशनल नाइट

**नई दिल्ली।** सलमान खान के शो 'बिग बॉस 19' में दिवाली के मौके पर कई धमाके देखने को मिलेंगे तो इमोशनल मोड़ भी आएगा। शनिवार को 'वीकेंड के वार' में सलमान खान ने फरहाना भट्ट और मालती चाहर सहित कई



कंटेस्टेंट की क्लास लगाई। यह एपिसोड खास रहा क्योंकि रविवार वीकेंड के वार में प्रतिभागियों के परिवार वालों ने उनके लिए विशेष मैसेज भेजे हैं। इस एपिसोड में घरवालों के आंसू निकल रहे हैं, और इसका कारण सलमान की डांट नहीं, बल्कि परिवार वालों की तरफ से भेजे गए तोहफे और मैसेज हैं। शो का नया प्रोमो रिलीज हुआ है जिसमें फिल्म 'थामा'के लीड एक्टर नवाजुद्दीन सिद्दीकी, रश्मिका मंदाना और आयुष्मान खुराना नजर आ रहे हैं। प्रोमो में आयुष्मान खुराना कहते हैं कि आपके लिए बिग बॉस ने एक मेला लगाया है, जिसमें कई तोहफे हैं और ये आपके घर से आए हैं। प्रोमो में शहबाज को रोते हुए दिखाया गया है, क्योंकि वे अपनी बहन शहनाज गिल को देखकर इमोशनल हो जाते हैं। शहनाज कहती हैं कि वे घर में बहुत अच्छा खेल रहे हैं और उन्हें स्क्रीन पर देखकर सभी लोग खुश हैं, लेकिन वहां से आने की जल्दी न करें, क्योंकि फिलहाल घरवाले उनको मिस नहीं कर रहे हैं। इसके बाद फरहाना की मां का मैसेज दिखाया जाता है जिसमें उनकी मां कहती हैं, 'बेटा, तुम अकेले ही बहुत अच्छा खेलती हो शेरनी हो तुम शेरनी, बस जीत के आना." मां का मैसेज सुनकर फरहाना फूट-फूट कर रोती हैं। शो का पूरा माहौल दीपावली पर इमोशनल हो जाता है।

## मल्लिका ने बढ़ाया शो 'पति पत्नी और पंगा' का पारा

**मुंबई।** मल्लिका शेरावत काफी समय से फिल्मों से दूर हैं। हाल ही में वह शो 'पति पत्नी और पंगा'में नजर आईं। इस शो में उन्हें कुछ प्रतियोगियों के साथ फ्लर्ट करते देखा गया। यूजर्स ने मल्लिका के अंदाज को लेकर सोशल मीडिया पर मजेदार रिएक्शन दिए हैं। इन दिनों टीवी पर एक रियलिटी शो 'पति पत्नी और पंगा' दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है। इस शो में कई सेलिब्रिटी कपल शामिल हैं। हाल ही में बतौर गेस्ट बॉलीवुड एक्ट्रेस मल्लिका शेरावत भी इस शो का हिस्सा बनी हैं। मल्लिका के आने से 'पति पत्नी और पंगा' का पारा बढ़ गया। मल्लिका शेरावत ने जब शो में एंट्री ली तो कुछ पुरुष प्रतियोगी उनसे फ्लर्ट करते दिखे। जब मल्लिका ने स्वरा भास्कर के पति के गालों को खींचा तो अभिषेक कुमार नाराज हो गए। इस बात पर शो के होस्ट मुनव्वर फारूखी से शिकायत करते दिखे। जब अभिषेक कुमार शिकायत कर रहे थे तो मल्लिका उनके करीब आती हैं और उनके गालों को हाथ लगा देती हैं।



# कपूर और पटौदी परिवार ने मनाई दिवाली सैफ-करीना और करिश्मा ने दिए पोज

मुंबई। त्योहारों के मौसम में कई बॉलीवुड सेलेब्स अपने-अपने तरीके से दिवाली मना रहे हैं। हाल ही में कई सितारे एक्टर रवि दुबे और सरगुन मेहता की दिवाली पार्टी में पहुंचे और अपने लुक से महफिल को रौशन किया। इसी तरह से अब बॉलीवुड के सबसे मशहूर परिवार कपूर और पटौदी परिवार ने दिवाली मनाई है।

***कपूर परिवार की दिवाली :*** सोशल मीडिया पर वायरल एक पोस्ट में देखा जा सकता है कि कपूर परिवार की महिलाओं ने दिवाली मनाई है। तस्वीर में नीतू कपूर ने नीली रंग की ड्रेस पहनी है। आलिया भट्ट ने गोल्डन साड़ी पहनी है। करीना कपूर हल्की फिरोजी ड्रेस में नजर आई हैं। वहीं, करिश्मा कपूर काले-सफेद ड्रेस में खूबसूरत लग रही हैं। एक दूसरी तस्वीर में करीना कपूर, नीतू कपूर के साथ पोज देते हुए पाउट बना रही हैं।



***पटौदी परिवार की दिवाली :*** वहीं,पटौदी परिवार की दिवाली मनाते हुए तस्वीरें सोशल मीडिया पर आई हैं। एक तस्वीर में सैफ अली खान लाल और क्रीम कलर के धोती कुर्ता में नजर आ रहे हैं। एक तरफ लाल ड्रेस में उनकी बहन सोहा अली खान हैं तो दूसरी तरफ करीना कपूर पोज दे रही हैं। इस तस्वीर में कुणाल खेमू भी नजर आ रहे हैं। एक और तस्वीर में सैफ अली खान सोहा अली खान के साथ पोज दे रहे हैं। दोनों पोस्ट को कई यूजर्स लाइक कर रहे हैं और इस पर कमेंट कर रहे हैं। ज्यादातर यूजर्स ने सेलेब्स को दिवाली की शुभकामनाएं दी हैं। कई यूजर्स ने दिल वाला इमोजी कमेंट किया है। एक यूजर ने लिखा है 'बॉलीवुड का शाही परिवार।'

***कपूर और पटौदी परिवार में नए सदस्य :*** आपको बता दें कि आलिया भट्ट की शादी कपूर परिवार में रणबीर कपूर के साथ हो गई है, इसलिए वह कपूर परिवार का हिस्सा बन गई हैं। इसी तरह से करीना कपूर की शादी पटौदी परिवार में सैफ अली खान के साथ हुई है, इसलिए वह अब पटौदी परिवार का हिस्सा हैं।

# निखिल की दिवाली पार्टी में पहुंचीं नरगिस जेनेलिया ने रितेश संग बढ़ाई रौनक

मुंबई। इन दिनों बॉलीवुड में कई दिवाली पार्टी चल रही हैं। हाल ही में फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा की दिवाली पार्टी में कई फिल्मी सितारे नजर आए। शनिवार रात फिल्ममेकर निखिल आडवाणी ने भी दिवाली पार्टी दी, इसमें रितेश, जेनेलिया और नरगिस फाखरी के अलावा कई एक्टर्स पहुंचे। निखिल आडवाणी की दिवाली पार्टी में सबसे पहले नरगिस फाखरी को देखा गया। वह ऑरेंज कलर के लहंगे में पार्टी में शामिल हुईं। पैपराजी को नरगिस ने हैप्पी दिवाली कहा। साथ ही फोटो पोज भी आराम से दिए। जेनेलिया डिसूजा ने भी दिवाली पार्टी में पति रितेश देशमुख के साथ शिरकत की है। वह सुंदर सूट-सलवार में पार्टी में आईं। रितेश ने पार्टी में एंट्री लेते वक्त जेनेलिया का हाथ थामा हुआ था। दोनों अक्सर ही फैंस के लिए क्यूट कपल गोल सेट करते हैं।



## दिवाली पर सेलेब्स 'वोकल फॉर लोकल' कैंपेन को प्रमोट करते दिखे

# माधुरी को अपनी दुकान पर देख चौंकी दुकानदार, तृप्ति ने लोकल शॉप से लिए जूते

***मुंबई।** दिवाली पर आम लोग लोकल दुकानों से शॉपिंग करते हैं, लेकिन कुछ बॉलीवुड सेलेब्स को भी ऐसा करते देखा गया। अपनी दुकान पर माधुरी दीक्षित से लेकर तृप्ति डिमरी तक को देखकर दुकानदार हैरान हो गए। सोशल मीडिया पर यह वीडियो वायरल हैं। इस पहल के जरिए सेलेब्स 'वोकल फॉर लोकल' कैंपेन को प्रमोट करते दिखे, यह भारत सरकार की दिवाली पर एक खास पहल है।*



**तृप्ति डिमरी :** अभिनेत्री तृप्ति डिमरी ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर एक वीडियो शेयर किया, इसमें वह एक लोकल दुकान से जूते खरीदती दिखीं। एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर शेयर किए गए वीडियो के साथ एक कैप्शन भी लिखा है। वह लिखती हैं, 'उन लोगों से खरीदारी करने में कुछ खास बात होती है जो आपका नाम, आपकी पसंद और आपके मूड को जानते हैं। इस दिवाली, मैं लोकल चुन रही हूं क्योंकि हर छोटी दुकान का दिल बड़ा होता है।'



**माधुरी दीक्षित :** माधुरी दीक्षित ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है। इसमें वह एक लोकल दुकानदार के साथ सेल्फी लेती हैं। वीडियो शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा है, 'दिवाली की रोशनी तभी पूरी लगती है, जब खुशी अपनों के साथ बांटी जाती है। चलो अपनी लोकल दुकान, अपने लोगों का समर्थन करें और एकता के प्रकाश को फैलाएं।'

**रुपाली गांगुली :** तृप्ति डिमरी, माधुरी दीक्षित के अलावा अभिनेत्री रुपाली गांगुली ने भी अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक वीडियो शेयर किया है। इसमें वह एक साड़ी की दुकान पर पहुंचीं। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा है, 'एक त्योहार के मौसम से दूसरे त्योहार के मौसम तक, हमारी स्थानीय दुकानें दिवाली को बेहतर बनाने में कभी असफल नहीं होतीं। इस बार खरीदेंगे वहीं से, अपनों से। चलो उत्सव मनाते हैं। चलो स्थनीय दुकानों से खरीदारी करते हैं।'





**सुनील ग्रोवर :** अभिनेता सुनील ग्रोवर एक गिफ्ट शॉप पर पहुंचे हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा है, 'दिवाली पर सब कुछ नया लेना जरूरी नहीं, बस अपने लोगों से लेना जरूरी है। लोकल दुकानों से शॉपिंग कीजिए। लोकल दुकानों को सेलिब्रेट कीजिए।'

**शंकर महादेवन :** गायक शंकर महादेवन एक मिठाई की दुकान पर पहुंचे हैं। उन्होंने इसका वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए लिखा, 'मिठाई की मिठास बढ़ जाती है, जब वह अपने शहर की लोकल दुकान से आती है। इस दिवाली वोकल फॉर लोकल के साथ अपनी खुशियों का सुर बनाएं।



# 17 साल बाद भारत की झोली में आया मेडल, तन्वी का रजत पदक के साथ सफर समाप्त

एजेंसी ▶▶| गुवाहाटी

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी तन्वी शर्मा का बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचने का सपना रविवार को महिला एकल फाइनल में थाईलैंड की अन्यापत फिचितप्रीचासक से सीधे गेम में हारकर टूट गया। यह 16 वर्षीय खिलाड़ी साइना नेहवाल और अपर्णा पोपट के नक्शेकदम पर चलते हुए टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने वाली केवल तीसरी भारतीय महिला शटलर बनी।

फाइनल में हालांकि वह अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाई और उन्हें दूसरी वरीयता प्राप्त थाई खिलाड़ी से 7-15, 12-15 से हार का सामना करना पड़ा। इस प्रकार तन्वी ने रजत पदक के साथ अपने अभियान का समापन किया, जो 17 वर्षों में विश्व जूनियर चैंपियनशिप में भारत का पहला पदक है। साइना (2008 में स्वर्ण और 2006 में रजत) और अपर्णा (1996 में रजत) इस प्रतियोगिता में पदक जीतने वाली अन्य भारतीय महिला खिलाड़ी हैं।

**विश्व जूनियर चैंपियनशिप में तन्वी से पहले साइना और अपर्णा जीत चुकी हैं मेडल**

**थाईलैंड की खिलाड़ी अन्यापत ने तन्वी को हराया**






### नेट पर आने के लिए किया मजबूर

थाई खिलाड़ी ने हालांकि तन्वी को बार-बार नेट पर आने के लिए मजबूर किया, जिससे उनकी गलतियां बढ़ गई। थाईलैंड की खिलाड़ी ने जल्द ही स्कोर 8-8 से बराबर कर दिया। थाईलैंड की खिलाड़ी इसके बाद अधिक आत्मविश्वास के साथ खेली। उन्होंने जल्द ही बढ़त हासिल की और इसे आखिर तक बरकरार रखकर मैच अपने नाम किया।

### फाइनल में मुकाबला रहा कड़ा

*फाइनल में मुकाबला शुरू से ही कड़ा रहा क्योंकि दोनों खिलाड़ी एक-दूसरे की गलतियों के कारण 2-2 से 4-4 तक बराबरी पर आ गए। थाई खिलाड़ी ने हालांकि इसके बाद भारतीय खिलाड़ी की गलतियों का फायदा उठाकर 10-5 की बढ़त बना ली और फिर इसके बाद आसानी से पहला गेम अपने नाम किया। दूसरे गेम में तन्वी ने कुछ सटीक डीप रिटर्न के साथ 6-1 की बढ़त बना ली। लेकिन फिर से उन्होंने गलतियां की, जिसका फायदा उठाकर थाई खिलाड़ी ने अंतर को 5-7 तक कम कर दिया।फिचितप्रीचासक का अगला शॉट चूक गया, जिससे तन्वी को मध्यांतर तक 8-5 की मामूली बढ़त मिल गई।*

## खबर संक्षेप



### इंडिया चैंपियनशिप के विजेता बने फ्लीटवुड

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के टॉमी फ्लीटवुड ने धैर्य और एकाग्रता की मिसाल पेश करते हुए सात अंडर 65 के शानदार कार्ड के साथ जापान के कीता नाकाजिमा (तीन अंडर 72) को दो स्ट्रोक से पछाड़कर 'डीपी वर्ल्ड इंडिया चैंपियनशिप' गोल्फ का खिताब जीत लिया। फ्लीटवुड तीसरे दौर के बाद दो शॉट से पिछड़ रहे थे लेकिन उन्होंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन आखिरी दौर के लिए बचा के रखा। था। उन्होंने दबाव में संयम दिखाते हुए कुल 266 के स्कोर के साथ खिताब अपने नाम किया। यह डीपी वर्ल्ड टूर पर फ्लीटवुड का आठवां खिताब है। यह भारत में उनकी पहली जीत है।

### रिजवान की छीन सकती है वनडे की कप्तानी

**कराची।** अनुभवी विकेटकीपर-बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान पाकिस्तान के वनडे कप्तान पद से हटाया जा सकता है। पाकिस्तान की राष्ट्रीय चयन समिति और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के सलाहकार बोर्ड की लाहौर में संयुक्त बैठक होगी, जिसमें वनडे कप्तान पर फैसला किया जा सकता है। पीसीबी ने एक बयान में पुष्टि की कि पाकिस्तान की सीमित ओवरों की टीमों के मुख्य कोच माइक हेसन ने पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी को पत्र लिखकर एकदिवसीय टीम के मामलों और कप्तानी पर चर्चा के लिए चयनकर्ताओं और सलाहकारों की बैठक बुलाने का अनुरोध किया था।

**भारत ने संघर्ष करते हुए बनाए 9 विकेट पर 136 रन**

### ऑस्ट्रेलिया ने 7 विकेट से जीता 26-26 ओवर का पहला वनडे

# भारत का वनडे में लगातार 8 मैच जीतने का सिलसिला टूटा, विराट-रोहित ने किया मायूस

*ऑस्ट्रेलिया की जीत के साथ ही भारत का वनडे में लगातार आठ मैच जीतने का सिलसिला टूट गया। इस साल यह पहली बार है जब भारत को वनडे में हार का सामना करना पड़ा है। गिल को वनडे कप्तान के तौर पर अपने पहले ही मैच में हार मिली।*

एजेंसी ▶▶| पर्थ

विराट कोहली और रोहित शर्मा की लंबे समय बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी कुल मिलाकर सिर्फ 22 गेंदों तक चली और उनके फीके प्रदर्शन का असर मैच के परिणाम पर भी दिखा, जहां ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को बारिश से प्रभावित मुकाबले में भारत पर 29 गेंद शेष रहते सात विकेट की आसान जीत दर्ज की। भारतीय पारी के दौरान लगातार बारिश की वजह से मुकाबला 26-26 ओवर का कर दिया गया था। भारत ने संघर्ष करते हुए 9 विकेट पर 136 रन बनाए लेकिन ऑस्ट्रेलिया को डकवर्थ लुइस पद्धति से जीत के लिए 131 रन का लक्ष्य मिला। टीम ने 21.1 ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया।

### कप्तान मार्श 46 रन बनाकर रहे नाबाद

लक्ष्य का पीछा करते हुए ट्रेविस हेड (आठ) ने शुरुआत में ही अर्शदीप सिंह की गेंद पर डीप थर्ड मैन पर हर्षित राणा को कैच थमा दिया। इसके बाद क्रीज पर आए मैथ्यू शॉर्ट (आठ) भी बिना कोई खास योगदान दिए पवेलियन लौट गए। कप्तान मिशेल मार्श (नाबाद 46 रन, 52 गेंद) ने जोश फिलिप (37 रन, 29 गेंद) के साथ तीसरे विकेट के लिए 55 रनों की आक्रामक अहम साझेदारी करके ऑस्ट्रेलिया का दबदबा बनाए रखा। अर्शदीप, मोहम्मद सिराज और हर्षित राणा की भारतीय तेज गेंदबाजों की तिकड़ी ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाजों जैसा नियंत्रण नहीं दिखा पाई। इन गेंदबाजों ने मेजबान टीम को आसानी से रन बनाने के मौके दिए।

### भारतीय टीम लय हासिल करने में नाकाम

भारतीय टीम अपनी पारी की शुरुआत से ही किसी तरह की लय हासिल करने में नाकाम रही। बारिश के कारण कई बार खेल रुकने से स्थिति और मुश्किल हो गयी। लोकेश राहुल (30 गेंद में 38 रन) को छोड़कर कोई भी बल्लेबाज सहज नहीं दिखा। ऑस्ट्रेलिया ने बादलों की आंख-मिचौली के बीच तेज गेंदबाजों की मददगार ऑप्टस स्टेडियम में पहले गेंदबाजी का फैसला किया, जो सही साबित हुआ।

### 550 मैच खेलने वाले 5वें भारतीय बने रोहित

*रोहित अब अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 500 मैच खेलने वाले विश्व के कुल 11वें खिलाड़ी बने हैं। भारतीय खिलाड़ियों की बात करें तो वह इस आंकड़े को छूने वाले 5वें खिलाड़ी बने हैं। भारतीय खिलाड़ियों में रोहित केवल सचिन तेंदुलकर (664), कोहली (551), महेंद्र सिंह धोनी (535) और राहुल द्रविड़ (504) से पीछे हैं। बता दें कि रोहित ने 2007 में अपने करियर की शुरुआत की थी।*




### ऑस्ट्रेलिया में पहली बार शून्य पर आउट हुए कोहली

नंबर-3 पर बल्लेबाजी के लिए क्रीज पर उतरे कोहली अपना खाता खोलने के लिए भी संघर्ष करते हुए नजर आए। ऑस्ट्रेलिया के प्रमुख तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क की बाहर की गेंद पर ड्राइव लगाने के प्रयास में पॉइंट में कैच दे बैठे। युवा कूपर कोनोली ने बाएं छोर पर डाइव लगाते हुए कोहली का बेहतरीन कैच पकड़ा। वनडे में कोहली ऑस्ट्रेलिया में 1,327 रन बनाने के बाद पहली बार शून्य पर आउट हुए हैं।

### मिचेल स्टार्क ने फेंकी 171.5 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद

भारत के खिलाफ मैच में पहला ओवर मिचेल स्टार्क ने फेंका और ओवर की पहली गेंद रोहित शर्मा ने खेली, जिस पर उन्होंने एक रन बनाया। लेकिन इस पहली गेंद ने स्टार्क को सुर्खियों में ला दिया, क्योंकि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कई लोगों ने दावा किया कि स्टार्क ने पहली गेंद 171.5 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से फेंकी है। लेकिन ये दावा गलत है तकनीकी खराबी की वजह से ऐसा दिखाया गया था। दरअसल स्टार्क ने पहली गेंद 140.8**kph** की रफ्तार से फेंकी थी, जिसकी पुष्टि क्रिकबज ने भी की है।

*जोरदार तालियों से हुआ कोहली का स्वागत : कोहली का स्वागत स्टेडियम में और भी जोरदार तालियों से हुआ, लेकिन वह एक बार फिर अपनी पुरानी कमजोरी का शिकार बने। स्टार्क की बाहर निकलती गेंद पर ड्राइव लगाने की कोशिश में गेंद बल्ले का बाहरी किनारा लेकर बैकवर्ड प्वाइंट की दिशा में गई और कूपर कोनोली ने शानदार कैच पकड़ उनकी आठ गेंद की पारी को खत्म किया। कोहली पहली बार ऑस्ट्रेलिया में खाता खोले बगैर पवेलियन लौटे।*

*अक्षर और राहुल ने की 39 रन की साझेदारी : अक्षर पटेल (31) और राहुल ने पांचवें विकेट के लिए 39 रन की साझेदारी कर मैच में टीम की वापसी करने की कोशिश की लेकिन मैथ्यू कुहनेमैन ने अक्षर को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ दिया।*

## स्कोर बोर्ड

| भारत स्कोर | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रोहित का रेनशॉ बो हेजलवुड | 08 | 14 | 0 | 1 |
| गिल का फिलिप्स बो एलिस | 10 | 18 | 2 | 0 |
| कोहली का कोनोली बो स्टार्क | 00 | 8 | 0 | 0 |
| अय्यर का फिलिप्स बो हेजलवुड | 11 | 24 | 1 | 0 |
| पटेल का रेनशॉ बओ कुहनेमैन | 31 | 38 | 3 | 0 |
| राहुल का रेनशॉ बो ओवेन | 38 | 31 | 2 | 2 |
| सुंदर बो कुहनेमैन | 10 | 10 | 1 | 0 |
| रेड्डी नाबाद | 19 | 11 | 0 | 2 |
| राणा का फिलिप्स बो ओवेन | 01 | 2 | 0 | 0 |
| अर्शदीप सिंह रन आउट | 00 | 0 | 0 | 0 |
| सिराज नाबाद | 00 | 0 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त 08**

**कुल योग: 26 ओवर में 9विकेट पर 136 रन**

**गेंदबाजी:** स्टार्क 6-1-22-1, हेजलवुड 7-2-20-2, एलिस 5-1-29-1, ओवेन 3-0-20-2, कुहनेमैन 4-0-26-2, शॉर्ट 1-0-17-0.

| ऑस्ट्रेलिया स्कोर | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| मिचेल मार्श नाबाद | 46 | 52 | 2 | 3 |
| हेड का राणा बो अर्शदीप | 08 | 5 | 2 | 0 |
| शॉर्ट का रोहित बो अक्षर | 08 | 17 | 1 | 0 |
| फिलिप का अर्शदीप बो वाशिंगटन | 37 | 29 | 3 | 2 |
| मैट रेनशॉ नाबाद | 21 | 24 | 1 | 1 |

**अतिरिक्त: 11**

**कुल योग: 21.1 ओवर में तीन विकेट पर 131 रन**

**गेंदबाजी:** सिराज 4-1-21-0, अर्शदीप 5-0-31-1, राणा 4-0-27-0, अक्षर 4-0-19-1, रेड्डी 2.1-0-16-0, वाशिंगटन 2-0-14-1.

### रोहित की पारी 14 गेंद तक ही चली

रोहित शर्मा (आठ रन) नए कप्तान शुभमन गिल के साथ क्रीज पर आए तो स्टेडियम में मौजूद दर्शकों जोरदार स्वागत किया, लेकिन उनकी पारी सिर्फ 14 गेंद ही चली। रोहित ने मिशेल स्टार्क के खिलाफ एक शानदार स्ट्रेट ड्राइव खेल अपने सुनहरे दिनों की झलक दिखाई लेकिन उनकी पारी में यह आत्मविश्वास से जड़ा गया इकलौता शॉट साबित हुआ। वह जोश हेजलवुड की अतिरिक्त उछाल वाली गेंद से सामंजस्य बिठाने में नाकाम रहे और गेंद उनके बल्ले को छूती हुई दूसरी स्लिप में रेनशॉ के हाथों में चली गई।

## मैच में किया प्रतिस्पर्धी प्रदर्शन : कप्तान गिल



एजेंसी ▶▶| पर्थ

कप्तान शुभमन गिल ने स्वीकार किया कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले वनडे में शुरुआती तीन झटकों के बाद वापसी करना उनकी टीम के लिए आसान नहीं था लेकिन उन्होंने मैच में प्रतिस्पर्धी प्रदर्शन किया। भारत ने पावरप्ले के ओवरों में सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा और गिल के अलावा अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली के विकेट गंवाए, जिससे मेहमान टीम कभी उबर नहीं पाई और बारिश से बाधित मैच में सात विकेट से हार गई। गिल ने मैच के बाद कहा, 'जब आप पावरप्ले में तीन विकेट गंवाते हैं तो यह कभी भी आसान नहीं होता। आप हमेशा वापसी करने की कोशिश करते हैं। इस मैच से बहुत कुछ सीखने को मिला।' कोहली (शून्य) और शर्मा (आठ) की वापसी केवल 22 गेंद तक ही रही, जिससे भारत का स्कोर नौवें ओवर में तीन विकेट पर 25 रन हो गया। लेकिन गिल ने कहा कि भारत ने ऑस्ट्रेलिया को आसानी से जीत दर्ज नहीं करने दी। गिल ने कहा, '26 ओवरों में 130 रन का बचाव करते हुए हम मैच को काफी गहराई तक ले गए इसलिए हम इससे संतुष्ट हैं।' उन्होंने कहा कि स्टेडियमों में प्रशंसकों की भारी भीड़ टीम को सीमित ओवरों के दौरे पर प्रेरित करेगी। गिल ने कहा, 'हम भाग्यशाली हैं कि हम जहां भी खेलते हैं, प्रशंसक भारी संख्या में आते हैं। उम्मीद है कि वे एडिलेड में भी हमारा उत्साहवर्धन करेंगे।'

### भारत मजबूत वापसी करेगा: कुहनेमन

**पर्थ।** ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को बारिश से बाधित पहले वनडे में की सात विकेट से जीत दर्ज लेकिन स्पिनर मैथ्यू कुहनेमन का मानना है कि दौरे के पहले मैच में हार के बाद भारत जोरदार वापसी करेगा। यह पूछे जाने पर कि क्या यह एक बाहरी मैच जैसा लगा और क्या ऑस्ट्रेलिया ने दर्शकों को शांत कर दिया तो कुहनेमन ने कहा, 'हां, खासकर जब आप ऐसी टीम के खिलाफ खेलते हैं, जिसके सभी बल्लेबाज विश्व स्तरीय और खेल के दिग्गज हैं। इसलिए शुरुआत में विकेट लेना बहुत बड़ा अंतर पैदा करता है। हालांकि कुहनेमन ने श्रृंखला के पहले मैच में मिली करारी हार के बाद भारत की जोरदार वापसी का समर्थन किया।

## लेयला ने अपने कॅरियर का पांचवां खिताब जीता




एजेंसी ▶▶| ओसाका

लेयला फर्नांडीज ने डब्ल्यूटीए जापान ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में 18 वर्षीय क्वालीफायर टेरेजा वैलेंटोवा को 6-0, 5-7, 6-3 से हराकर अपने करियर का पांचवां खिताब जीता। अपने करियर के आठवें फाइनल में खेलते हुए फर्नांडीज ने पहला सेट 29 मिनट में जीत लिया। वैलेंटोवा ने दूसरे सेट के 12वें गेम में फर्नांडीज की सर्विस तोड़कर मैच को बराबरी पर ला दिया।

निर्णायक सेट में 27वीं रैंकिंग की खिलाड़ी फर्नांडीज ने चौथे गेम में महत्वपूर्ण ब्रेक प्वाइंट हासिल किया और चेक गणराज्य की खिलाड़ी की चुनौती से पार पाकर जुलाई में डब्ल्यूटीए 500 डीसी ओपन जीतने के बाद सत्र का अपना दूसरा खिताब जीता।

## आस्ट्रेलिया के आक्रामक माहौल ने ली परीक्षा : विराट कोहली

एजेंसी ▶▶| पर्थ



विराट कोहली ने स्वीकार किया कि आस्ट्रेलिया में क्रिकेट को लेकर आक्रामक माहौल ने उनकी क्षमता की परीक्षा ली लेकिन उनका मानना है कि इस माहौल में डटे रहकर साहसिक क्रिकेट खेलने से उन्हें मानसिक रूप से मजबूत क्रिकेटर बनने में मदद मिली और इससे उनके करियर को नई दिशा मिली।

कोहली ने पहली बार 2011 में ऑस्ट्रेलिया का दौरा किया था और उन्हें ऑस्ट्रेलियाई दर्शकों से आक्रामक स्वागत का सामना करना पड़ा था, लेकिन उनका मानना है कि यह आक्रामकता धीरे-धीरे सम्मान में बदल गई। कोहली ने कहा, 'बचपन में जब हम सुबह जल्दी उठकर ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट क्रिकेट देखते थे तो मैं खुद को उनके सामने रखकर सोचता था कि अगर मैं इन परिस्थितियों में और इस विरोधी टीम के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन कर पाया तो एक क्रिकेटर के तौर पर मुझे इस पर गर्व होगा। दोनों टीमों के महान खिलाड़ियों को खेलते देखना मेरे लिए प्रेरणास्रोत रहा। सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़, यहां तक कि वीरेंद्र सहवाग जैसे खिलाड़ी, जिनसे मैं सचमुच प्रभावित रहा हूं।

## एमएलएस में मेस्सी ने मारी दूसरी हैट्रिक, इंटर मियामी जीता ...



*__नैशविले।__ दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी ने मेजर सॉकर लीग (एमएलएस) में अपने करियर की दूसरी हैट्रिक बनाई, जिससे इंटर मियामी ने नैशविले एससी पर 5-2 से जीत हासिल की। मेस्सी एमएलएस के वर्तमान सत्र में अभी तक 29 गोल कर चुके हैं और वह इस टूर्नामेंट में सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी हैं। पिछली बार उन्होंने इंटर मियामी की न्यू इंग्लैंड रेवोल्यूशन पर 6-2 की जीत में हैट्रिक बनाई थी।*

### महिला वनडे विश्व कप में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाई श्रीलंका टीम

# पहली जीत की तलाश में श्रीलंका, आज बांग्लादेश से भिड़ंत

एजेंसी ▶▶| नवी मुंबई

श्रीलंका की टीम महिला वनडे विश्व कप में अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाई है और सोमवार को जब उसका सामना बांग्लादेश से होगा तो उसका लक्ष्य टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज करना होगा।

बांग्लादेश की तरह श्रीलंका के खाते में भी दो अंक हैं, लेकिन दोनों ही अंक उसे बारिश के कारण रद्द हुए मैचों में मिले हैं। श्रीलंका को अभी तक पांच मैच में से तीन मैच में हार का सामना करना पड़ा है और वह आठ टीमों की प्रतियोगिता में सातवें स्थान पर है। बांग्लादेश ने थोड़ा बेहतर प्रदर्शन किया है। उसने पाकिस्तान को हराकर अपना खाता खोला था लेकिन दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड जैसी मजबूत टीमों को कड़ी चुनौती देने के बावजूद उसे हार का सामना करना पड़ा था। श्रीलंका और बांग्लादेश दोनों की ही सेमीफाइनल में पहुंचने की राह बेहद मुश्किल हो गई है। उन्हें अपनी उम्मीदों को जीवंत रखने के लिए न सिर्फ अपने बाकी बचे दोनों मैच जीतने होंगे बल्कि अन्य मैच के परिणाम भी अपने अनुकूल रहने के लिए प्रार्थना करनी होगी।

### बांग्लादेश का बेहतर प्रदर्शन, पाकिस्तान पर दर्ज की थी जीत

### श्रीलंका नहीं उठा पाया घरेलू मैदान का फायदा

लगातार बारिश के कारण चमारी अटापट्टू की टीम के लिए घरेलू मैदान का फायदा उठाने की कोई संभावना नहीं रही। हालांकि यहां बारिश का कोई खतरा नहीं है, लेकिन दिन-रात के मैच के दौरान मौसम गर्म और आर्द्र रहेगा। यह डीवाई पाटिल स्टेडियम में होने वाला पहला मैच होगा, जिसमें एक सेमीफाइनल सहित इस टूर्नामेंट के चार मैचों की पुष्टि हो चुकी है। श्रीलंका अपना अंतिम मैच कोलंबो में पाकिस्तान के खिलाफ खेलेगा।



### बांग्लादेश को जीतने होंगे दो मैच

इसी तरह बांग्लादेश को श्रीलंका और भारत के खिलाफ अपने शेष दो मैच जीतने होंगे। यही नहीं उसे इंग्लैंड की भारत और न्यूजीलैंड के खिलाफ जीत के लिए दुआ भी करनी होगी। बांग्लादेश को लगेगा कि विभिन्न विभागों में उनके प्रदर्शन के आधार पर वे श्रीलंका से बेहतर स्थिति में हैं, लेकिन फिर भी क्षेत्ररक्षण एक ऐसा क्षेत्र है, जिसमें निगार सुल्ताना की अगुवाई वाली टीम को महत्वपूर्ण सुधार करने होंगे।

### टीमें इस प्रकार

*बांग्लादेश : निगार सुल्ताना (कप्तान और विकेटकीपर), फरगना हक, शोभना मोस्तरी, रुब्या हैदर, शर्मिन अख्तर, राबेया खान, रितु मोनी, शोर्ना अख्तर, सुमैया अख्तर, फाहिमा खातून, फरिहा त्रिस्ना, मारुफा अख्तर, नाहिदा अख्तर, निशिता अख्तर निशि, संजीदा अख्तर मेघला।*

*श्रीलंका : चमारी अटापट्टू (कप्तान), अनुष्का संजीवनी (उपकप्तान और विकेटकीपर), इमेशा दुलानी, विशमी गुणरत्ने, हासिनी परेरा, हर्षिता समाराविक्रमा, नीलाक्षिका सिल्वा, कविशा दिलहारी, पिउमी वाथसाला, देवमी विहंगा, अचिनी कुलसुरिया, सुगंधिका कुमारी, मल्की मदारा, उदेशिका प्रबोधनी, इनोका राणावीरा।*




India's First 5 Year Warranty *Conditions apply

Hero GoodLife पाएं जीतने का मौका 100% कैशबैक | 24 कैरट सोने का सिक्का और कई अन्य सुनिश्चित लाभ*

Additional offers on: Flipkart amazon.in

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorized outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ~Offer amount and combination of offer may vary for model/variant and states and it is applicable on select models only, for a limited time period or till stock lasts. $Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs, Available at select dealerships. ^T&C apply, Offer available only on limited stores. *Limited period offer, T&C apply. As per cumulative dispatch numbers till August 2025. #Ex-showroom price of Splendor+ and HF Deluxe in Madhya Pradesh.

TOLL FREE 1800 266 0018

अधिकृत डीलरः भोपाल: वरेण्यम हीरो (प्रभात पेट्रोल पंप, रायसेन रोड 9289922466, जे.के. रोड 8959905381), साँई हीरो (डी.आई.जी. बंगला, बैरसिया रोड) 9289922685, यूनाईटेड हीरो (कोहेफिज़ा) 9289923150, बैतूल: खण्डेलवाल हीरो 9289922624, सीहोर: मंत्री हीरो (कन्हैयालाल मंत्री पेट्रोल पंप, इंदौर नाका) 9522257567, ब्यावरा: आनंद हीरो 9289922871, गुना: गगन हीरो 9289922358, अशोक नगर: आरव हीरो 9821743269, होशंगाबाद: पुण्यशिला हीरो 9289922360, हरदा: राहुल हीरो 9289922491, विदिशा: पाल हीरो 9289922379, दमोह: इण्डिया ऑटो हीरो 9289922573, सागर: सेन्ट्रल हीरो (भगवानगंज, मक्रोनिया) 9289922376, टीकमगढ़: आनंद हीरो 9289923112, छतरपुर: आनंद हीरो (झाँसी रोड 9289922374, पन्ना रोड 7389238472), ग्वालियर: तनुष्का हीरो (सिटी सेन्टर 9289922371, मुरार 4099928, कम्पू 4072000), तरन अंगद हीरो (फूलबाग 9289922483, सखियाँ विलास 2438534), भिण्ड: शिवम हीरो 9289922787, दतिया: शिव हीरो 9289923172, मुरैना: गगन हीरो 9289922678, श्योपुर: आशीष हीरो 9289922832, शिवपुरी: रघुवंशी हीरो 9289922571, इंदौर: पटवा अभिकरन हीरो (पलासिया स्क्वायर) 9289922352, वी.एन. हीरो (एयरपोर्ट रोड) 9289923061, सुखमणी हीरो (अन्नपूर्णा रोड) 9289922719, संस्कार हीरो (विजय नगर) 9289922824, सपना संगीता हीरो (भवरकुआँ) 9289923211, बड़वानी: शर्मा हीरो 9289922742, बुरहानपुर: श्रीजी हीरो 9289922372, देवास: खुराना हीरो (ए.बी. रोड 9289922488, गंगानगर 9993596392), धार: साक्षी हीरो 9289922618, हाट पिपलिया: श्रीराम हीरो 9289923154, झाबुआ: नाकोड़ा हीरो 9289922679, कुक्षी: अन्नपूर्णा हीरो 9289922749, खण्डवा: ठक्कर हीरो 9289923018, खरगोन: निमाड़ हीरो 9289922378, महू: लक्ष हीरो 9289923176, पीथमपुर: रघुवंशी हीरो 9289923047, सनावद: राजेश हीरो 9289922774, एसोशिएट डीलर: आष्टा: श्री रघुवीर मोटर्स 9893018553, 7428594671, बगदोना: आर्यन्स इन्टरप्राईज़ेज 7428594665, बरेली: श्री सूर्योदय हीरो 9826832251, 9098960970, भोपाल: मानिक मोटर्स 8827379110, मंडीदीप: सोनी मोटर्स, 9179461211, 8962143877, बंडा: श्रुति मोटर्स, 7879573737, नसरुल्लागंज: जीवन मोटर्स 9977926838, गंजबासोदा: ध्रुव इन्टरप्राइज़ेज 9826867673, इटारसी: रेवा मोटर्स 9425630406, जतारा: शारदा माँ ऑटोमोबाईल 9111231539, करेरा: आदित्यसागर इन्टरप्राईज़ेज 9425436890, 7428492559, पिपरिया: राज मोटर्स 7576454997, नरसिंहगढ़: गुरूकृपा मोटर्स 9303416007, 7428595910, पचोर: प्रिंस ऑटोमोबाईल्स 9755131010, रायसेन: युवराज मोटर्स 7828500001, 7428595899, बीना: राहुल ऑटोमोबाईल्स 9893494971, टीकमगढ़: एस.एस. इन्टरप्राइज़ेज 7000242371, खरगापुर: हरिओम ऑटोमोबाईल्स 9993267954, राघोगढ़: बृजेश इंटरप्राइजेज 7999006113, श्यामपुर : गोपी मोटर्स 9111009671, लटेरी: श्याम हीरो 7748890061, जामनेर: अरूण सेल्स एंड सर्विस 9893626185, सिरोंज: प्रिया एंटरप्राइज, 9425344557, सिराली: भायरे मोटर्स, 9981247007, टिमरनी: गंगोत्री मोटर्स, 9755101902, अम्बाह: उमा ऑटोमोबाईल्स 9329683351, डबरा: दुर्गा एजेन्सी 9926746001, पिछोर: दशमेश ऑटोमोबाइल्स 9425490424, सबलगढ़: शिवम मोटर्स 9893085461, कोलारस: भूपेंद्र इंटरप्राइजेज 9425769569, बैराड़: लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स 9893075206, बदरवास: बालाजी इंटरप्राइजेज 9893670277, गोहद: ओम साईं मोटर्स 8358994876, लहार: लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स सर्विस 9770444999, अलीराजपुर: विजय ऑटोमोबाईल्स 9993912143 अंजड़: न्यू निमाड़ मोटर्स 7428295058, बदनावर: नज़्मी ऑटोमोबाईल्स 9111841851, बेड़िया: कृष्णा मोटर्स 7428494667, बामनियां: अनुश्री ऑटोमोबाईल्स 9630703344, छनेरा: गुरुनानक मोटर्स 7428390286, बेटमा: अंकित ऑटोमोबाईल्स 9826460777, धामनोद: अमृत ऑटोमोबाईल्स 9425088316, इंदौर: क्वालिटी ऑटोमोबाईल्स 8602295522, मुंडी: अभिषेक मोटर्स 7428390273, पानसेमल: हीरा ऑटोमोबाईल्स 7428494666, पेटलावद: भंडारी अभिकरन 9977287143, धरमपुरी: कृष्णा ऑटोमोबाइल 9993906745, राऊ: अवनि ऑटोमोबाईल्स 9826906983, सेंधवा: डीलक्स मोटर्स 7428295060, निवाली : श्री वल्लभ मोटर्स, 9893501517, नागदा: कांठेड़ ऑटोमोबाईल्स 9111141177, पुंजापुरा: पटेल मोटर्स 9755567226, सतवास: शिवम मोटर्स 9826088351, सिंघोट: आकाश मोटर्स 7428494665, सोनकच्छ: भारत मोटर्स 9826607753, घाटाबिल्लौद: लक्ष्मी मोटर्स 9826524005, खाचरोद: जय गणेश ऑटोमोबाईल्स 8305827074, मांगलिया: श्री साई मोटर्स 8962460729, 8889415553, जौरा: विजयानंद मोटर्स 9754451762, राणापुर: सिद्ध शीला ऑटोमोबाइल्स, 8770264612, जोबट: धारा ऑटोमोबाइल्स, 9615908908, सोंडवा: राज ऑटोमोबाइल्स, 9754260982, क्षिप्रा: श्री शिव हरि मोटर्स, 7771088838, सुखलिया इंदौर: आर्यन मोटर्स, 9399928958, कांटाफोड़: रुखमणी मोटर्स, 9993048891, नीलबड़: महाकाल मोटर्स, 9586778889, तीन इमली: न्यू गीतांजलि मोटर्स, 6267121700, नेहरु नगर, भोपाल: रुद्र एंटरप्राइजेज, 9039011650,51,52,53, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) गुना: गगन हीरो 9289922358, विदिशा: पाल हीरो 9289922379, भिण्ड: शिवम् मोटर्स 9289922787, पीथमपुर: रघुवंशी हीरो 9289923047, छनेरा: गुरुनानक मोटर्स 7428390286, सारंगी: श्री मोटर्स, 9340927342.